

17:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 047 epaper.rashtriyakhabar.com फाल्गुन, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

दुर्जनं सज्जानं कर्तुमुपायो न हि भूतले।
अपानं शतधा धौतं न श्रेष्ठमिन्द्रियं भवेत्॥

भावार्थ : इस संसार में ऐसा कोई उपाय नहीं, जिससे दुर्जन व्यक्ति को सज्जन बनाया जा सके, बिलकुल उसी तरह जिस प्रकार गुदा को चाहे सैकड़ों प्रकार से और सैकड़ों बार धाया जाए फिर भी वह श्रेष्ठ अंग नहीं बन सकती।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 13.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.45 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.20 बजे

### एपीजे अब्दुल कलाम प्रक्षेपण यान 19 फरवरी को भरेगा उड़ान

चेन्नई: देशभर के कक्षा 06 से 12 तक के 5000 छात्रों द्वारा बनाये गये 150 पीआईसीओ उपग्रहों को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम उपग्रह प्रक्षेपण यान 19 फरवरी को उड़ान भरेगा। इस अभियान में मार्टिन फाउंडेशन ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन (एकेआईएफ) और स्पेस जोन इंडिया के साथ मिलकर काम किया है। इसे तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के एक गांव पट्टीपुलम से साउंडिंग रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा । एकेआईएफ की स्थापना पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ अब्दुल कलाम के पौत्रों ने की थी। देश भर के कक्षा छठी से बारहवीं तक के 5,000 से अधिक छात्रों ने इन पीआईसीओ उपग्रहों को बनाने में सहयोग किया है जिन्हें साउंडिंग रॉकेट से लॉंच किया जायेगा।

### मोदी ने राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव आदि महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री मोदी ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का दौरा किया। उन्होंने जनजातीय कारीगरों के साथ बातचीत की और उनके हथकरघा, हस्तशिल्प और जनजातीय उत्पादों को देखा। राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का उद्देश्य देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित करना होगा।

### गोलियों की आवाज पर तलाश अभियान

**श्रीनगर:** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में गुरुवार सुबह गोलियों की आवाज सुनायी देने पर सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर, तलाश अभियान शुरू कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शहर के कमरवारी इलाके में गोली चलने की कुछ आवाजें सुनाई दी गयीं, जिसके बाद सुरक्षा बलों की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू किया है। पुलिस ने ट्वीट किया, फिलहाल कोई भी हताहत नहीं हुआ है। इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया गया है।

### वसुंधर राजे 17 फरवरी को तीर्थराज पुष्कर आएगी

**अजमेर:** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व तीर्थराज पुष्कर आएंगी। पुष्ट जानकारी के मुताबिक श्रीमती राजे ग्वालियर राजघराने के अपने पुष्कर सरोवर स्थित पुश्तैनी ग्वालियर घाट पर पूजा अर्चना करेंगी और जगतपिता ब्रहमा मंदिर पहुंचकर भगवान ब्रहमा जी के दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगी। नगर पालिका पुष्कर के अध्यक्ष कमल पाठक के नेतृत्व में राजे के स्वागत की तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि राजे ब्यावर से 17 फरवरी को सायं चार बजे पुष्कर पहुंचेगी और सीधे पवित्र पुष्कर सरोवर के ग्वालियर घाट पहुंचेगी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

## संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक बदलाव के बारे में बड़े खतरे की चेतावनी दी

# भारत के तटीय महानगरों के लिए भी बढ़ गया खतरा

- मुंबई और चेन्नई का तत्काल संकट होगा
- जलस्तर बढ़ने से डूब जाएंगे अनेक इलाके
- करोड़ों लोगों को अपना घर छोड़ना होगा

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंबई:** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट की वजह से भारत से वैसे महानगरों पर खतरा बढ़ गया है, जो समुद्र के किनारे स्थित हैं। इनमें मुंबई भी शामिल है और चेन्नई भी इस संभावित खतरे की जद मे तत्काल आ सकता है। देश के तीसरे महानगर कोलकाता भी बाद में इस संकट का सामना कर सकता है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट किसी बहुत बड़े खतरे की भविष्यवाणी हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस पर चिंता व्यक्त की। एंटोनियो ने कहा कि समुद्र के स्तर में वृद्धि का मुंबई और न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जलवायु संकट समुद्र के स्तर में वृद्धि का मुख्य कारण है। एंटोनियो ने कहा, समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण



मानवता का भविष्य भी अंधेरे में डूब रहा है। समुद्र का स्तर बढ़ना ही एकमात्र खतरा नहीं है। यह कई अन्य खतरे भी लाता है। दुनिया भर के तटीय क्षेत्रों में करोडों लोग रहते हैं। उनके जीवन पर तथा ठिकाने पर यह खतरा मंडराने लगा है। एंटोनियो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समुद्र के स्तर में वृद्धि पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्र का बढ़ता स्तर न केवल कुछ क्षेत्रों के लिए बल्कि कई देशों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। उनका दावा है कि वैश्विक समुद्र का स्तर 1900 के बाद से पिछले तीन हजार वर्षों की तुलना में तेजी से बढ़ा है। पिछले 11,000 वर्षों की तुलना में पिछले 100 वर्षों में समुद्र के तापमान में भी काफी वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए गुटेरेस ने कहा कि भले ही वैश्विक औसत तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री तक सीमित हो, समुद्र का स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा, अगर तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी होती है तो समुद्र का स्तर दोगुना हो सकता है। समुद्र का स्तर बढ़ने पर बांग्लादेश, चीन, भारत और नीदरलैंड जैसे देशों को खतरा होगा। हर महाद्वीप पर प्रमुख तटीय शहर- काहिरा, लागोस, मापुटो, बैंकॉक, ढाका, जकार्ता, मुंबई, शंघाई,

›› पेज 2 भी देखें

**मतदान** › मामूली घटनाओं को छोड़कर त्रिपुरा विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण

# सभी दलों की अपनी अपनी जीत के दावे

- सुबह मतदान की गति थोड़ी धीमी रही
- समय पार होने के बाद भी कतार लगी थी
- चुनाव अधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव की बात कही

**राष्ट्रीय खबर**

**अगरतला:** त्रिपुरा के विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस दौरान शाम पांच बजे तक 77 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है। वैसे इस आधिकारिक सूचना के साथ ही यह भी बताया गया है कि उस वक्त भी मतदान केंद्रों के अंदर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। सुबह में मतदान की धीमी शुरूआत के बाद भी दिन चढ़ने के साथ साथ मतदान की गति तेज होती चली गयी। अधिक मतदान की वजह से विरोधी पक्ष उत्साहित है जबकि भाजपा का दावा है कि वह पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। इसके बीच ही यह स्पष्ट हो गया है कि इस बार के चुनाव में स्थानीयता का मुद्दा सर चढ़कर बोल रहा है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी जी किरणकुमार दीनाकर राव ने कहा कि इसकी सारी व्यवस्था ठीक ठाक रही है। और जिन 28 इलाकों को

›› पेज 2 भी देखें



### सत्तारूढ़ भाजपा 55 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी मैदान में उतरी है

सत्तारूढ़ भाजपा 55 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी मैदान में उतरी है, जबकि उसके गठबंधन सहयोगी इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है, क्योंकि अम्पीनगर में वह किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। एक दूसरे के धुर विरोधी वाम मोर्चा और कांग्रेस ने इस चुनाव में गठबंधन किया है। वाम मोर्चा के मुख्य घटक माकपा ने 43 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारें हैं, उसके अन्य सहयोगी भाकपा, फॉरवर्ड ब्लॉक और आरएसपी एक-एक सीट पर मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस को 13 सीटें आवंटित की गई हैं। रामनगर में एलएफ और कांग्रेस दोनों एक स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर उतरे हैं। एक मशहूर अधिवक्ता एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता पुरुषोत्तम रे बर्मन को अपना समर्थन दे रहे हैं। शाही वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मन के नेतृत्व वाले आदिवासी संगठन टिपरा मोथा ने 42 सीटों पर उम्मीदवार उतारें हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य में चुनावी दौड़ में 58 निर्दलीय और 20 महिला प्रत्याशी भी अपना भाग्य अजमा रही हैं। राज्य में शाम चार बजे तक मतदान होगा और चुनाव के नतीजे दो मार्च को आएंगे।

वहां के अलगाववादी लड़ाकों ने तस्वीरों की एक श्रृंखला जारी की है

## न्यूजीलैंड का पायलट विद्रोहियों के चंगुल में है



**राष्ट्रीय खबर**

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में न्यूजीलैंड का एक पायलट विद्रोहियों की कैद में है। वहां के अलगाववादी लड़ाकों ने तस्वीरों की एक श्रृंखला जारी की है जिसमें न्यूजीलैंड के एक पायलट को दिखाया गया है जिसे एक सप्ताह से अधिक समय पहले बंधक बना लिया गया था। मंगलवार को जारी तस्वीरों में पायलट को दिखाया गया है, जिसकी पहचान स्थानीय पुलिस ने फिलिप मेहरटेन्स के रूप में की है, जो बंदूक, धनुष और तीर और अन्य हथियार पकड़े हुए लड़ाकों के एक समूह के बीच पूरी तरह से कपड़े पहने और स्पष्ट रूप से हथियारबंद हैं। वेस्ट पापुआ नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीपीएनपीबी) ने जिम्मेदारी का दावा करते हुए और कहा कि मेहरटेंस को पिछले हफ्ते नडुगा रीजेंसी के सुदूर हाइलैंड्स में पारो हवाई अड्डे पर एक वाणिज्यिक सूसी एयर चार्टर उड़ान भरने के बाद पकड़ा गया था। इन हथियारबंद विद्रोहियों ने यह भी कहा है कि उनलोगों ने उसके विमान को जला भी दिया है। इस समूह ने पहले मांग की थी कि पारो हवाई अड्डे पर आने वाली सभी उड़ानें रोक दी जाएं और कहा कि पायलट को तब तक रिहा नहीं किया जाएगा जब तक कि इंडोनेशियाई सरकार पापुआन की स्वतंत्रता को स्वीकार नहीं कर लेती।

टीपीएनपीबी ने अपनी स्थिति को दोहराते हुए

पूर्वोत्तर के राज्य सिक्किम को आर्टिकल 371ए के तहत विशेष दर्जा

## वहां के लोगों को नहीं देना होता इनकम टैक्स

- पैन कार्ड के मामले में भी मिलती है छूट
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मिली है छूट
- भारत में विलय के बाद से जारी है प्रावधान

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** वित्त मंत्री निर्मला मे सीतारमण ने साल 2023 के यूनियन बजट में सबसे बड़ी राहत टैक्सपेयर्स को दी थी। वित्त मंत्री ने बजट 2023 के दौरान एलान करते हुए सात लाख रुपये सालाना इनकम वालों को टैक्स के दायरे से बाहर कर दिया था।



हालांकि इसका फायदा केवल नए टैक्स रिजीम को चुन ने वालों को ही मिलेगा। भारत में हर उस व्यक्ति को इनकम टैक्स देना पड़ता है जिसकी इनकम एक तय सीमा से

›› पेज 2 भी देखें

### सिक्किम खूबसूरती के लिए देश और दुनिया में जाना जाता है

पुराने टैक्स रिजीम के मुताबिक 5 लाख रुपये की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। वहीं नई टैक्स रिजीम के मुताबिक 7 लाख रुपये की इनकम पर टैक्स छूट का लाभ मिलेगा। इन सभी के बीच देश का एक राज्य ऐसा भी है जहां लोगों को एक रुपये भी इनकम टैक्स के रूप में नहीं देना पड़ता है। जिस राज्य के लोगों को इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है उस राज्य का नाम है सिक्किम. देश के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित सिक्किम राज्य अपनी खूबसूरती के लिए देश और दुनिया में जाना जाता है इस राज्य के लोगों को टैक्स न देने की छूट मिली हुई है। खास बात ये है कि इस राज्य के 95 फीसदी लोगों को 1 रुपये भी इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है। इसका कारण ये है कि राज्य के भारत संघ में विलय के वक्त भारत सरकार ने राज्य के लोगों को टैक्स देने से छूट की सुविधा दी थी। राज्य को आर्टिकल 371ए के तहत एक विशेष राज्य का दर्जा मिला है। इस कारण इस राज्य में दूसरे प्रदेश के लोग प्रॉपर्टी भी नहीं खरीद सकते हैं।

## एक पुलिस शिकायत से निकला एक्टिव एकर्स की गड़बड़ियों का पुलिंदा

गतांक से आगे .. ..

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** जबकि इसी दिन वर्चुअल मीटिंग की तिथि निर्धारित थी। नतीजा यह हुआ कि फिजिकल मीटिंग में मात्र आठ लोग उपस्थित हुए जबकि वर्चुअल मीटिंग में 13 लोग उपस्थित थे। अब इस सोसायटी के अन्य गड़बड़ियों की बात भी सामने आने लगी है। पता चला है कि इस आवासीय परिसर के अंदर से काफी सारा कबाड़ अचानक गायब



हो गया। सदस्यों यानी फ्लैट मालिकों द्वारा पूछताछ किये जाने पर संचालन समिति ने जो जानकारी दी, उससे पूरी समिति ही संदेह के घेरे में आ चुकी है। यह बताया गया है कि अंदर रखा सारा कबाड़ बेच दिया गया। लोगों को बताया गया कि बिना जीएसटी के बिक्री का नगद भुगतान लिया। इससे विश्वकर्मा पूजा सहित कई मदों में खर्च किये जाने की बात की गयी है। यह अपने आप में निर्धारित कानूनों का बड़े

›› पेज 2 भी देखें

## सीरिया में जासूसी करता ईरानी ड्रोन गिराया गया

**दमास्कस:** ईरान के एक ड्रोन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया है। इसके बारे में बताया गया है कि वह ड्रोन पूर्वोत्तर सीरिया में एक सैन्य ठिकाने के पास उड़ रहे ईरानी निर्मित ड्रोन को मार गिराया। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि ड्रोन को दोपहर करीब 2:30 बजे मार गिराया गया। अमेरिका और ईरान दोनों सीरिया में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाते हैं लेकिन वहां के कई गृहयुद्धों में अलग अलग समूहों का समर्थन करते हैं। अमेरिकी सैनिक सीरिया की सेना को प्रशिक्षण दे रहे हैं तथा वर्तमान में वहां की सेना की सक्रिय मदद भी करते हैं। सीरिया के इस इलाके में आईएसआईएस के आतंकवादी सक्रिय हैं। जबकि ईरान ने लंबे समय से सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन का समर्थन किया है। ऐसी सावधानी इसलिए भी बरती जा रही है क्योंकि यूक्रेन में युद्ध के बीच वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव बहुत अधिक है, जहां ईरानी निर्मित विस्फोटक ड्रोन रूसी सेना द्वारा यूक्रेनी शहरों पर बमबारी और हमला करने के लिए उपयोग किए जाते हैं।

**अंतरिक्ष** › नासा ने अंतरिक्ष की इस अजीब घटना को रिकार्ड किया

# सूरज का एक टुकड़ा टूटकर निकल गया

- उत्तरी ध्रुव के इलाके से बाहर निकला
- अभी बाहरी इलाके में चक्कर काट रहा है
- क्यों होता है और आगे क्या होगा पता नहीं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र नासा ने सूर्य से उसके एक टुकड़े को अलग होते कैद किया है। इसका वीडियो भी नासा की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। पहले से सूर्य की हरेक गतिविधि पर नजर रखने वाले उपकरणों से इस अजीब सी घटना को कैद किया है। वैसे तात्कालिक तौर पर इसकी वजह और परिणामों पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है। वैश्विक मौसम विज्ञान के अनुसार, हमारे ग्रह पर एक ध्रुवीय भंवर ठंडी हवा की एक बड़ी कम दबाव वाली प्रणाली है जो

›› पेज 2 भी देखें



hhttps://twitter.com/i/status/1621276153075109888

### यह उतना भयानक नहीं है जितना लगता है

नासा के जिस वैज्ञानिक ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया है, उसके अनुसार यह उतना भयानक नहीं है जितना लगता है। तमिथा स्कोव, एक अंतरिक्ष मौसम भौतिक विज्ञानी और दक्षिणी कैलिफोर्निया में द एयरोस्पेस कॉरपोरेशन में शोध वैज्ञानिक, इस महीने की शुरूआत में खबरों के लिए वायरल हो गए थे जब उन्होंने घटना के फोटो को साझा की थी। उन्होंने ही यह जानकारी दी कि सूर्य के उत्तरी छोर का यह हिस्सा अचानक टूटा और बाहर निकल गया। उनकी टि्वट के मुताबिक सूर्य के उत्तरी छोर से एक टुकड़ा अभी मूल हिस्से से अलग हो गया और अब इसके उत्तरी ध्रुव के चारों ओर एक विशाल ध्रुवीय भंवर में घूम रही है। खगोल वैज्ञानिकों ने इस घटना को देखने के बाद इसकी पुष्टि की है। वैसे यह स्पष्ट किया गया है कि सूर्य के चारों तरफ जिस ध्रुवीय भंवर में यह बह गया था वह धरती के ध्रुवीय भंवर के समान नहीं है। पृथ्वी के ध्रुवीय भंवर को हम यहां अनुभव कर सकते हैं।

तीस देशों में इस कंपनी ने हैकिंग, सोशल मीडिया में दुष्प्रचार का काम किया है

## इजरायली कंपनी की गतिविधियों पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि देश के लोकतांत्र को कमजोर करने के लिए इजरायल की एक कंपनी की संलिप्तता उजागर होने की बात बहुत गंभीर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मुद्दे पर देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि इजराइल की एक निजी कंपनी ने भारत सहित 30 देशों में हैकिंग,



सोशल मीडिया के जरिए दुष्प्रचार करने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का काम किया है और इससे देश का लोकतंत्र प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल कंसोर्सियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्टजे-आईसीजे की एक रिपोर्ट में यह खुलाशा हुआ है जिसे आईसीजे ने द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के रूप में पेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार इजराइल की इस कंपनी ने जिन 30 देशों में लोकतांत्रिक प्रणाली को प्रभावित करने का काम किया है जिनमें भारत भी शामिल है। श्रीमती श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार लगातार अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर ऐसा काम कर रही है जिससे लोकतंत्र का हनन होता है। मोदी सरकार लगातार विदेशी कंपनियों की साजिश में शामिल होकर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है।

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक

रांची: झारखंड विधानसभा माननीय अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति की बैठक गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के सभाकक्ष में हुई। बैठक में माननीय विधायक सह सरकारी आश्वासन समिति झारखंड विधानसभा सभापति दीपक बिरुवा की मौजूदगी में मोटरयान निरीक्षकों की नियुक्ति पर परिवहन विभाग के अधिकारियों साथ अहम बिंदुओं पर विमर्श किया गया। वहीं माननीय विधायक स्टीफन मरांडी और माननीय विधायक ग्लेन जोसेफ गालस्टेन द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर पलास्थली रेलवे स्टेशन को पुन: चालू कराने पर आसनसोल डीआरएम के साथ विचार विमर्श किया गया।

गुटबाजी

## हेमंत सोरेन सरकार के लिए भी खतरा बन सकती है गुटबाजी

# कांग्रेस में अंदर ही अंदर सुलग रही है आग

- पहले से ही कई विधायक नाराज
- डॉ उरांव के समर्थक दरकिनार
- आरपीएन सिंह का असर जारी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांग्रेस के अंदर गुटबाजी अब भी जारी है। अनेक बड़े नेताओं ने इसी वजह से अब कांग्रेस कार्यालय से ही किनारा कर लिया है। इससे पहले जब डॉ रामेश्वर उरांव प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे तो नियमित तौर पर वहां कांग्रेस के सांसद, विधायक और मंत्री भी नियमित आया करते थे। अब राजेश ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद यह सिलसिला लगभग बंद हो चुका है। कार्यक्रमों में ही सिर्फ बड़े नेताओं की उपस्थिति नजर आती है। आरपीएन सिंह के प्रवल प्रतापी होने के दौरान कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उनके फैसलों और बोलचाल से नाराज हुए थे। विधानसभा चुनाव के वक्त से ही यह अंदरखाने से आवाज आने लगी थी कि दरअसल आरपीएन सिंह भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए प्रत्याशियों के चयन में अपना खेल कर रहे हैं। बाद में उनके भाजपा में शामिल होने के बाद भी प्रदेश अध्यक्ष पर से उनके नाम का प्रभाव खत्म नहीं हुआ है। इसी वजह से कई बार प्रदेश अध्यक्ष को बदलने की मांग भी हो चुकी है। वर्तमान अध्यक्ष ने हाल ही में डॉ राजेश गुप्ता, किशोर शाहदेव और आलोक दुबे को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस वजह से यह गुटबाजी अब विवाद के तौर पर स्थापित हो चुकी है।

इस विवाद में हेमंत सोरेन की सरकार की सेहत पर कोई आंच नहीं है, ऐसा सोचना गलत होगा। पहले से ही इस बात की चर्चा है कि कांग्रेस के कई महिला विधायकों सहित कई एमएलए पहले से ही नाराज चल रहे हैं। दूसरी तरफ डॉ रामेश्वर उरांव ने खुद को पूरी तरह अलग कर रखा है। इसके बीच अगर कांग्रेस का विवाद किसी समझौते तक नहीं पहुंचा तो रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव के बाद इसके परिणाम दिखने लगेंगे। वैसे स्थिति में पार्टी के अंदर की राजनीति से सरकार की सेहत पर भी असर पड़ेगा क्योंकि स्पष्ट बहुमत में होने के बाद भी हेमंत सोरेन खुद प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस की राजनीति में वह दखल नहीं रखते, जिससे विवाद सुलझ सके। इसके बीच एक उम्मीद की किरण लालू प्रसाद का सिंगापुर से वापस लौट आना है। श्री प्रसाद एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिनकी बात का वजन बिहार के अलावा झारखंड में भी समान रुप से होता है।

हाल ही में तेजस्वी यादव भी हेमंत सोरेन से मिलकर गये हैं। फिर भी कांग्रेस के इस आंतरिक विवाद को दिल्ली के हस्तक्षेप के बिना सुलझाना फिलहाल संभव नहीं है। दूसरी तरफ भाजपा पहले से ही सरकार से नाराज चल रहे विधायकों को कड़ी नजर रखे हुए हैं। ऐसे में आक्रोशित विधायकों का दूसरे खेमे में चले जाना ही हेमंत सोरेन की सरकार के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

## राज्यपाल रमेश बैस को दी शुभकामना



रांची: गुरूवार को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, राकेश भास्कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,रिजवान खान पूर्व चेयरमैन झारखंड राज्य हज समिति ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात किया झारखंड में राज्यपाल के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए धन्यवाद दिया एवं महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल तौर पर नियुक्त किये जाने पर शुभकामना दी।

## झारखंड विस में भी बहाल हों डिप्टी स्पीकर :रविंद्र

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है। ऐसे में पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। सदन में हो हंगामा झेलने के लिए विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी अपनी तैयारी में हैं। बजट सत्र से पहले रविंद्र नाथ महतो ने मीडिया से उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि झारखंड विधानसभा में डिप्टी स्पीकर का पद हो। इसके लिए संबंधित लोगों से विचार विमर्श कर सरकार को लिख कर देंगे। यहां बता दें कि हाल ही में झारखंड समेत 5 राज्यों में डिप्टी स्पीकर का पद खाली रहने का मामला चर्चा में आया था। इसे जल्द भरने का सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश भी दिया था। इससे आगे बातचीत में रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि विधानसभा में अभी तक कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं है और इसके लिए स्पीकर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं। इस बजट सत्र में नेता प्रतिपक्ष होगा या नहीं के सवाल पर विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि ये तो अभी बता नहीं सकते। बजट सत्र नेता प्रतिपक्ष के बिना होगा या नहीं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष का मामला झारखंड में नया नहीं है। साथ ही कहा कि ये मामला सिर्फ हमारे समय का ही नहीं है। इससे पूर्व भी झारखंड विधानसभा में दलबदल के कई मामले देखने को मिले हैं, तो उसी के तहत ये मामला भी है। क्योंकि वही मशीनरी है, वही लोग हैं जो लोग इस विषय को देखते हैं। इसके लिए कोई एक्सपर्ट या विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हुई है, इसलिए देखते हैं कि इसका निराकरण कब तक हो पाता है। अपने ऊपर लगे विपक्ष के आरोपों के जवाब में रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि कोई भी किसी की भूमिका पर सवाल खड़ा कर सकता है, इसपर क्या किया जा सकता है।

### आदिवासी अधिकार महारैली का आयोजन धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में

## किसी भी सरकार ने आदिवासियों के विकास के प्रति गंभीरता नहीं दिखायी : चमरा लिंडा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** आदिवासी अधिकार महारैली का आयोजन धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में किया गया। जेएमएम विधायक चमरा लिंडा के नेतृत्व में आयोजित महारैली में हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग पहुंचे। कार्यक्रम में रांची सहित लोहरदगा, गुमला, खूंटी, तमाड़, बुंडू, चाईबासा और संथाल परगना के लोग शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य गठन के 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी यहां के आदिवासियों को उनका अधिकार नहीं मिला। राज्य में किसी भी सरकार ने आदिवासियों के विकास के प्रति गंभीरता नहीं दिखायी। यही वजह है कि झारखंड अलग राज्य बनने के दो दशक के बाद भी आदिवासियों को अपने हक और अधिकारों के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासियों के अधिकार से संबंधित दर्जनों मामलें लंबित है जिस पर आज तक किसी भी सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में भुईहरी, पहनाई, महतोई, मुंडई, डालीकतारी, पनभोरा, देशवली जमीन के संबंध में नियमावली नहीं बनने से आदिवासी जमीन की लूट हो रही है। इसे सरकार को रोकना चाहिए। आदिवासियों को पहचान दिलाने वाला सरना धर्म कोड को लागू कर उसे जनगणना फार्म में अंकित करने की हमारी वर्षो पुरानी मांगों पर भी कार्रवाई नहीं हुई है। झारखंड सरकार ने तो सरना धर्म कोड को पारित कर केंद्र को भेज दिया है, लेकिन केंद्र सरकार इसे लागू करने पर चुपी साधे हुए है। जिसे राज्य के आदिवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि जल्द सरना धर्म कोड लागू नहीं किया गया तो राज्यभर के आदिवासी आगे आंदोलन तेज करेंगे। कार्यक्रम को कई नेताओ ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि अगर सरकार जल्द सरना धर्म कोड लागू नहीं करती है तो आने वाले समय में राज्य में उग्र आंदोलन देखने को मिलेगा।

## सांसद संजय सेठ ने की खेल महोत्सव में शामिल होने की अपील

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ ने कहा कि खेल महोत्सव, रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी, इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। 3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जायेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन दोपहर 3:00 बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों संपन्न होगा। वही केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। खेल के नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्वलित रहेगी। 12 स्कूल के बच्चों के बैंड द्वारा सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जाएगी जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा तथा उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। उद्घाटन समारोह 2 घंटे का होगा।

सांसद श्री सेठ ने रांची के सभी स्कूलों के प्रबंधक से अपील करते हुए कहा इस खेल महोत्सव अपने बच्चों को अवश्य भेजें ताकि आने वाले दिनों में इन बच्चों में भी खेल की भावना जागृत हो और खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस खेल महोत्सव में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें झारखंड से जुड़े हमारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिन्होंने झारखंड को प्रेरणा दी है, झारखंड के ऐसे खिलाड़ियों का सम्मानित किया जायेगा। उनकी उपस्थिति भी रहेगी।

## उपचुनाव महागठबंधन की जीत नहीं बल्कि रामगढ़ की जनता की जीत होगी : आलमगीर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** चितरपुर प्रखंड स्तरीय कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अथिति झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास सह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विशिष्ट अथिति पूर्व मंत्री सह प्रभारी जलेश्वर महतो, अनुशासन कमेटी के चेयरमैन बजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, लूमनाथ महतो, रंजन कुमार सहित कई नेताद्वय एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव महागठबंधन की जीत नही बल्कि रामगढ़ की जनता की जीत होंगी। उन्होंने मौजूद लोगों से हेमंत सरकार की धरातल पर उत्तरी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। वही अन्य वक्ताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में 27 फरवरी को हो रहे उपचुनाव में हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

राजनीति

### पांकी में दो गुटों के बीच हुए हिंसक झड़प की निंदा करते हुए बोले पूर्व मुख्यमंत्री

# वोट बैंक की राजनीति में हो रहा खतरनाक खेल: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** पलामू के पांकी में दो गुटों के बीच हुए हिंसक झड़प की निंदा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इसे सुनियोजित तरीके से घटी घटना बताया है। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस तरह से पलामू के पांकी में घटना घटी है वह दशार्ता है कि इनका मनोबल किस कदर बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर हर साल तोरण द्वार लगाया जाता है, लेकिन जिस तरह से इस घटना को अंजाम दिया गया उससे साफ लगता है की सुनियोजित तरीके से उपद्रवियों ने यह कार्य किया है। बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब से यह सरकार सत्ता में आई है झारखंड में लगातार सांप्रदायिक हिंसा होती रही है। जिससे यह लगता है कि कहीं ना कहीं सरकार के संरक्षण में इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। वोट बैंक की राजनीति के कारण उपद्रवियों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि एक के बाद एक घटना प्रदेश में घट रही है। उन्होंने लोहरदगा, सिमडेगा, हजारीबाग सहित कई जिलों में इस सरकार के कार्यकाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा का जिक्र करते हुए कहा की सरकार के द्वारा इन घटनाओं में शामिल लोगों पर अब तक कार्रवाई नहीं किया जाना यह दशार्ता है की इन्हें किस तरह से सरकारी संरक्षण मिल रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने घटना की निंदा करते हुए कहा की अगर यही स्थिति बनी रही तो राज्य एक बार फिर अंधेरी गलियों में भटक कर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की वारदातों को नहीं रोका गया तो विकास के कार्य ठप हो जाएंगे। ऐसे में सरकार को चाहिए कि ऐसे उपद्रवी तत्वों पर नकेल कसे और जल्द से जल्द कार्रवाई हो। पलामू के पांकी में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर लगाए जा रहे तोरण द्वार को लेकर दो गुटों के बीच भड़की हिंसा के बाद दूसरे दिन शांति का माहौल है। जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है। उपद्रवी तत्वों पर नजर रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बुधवार को दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान आगजनी की घटना हुई थी। इस घटना में जिसमें चार घर और कई गाड़ियों को जला दिया गया। वहीं, इस दौरान 12 लोग घायल हो गए। स्थिति बिगड़ता देख जिला प्रशासन ने पलामू में इंटरनेट सेवा बंद करने के अलावा पांकी में धारा 144 लगा दिया है। पुलिस गश्त तेज कर दी गई।

## पेज एक का शेष

### सभी दलों की अपनी .. ..

अत्यंत संवेदनशील माना गया था, वहां से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पुलिस ने कहा कि विपक्षी दलों से अगरतला के रामनगर और खैरपुर निर्वाचन क्षेत्रों में हिंसा की कुछ छिटपुट शिकायतों को छोड़कर, पूरे उत्तर पूर्वी राज्य में मतदान शांतिपूर्ण रहा। दक्षिण त्रिपुरा जिले के शांतिरबाजार निर्वाचन क्षेत्र में कलाचेरा मतदान केंद्र के बाहर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के एक समर्थक को उस समय पीटा गया जब वह मतदान केंद्र जा रहा था। पुलिस ने कहा कि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने उज्जयंत पैलेस के सामने महारानी तुलसीबाती एचएस स्कूल में अपना वोट डाला और दावा किया कि वह न केवल बारडोवाली सीट से बड़ी जीत हासिल करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य माणिक सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक और शिक्षा मंत्री रतन लाल नाथ के इशारे पर धनपुर और मोहनपुर में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिंसा का सहारा लिया और मतदाताओं को रोका।

### भारत के तटीय महानगरों .. ..

कोपेनहेगन, लंदन, लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क और सैंटियागो- बड़े खतरे का सामना करेंगे। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण विभिन्न तटीय क्षेत्रों में रहने वाले 900 मिलियन लोग जोखिम में पड़ सकते हैं। कई घर डूब सकते हैं।

### न्यूजीलैंड का पायलट .. ..

एक बयान के साथ अपने फेसबुक पेज पर मेहरटेन्स की तस्वीरें जारी कीं। बयान में कहा गया, टीपीएनपीबी ने विमान को जलाने और सूसी एयर के एक पायलट को बंधक बनाने की जिम्मेदारी स्वीकार की है, जो न्यूजीलैंड का नागरिक है, और हम अपना वादा निभाते हैं और राजनीतिक रूप से जिम्मेदार हैं।

इंडोनेशिया के पापुआ के पूर्वी क्षेत्र में अलगाववादी लड़ाके - एक पूर्व डच उपनिवेश - स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं क्योंकि इस क्षेत्र को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विवादास्पद 1969 के मतदान के बाद इंडोनेशियाई नियंत्रण में लाया गया था। हालाँकि, हाल के वर्षों में गरीब लेकिन संसाधन-संपन्न क्षेत्र में लड़ना, जहाँ इंडोनेशियाई सेना की भारी उपस्थिति है, बढ़ गई है। इंडोनेशियाई सरकार इस संगठन को एक आतंकवादी समूह के रूप में मानती है।

### वहां के लोगों को नहीं देना .. ..

ज्यादा होती है। फिलहाल देश में दो तरह के टैक्स रिजीम है। जिसमें एक पुरानी टैक्स व्यवस्था है और दूसरी नई टैक्स व्यवस्था है। वहीं, इस राज्य के मूल निवासियों को इनकम टैक्स 1961 की धारा 10 (26 एएए) के तहत इनकम टैक्स देने से छूट का लाभ मिलता है। इनकम टैक्स की छूट के साथ ही बाजार नियामक सेबी भी सिक्किम के निवासियों को पैन कार्ड के यूज पर छूट दी है। भारत के अन्य राज्य के लोगों को मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए पैन कार्ड आवश्यक है। लेकिन सिक्किम के लोग बिना पैन कार्ड के भी शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। पहले यह छूट केवल उन लोगों को दी जाती थी जो नागरिकता संशोधन आदेश, 1989 के तहत सिक्किम राज्य के मूल निवासी थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में उन लोगों को भी सिक्किम का मूल निवासी मान लिया जो 26 अप्रैल 1975 यानी सिक्किम के भारत में विलय से एक दिन पहले तक इस राज्य के निवासी थे।

### एक पुलिस शिकायत से .. ..

उल्लंघन और कर वंचना का मामला बन गया, जो जीएसटी के अधिकारियों के साथ साथ पुलिस की जांच का विषय बन गया है।

पता चला कि कुछ दिन पहले सोसायटी के बैंक खाता से सत्तर हजार नकद निकाला गया पूजा के मद में। बाईलॉज में इसका प्रावधान नहीं है। खबर है कि इस पैसे को अब तक वापस नहीं किया गया है और जिन्हें यह रकम दी गयी थी उन्होंने इसका हिसाब भी नहीं दिया है। यह भी पता चला है कि सोसायटी की आम सभा में अध्यक्ष ने खुलेआम स्वीकार किया कि उनलोगों ने वहां की मरम्मत और रंग रोगन के लिए बड़ा हुए दाम का कोटेशन लिया है ताकि इससे दूसरे काम भी कराये जा सके। यह भी नियम विरुद्ध है। ऐसी सोसायटियों की देख रेख करने वाली संस्था एक्टिव एकर अपार्टमेंट ओनर एसोसियेशन। इन पर नजर रखने के लिए एक प्राधिकृत समिति है, जिन्हें स्थानीय स्तर पर कंपीटेंटन ऑथरिटी है, जो सरकारी संस्था है। यहां के लोगों का दावा है कि उनलोगों ने इस कंपीटेंट ऑथरिटी के लोगों को मैनेज कर रखा है। सरकार के देखने का विषय है कि इस किस्म की गड़बड़ियां सरकार की नाक के नीचे कैसे संचालित हो रही हैं और इस पर नजर रखने के लिए बनी नगर विकास विभाग की यह प्राधिकृत समिति चुप क्यों है। .. .. **समाप्त।**

### सूरज का एक टुकड़ा..

सर्दियों में मजबूत होती है। पृथ्वी पर, यह काफी नियमित रूप से होता है और आस-पास के क्षेत्रों में आर्कटिक मौसम की वृद्धि भेजने के लिए जाना जाता है। लेकिन यू.एस. एयर फोर्स के स्पेस वेदर ऑपरेशंस सेंटर में स्पेस वेदर ऑपरेशंस की सीनियर ड्यूटी ऑफिसर सारा हाउसल का कहना है कि सूरज पर, यह एक ऐसी घटना है जिसे बहुत कम समझा या जाना जाता है। ऐसी घटनाओं को हमेशा नहीं देखा जाता है। रिकार्ड किये गये घटनाक्रमों के मुताबिक उस अलग हुए हिस्से को लगभग 60 डिग्री पर पोल को पूरी तरह से परिचालित करने में लगभग 8 घंटे लगते हैं। अनुमान लगाया गया है कि वहां पर ध्रुवीय हवा बेहद तेज थी और उसकी रफ्तार करीब साठ मील प्रति सेकंड की थी। इस घटना के बाद अंतरिक्ष वैज्ञानिक मान रहे हैं कि सूरज के अनेक रहस्यों पर से पर्दा उठना अभी बाकी है।

### इजरायली कंपनी की .. .. ..

प्रवक्ता ने कहा कि इस सरकार ने पहले पेगासस से मिलकर जजों, विपक्षी नेताओं तथा अन्य प्रमुख लोगों की जासूसी कराई, उनके फोन टैप किए और अब जो मामला सामने आया है वह एक इजरायली कंपनी का है जिसने 30 देशों में लोकतंत्र की प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ किया है। झूठा प्रचार चलाया है और सोशल मीडिया के माध्यम से लोकतंत्र को प्रभावित किया है।

श्रीमती श्रीनेत कहा, इसराइल की इस कंपनी द्वारा एक, दो नही बल्कि 30 देशों के लोकतंत्र को प्रभावित करने का मामला सामने आया है। जिन देशों के नाम सामने आया है उनमें सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला हमारा देश भी एक है। हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली को भी इस कंपनी ने दुष्प्रचार अफवाह और नकली खबरों को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुनावी प्रक्रिया को भी प्रभावित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में चुप नहीं रहना चाहिए।

# फर्जी डिग्री के सहारे शिक्षक की नौकरी लेने वालों की गिरफ्तारी के आदेश जारी

## अब तक 2401 शिक्षकों की पहचान हो चुकी है जिन्होंने फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी हासिल की

निगरानी ब्यूरो डीजी आलोक राज ने सभी जिलों को आदेश दिया है फर्जीवाड़े में नामजद शिक्षकों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करें

**रुपेश रंजन सिन्हा**






**पटना :** फर्जी डिग्री के सहारे नियोजित शिक्षक की नौकरी लेने वालों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिये गये हैं। निगरानी ब्यूरो ने सभी जिलों को निर्देश दिया जारी किया है कि वैसे सभी नियोजित शिक्षकों को गिरफ्तार किया जाये, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। वहीं, जिनकी डिग्री का सत्यापन लंबित है, उनकी जांच भी जल्द पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि बिहार में अब तक 2401 ऐसे शिक्षकों की पहचान हो चुकी है जिन्होंने फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी हासिल की है। ऐसे लोगों के खिलाफ अब तक 1196 एफआईआर दर्ज करायी जा चुकी है। नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति में जांच का सिलसिला 2015 से ही चल रहा है। लेकिन उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई है इसकी खबर निगरानी ब्यूरो को नहीं है. निगरानी ब्यूरो को ही शिक्षकों की जांच का जिम्मा मिला था। अब निगरानी विभाग ने सभी जिला पुलिस से ये जानकारी मांगी है कि जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई वैसे शिक्षक अभी कहां हैं। निगरानी ने ये भी पूछा है कि अब तक उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है। निगरानी विभाग के डीजी आलोक राज ने इस मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय को भी पत्र लिखा है। राज्य के पुलिस मुख्यालय से ये अनुरोध किया गया है कि वह सभी जिला पुलिस को ये निर्देश जारी करे कि फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी लेने के आरोपी शिक्षकों को जल्द गिरफ्तार किया जाये। बता दें कि पूरे बिहार में निगरानी ने जांच कर फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराया है। शिक्षकों की डिग्री जांचने की प्रक्रिया अब तक जारी है। लेकिन जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है वे गिरफ्तार हुए या नहीं इसकी कोई जानकारी निगरानी विभाग को नहीं है। ऐसे में निगरानी ने आदेश जारी कर तत्काल गिरफ्तारी शुरू करने को कहा है। नियोजित शिक्षकों की जांच में अब तक 2401 शिक्षकों की डिग्री को जाली पाया गया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जा चुकी है। अब निगरानी विभाग के डीजी इस महीने के आखिरी सप्ताह में समीक्षा बैठक कर फर्जी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी लेंगे। निगरानी की जांच में बिहार के हर जिले में फर्जी शिक्षक पाये गये हैं। अब तक की जांच मेंऐसा कोई जिला नहीं हैं, जिसमें गड़बड़ी नहीं मिली है। फर्जी शिक्षकों की जांच के बाद दर्ज एफआईआर की संख्या के लिहाज से सबसे ज्यादा फजीर्वाड़ा नालंदा में पकड़ा जा चुका है। अब तक वहां 79 एफआईआर दर्ज करायी जा चुकी है। उधर गया में 71 एफआईआर दर्ज करायी गयी है, जिसमें 218 शिक्षकों को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा में सारण में 170 फर्जी शिक्षक, मुंगेर में 142 फर्जी शिक्षक, जहानाबाद में 124, बेगूसराय में 136, भागलपुर में 113 , सुपौल में 104, बांका में 101, अरवल में 87, नालंदा में 81, समस्तीपुर में 89, जमुई में 81, पटना में 67, पूर्णिया में 70, रोहतास में 74 , खगड़िया में 72 और गोपालगंज में 76 फर्जी शिक्षकों की पहचान हो चुकी है।

## आग से बचाव को दमकल विभाग की ओर से मेडिवर्सल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** अग्निशमन विभाग की ओर से जागरुकता फैलाने के लिए इन दिनों एक अभियान प्रारंभ किया गया है। अग्निशमन विभाग की डीजी शोभा अहोतकर के निर्देश पर यह अभियान विभिन्न जगहों पर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अस्पताल में मरीजों को आग से बचाव के लिए आज कंकडबाग फायर स्टेशन के पदाधिकारियों ने मेडिवर्सल के स्टाफ को प्रशिक्षण दिया। मेडिवर्सल अस्पताल एवं दमकल विभाग के द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसका उद्देश्य आग पर नियंत्रण के साथ साथ मरीजों को सफलतापूर्वक बचाने के लिए किया गया। इस ड्रिल की ट्रेनिंग में अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ मौजूद थे। डिपार्टमेंट ऑफ फैसिलिटी एवं मेंटेनेंस के जनरल मैनेजर देबजीत नाग एवं सिक्योरिटी अफसर मणिकांत झा ने बताया कि मेडिवर्सल अस्पताल में इलेक्ट्रानिक उपकरणों में शार्ट सर्किट ना हो इसके लिए एक एडवांस स्टेबलाइजर लगाया गया है। यहां 25 अग्निशामक यंत्र है जो कि पूरी तरह से काम करने के लिए चालू हालत में हैं। मेडिवर्सल अस्पताल के पूरे स्टाफ को आग बुझाने के लिए समय पर ट्रेनिंग भी दी जाती है। यहां फायर एग्जिट के लिए दूसरा दरवाजा भी है। सुरक्षा गार्ड को भी समय समय पर आग बुझाने की ट्रेनिंग दी जाती है। निदेशक नवनीतरंजन एवं जयंत गांधी ने अग्निशमन विभाग के इस जागरुकता अभियान की प्रशंसा की। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों ने मेडिवर्सल में आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों एवं उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बताया है।

# एसएसबी 65वी वाहिनी द्वारा चलाया गया मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** सशस्त्र सीमा बल के 65वी वाहिनी द्वारा गुरूवार के दिन नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत दोन क्षेत्र के बेहतानी दोन स्थित राजकीय प्राथमिक विघालय के प्रांगण मे 40 ग्रामिणों को स्वायलंबी बनाने के लिए मशरूम कि खेती का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे वाहिनी के उप कमाडेट आरबी सिंह, बनकटवा करमहिया पंचायत की मुखिया गीता देवी, बनकटवा करमहिया पंचायत के सरपंच दीपक पावे, क्राई ऑगेर्नाइजेशन से रोहित महतो, पूर्व प्रमुख राजेन्द्र महतो, रा.प्र.वि. बेह्तानी दोन के प्रधानाचार्य मो.तय्यब अंसारी तथा मशरूम प्रशिक्षक हंसराज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मध्यम से नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढाओं तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया गया। उप कमांडेंट ने कहा की एसएसबी सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए सतत चौकसी के साथ इस क्षेत्र के युवक युवतियो के आर्थिक स्वावलंबी के लिए विविध नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, पिपरा पकड़ी का शीघ्र होगा अपना भवन

अच्छा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, पिपरा पकड़ी का शीघ्र ही अपना भवन होगा। उपयुक्त भूमि की उपलब्धता तथा भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है।इ ससे पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को सहूलियत होगी और उनका भविष्य बेहतर हो सकेगा। उपरोक्त बातें समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बैठक के दौरान कही। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, एसडीएम सदर, विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के पठन-पाठन की बेहतरी के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। निर्देश के आलोक में भूमिहीन विद्यालयों हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए भवन निर्माण कराने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। यह कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस कार्य को शत-प्रतिशत अविलंब पूर्ण कराने को लेकर संजीदगी से कार्य करना होगा।

उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, पिपरा पकड़ी की समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त विद्यालय का भवन पुराना हो गया है तथा अपग्रेड होने के बाद 12वीं तक कि पढ़ाई संचालित हो रही है। छात्रों की संख्या के अनुरूप भवन का अभाव है। भवन निर्माण हेतु 15 डिसमिल जमीन की आवश्यकता है।

## कपूरी ठाकुर की पुण्य तिथि मनायी गयी



**राष्ट्रीय खबर**

**पटना :** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष दानी प्रजापति की अध्यक्षता में बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की नीति पर चलने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की तथा पूर्व प्रदेश महामंत्री हरिशंकर पंडित की पुण्य तिथि एक साथ समिति के प्रदेश कार्यालय कंकड़बाग में मनाया गया। मौके पर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल पंडित, कोर कमिटी के सदस्य डा. टेकनारायण पंडित, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीनानाथ पंडित, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार राकेश, जिला सचिव रमेश प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, शशि आनन्द, विष्णुदेव पंडित, अनिल कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

# भुवनेश्वर के कलिंगा यूनिवर्सिटी में होगा क्रिकेट महाकुंभ

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** 20 फरवरी से भुनेश्वर के कलिंगा यूनिवर्सिटी में आरंभ होने वाले क्रिकेट महाकुंभ मे मगध विश्वविद्यालय बोधगया के खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। मगध विश्वविद्यालय बोधगया के छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार राय ने बताया कि खिलाड़ी में विक्की रंजन, गौतम कुमार, कुस प्रताप, रोहित रंजन, शशि हेंड्रिक्स, प्रवीण प्रकाश, यशराज, कोच अंजनी कुमार टीम मैनेजर अभिषेक कुमार चयनित टीम है। विगत वर्षों में भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में मगध विश्वविद्यालय की टीम भेजी जाती रही है और यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी मगध विश्वविद्यालय के गौरव को प्रतिस्थापित किया है। मगध विश्वविद्यालय की टीम से आशा करता हू कि उड़ीसा से विजयी होकर लौटेगी। जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धा में उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुलपति के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वही प्रधानाचार्य गया कॉलेज गया डॉ दीपक कुमार ने कहा कि गया कॉलेज गया के लिए अत्यंत गौरव का विषय है की गया कॉलेज के खिलाड़ी मगध विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट महाकुंभ में हिस्सा लेने जा रहे हैं। मेरी ओर से शुभकामनाएं एवं जीत की अग्रिम बधाई हैं। डॉ विनोद सिंह अध्यक्ष एथलेटिक सोसायटी ने कहा कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराई जा रही है ताकि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस क्रिकेट टूनार्मेंट में महाविद्यालय के विद्यार्थी मगध विश्वविद्यालय की टीम को जीत दिलाने में सफल हो। मौके पर मगध विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ सुदर्शन राय ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# बाबासाहेब के सपनों को साकार कर रहे हैं सीएम नीतीश कुमार : अभय

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** नगमतिया रोड स्थित एक निजी होटल में जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में जिला जदयू के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें पार्टी के निदेर्शानुसार आगामी 14 अप्रैल 2023 को डा भीमराव अंबेडकर जयंती पंचायत स्तर पर मनाने एवं उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने हेतु पार्टी ने भीम चौपाल₹ कार्यक्रम करने की तैयारी पर चर्चा की गई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए अभय कुशवाहा ने कहा की डा भीमराव अम्बेडकर के संदेशों को स्टीकर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने एवं 14 अप्रैल को प्रत्येक पंचायत में बाबा साहब की जयंती मनाने तथा 13 अप्रैल 2023 की संध्या को जयंती स्थल पर दीप प्रज्वलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जी का सपना को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा शोषित वंचितों को हक अधिकार देकर पूरा किया है एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। बाबासाहेब के सपनों को सीएम नीतीश कुमार कर रहे हैं साकार। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मगध प्रमंडल कार्यक्रम प्रभारी विद्यानंद विकल ने कहा की कार्यक्रम की विशेष सफलता के लिए सभी अनुमंडल तथा सभी प्रखंड में प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। बैठक से पहले जदयू नेता सुनील सिंह की तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, मनोरमा देवी, पूर्व अध्यक्ष अलेक्जेंडर खान, शौकत अली, प्रदेश द्वारा नामित अनुमंडल प्रभारी , जितेंद्र दास, सोनम दास, रणधीर रजक,शिवनाथ निराला,जिला द्वारा नामित अनुमंडल प्रभारी शंकर चौधरी, रामराज मांझी, कैलाश पासवान, रौशन मांझी, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, आसिफ जफर, कुंडल वर्मा, राजेश शर्मा,सुरेश राव, विनोद कुमार, गीता वर्मा, मितंबरा लोहड़े, बबन चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष सतीश पटेल, राजेश कुमार, अरविंद लोहनी , संजय कुमार, जमीलू रहमान, एवं पार्टी के सम्मानित साथी उपस्थित थे।

## आंगनवाडी केन्द्र संख्या 59 पर लगाया ताला




बाल विकास पदाधिकारी को दिया आवेदन

**राष्ट्रीय खबर**

**लौरिया, प.च. :** प्रखंड क्षेत्र के सिसवनीया पंचायत के वार्ड संख्या 14 की वार्ड सदस्या सुलक्षणा देवी व ग्रामीणो नेआंगनवाडी केन्द्र संख्या 59 पर तालाबंदी कर दी। इस सम्बंध मे वार्ड सदस्या ने एक आवेदन बाल विकास पदाधिकारी को दिया है। अपने आवेदन में उन्होने बताया है कि आंगनवाडी सेविका कभी भी समय से नही आती। कभी कभी एक एक सप्ताह गायब रहती है। इस कारण बच्चो की पढाई तो बाधीत होती ही है। अन्य लाभ भी पोषक क्षेत्र में नही बंट पाता। स्थानीय मुखीया कन्हैया कुशवाहा ने बताया कि आंगनवाडी में अनियमितता के खिलाफ तालाबंदी की गयी थी। बाल विकाश पदाधिकारी के निर्देश पर पर्यवेक्षीका पूनम कुमारी भी जांच में गयी थी। उन्होने बताया कि उक्त सेविका की शिकायत पहले भी मिली थी अक्सर गायब रहती है। मैने केन्द्र का ताला खोलवा दिया है। अब सेविका पर लगे शिकायत की जांच होगी।

# अपनी सोच में स्वच्छता को करें शामिल, तभी होगा पर्यावरण का संरक्षण

## एमयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले समाजशास्त्री

**राष्ट्रीय खबर**




**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग की ओर से गुरुवार को₹भारतीय समाज में वर्तमान प्रवृतियां: भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष₹ विषय पर भारतीय समाजशास्त्रीय समाज परिषद की शोध समिति 16 के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया । संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता भारत के समाजशास्त्र के पुरोधा एवं भारत के चोटी के समाजशास्त्री जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के प्रो आनंद कुमार थे।

संगोष्ठी के संयोजक एवं समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो दीपक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी स्वतंत्रता के 75 वर्षों के पश्चात भारतीय समाज में व्याप्त अनेक मुद्दों एवं समस्याओं से जुड़े विविध प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होंगा। मुख्य वक्ता प्रो आनंद कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में भारतीय समाज वैश्वीकरण एवं विवैश्वीकरण की प्रक्रिया काम कर रही है। आजादी के बाद भारतीय समाज की 3 बड़ी उपलब्धियां रही है। सामाजिक क्रांति एवं स्वतंत्रता संविधान का निर्माण एवं राष्ट्रीय एकता का विकास स्वतंत्रता के 75 वर्षों में भारत में शिक्षा, राजनीति, प्रशासन एवं अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में अनेक परिवर्तन हुए हैं। अनेक असहमतिया हमारे यहां हैं लेकिन इसके बावजूद हमारा मुख्य लक्ष्य आज भी विकास लोकतांत्रिक एवं विउपनिवेशीकरण है। मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं पटना विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति एवं वर्तमान महासचिव भारतीय विज्ञान कांग्रेस, प्रो रंजीत कुमार वर्मा ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम के समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रांजल सर्मा ने यूरोप एवं भारत में समाजशास्त्र के उद्भव एवं विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रोफेसर शर्मा ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जिस प्रकार संगीत लोगों को जोड़ता है ठीक उसी प्रकार समाजशास्त्र विषय पूरे समाज को एकजुट करने का प्रयास करता है। संगोष्ठी के दूसरे विशिष्ट अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अनिल कुमार सिन्ह झा ने स्वच्छता के समाजशास्त्र पर विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल विज्ञान का मुद्दा नहीं है बल्कि ज्ञान एवं जागरूकता से संबंध है। स्वच्छता को हमें अपनी सोच में शामिल करना होगा, तभी समाज एवं पर्यावरण का संरक्षण हो सकेगा। इस अवसर पर संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन किया गया।

## महाशिवरात्रि को देखते हुए लौरिया पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**लौरिया, प च :** नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के विभीन्न गांवों में थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने रैपीड एक्शन फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। थाना क्षेत्रों के सभी प्रमुख जगहों पे इस फ्लैग मार्च को निकाला गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष कैलास कुमार ने बताया एक दुशरे के साथ प्रेम से रहने और पुलिस का जनता के प्रति विश्वास पैदा करने को ये फ्लैग मार्च निकाला गया है।लोग डर और भय भुलकर हंसी खुशी महाशिवरात्रि का पर्व मनावे। जरुरत हो तो हमे सूचित करे आपका एक कौल काफी होगा। फ्लैग मार्च लौरिया थाना से निकलकर बाजार होते हुयी मिश्रा टोला मरहिया पकडी पडरौन होते हुये देवराज के बगही बंसवरीया कन्धवलिया देउरवा तेलपुर आदि गांवो मे पहुंची।

## जगजीवन कॉलेज से 4 फर्जी परीक्षार्थी धराएं, 1235 परीक्षार्थी नदारद

**गया :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जिले में चल रहे वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2023 के तीसरे दिन जगजीवन कॉलेज परीक्षा केंद्र से दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे चार फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए परीक्षार्थियों के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में कदाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि बीक्षक द्वारा फोटो मिलान करने पर परीक्षार्थियों को मौके पर से धर दबोचा गया। वही गुरुवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 75269 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पाली में 37 838 एवं द्वितीय पाली में 37 431 परीक्षार्थी हिस्सा लिया। परीक्षा में 1235 परीक्षार्थी नदारद रहे।

**शहर >> अपडेट**

### पुलिस ने किया शराब बरामद, कारोबारी फरार

**बगहा :** बथुवरिया थाना पुलिस ने बुधवार की शाम संध्या गश्ति के दौरान लगभग दो लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया है। बथुवरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के नवका टोला बथुवरिया में चोरी छिपे शराब की धंधा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में उक्त गांव में छापेमारी अभियान चलाई गई। जहां मौके से ही घर में रखे गए प्लास्टिक के थैला से चुलाई शराब बरामद किया गया। लेकिन धंधेबाज भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत गृहस्वामी केश्वर मुखिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर पुलिस धंधेबाज को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जिलाधिकारी नवीन कुमार द्वारा गुरूवार को सदर प्रखंड स्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर वे डीआरसीसी द्वारा संचालित काउंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वे वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं से भी पूछताछ कर जानकारी ली। उन्होंने वहां मौजूद सभी ऑपरेटरों को ससमय काउंटर खोलने व निबंधन हेतु आए छात्र-छात्राओं को संबंधित सभी प्रकार की सुविधाओं की जानकारी देने का भी निर्देश दिया।



निरीक्षणोपरांत जिलाधिकारी द्वारा डीआरसीसी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस बीच जिलाधिकारी ने वहां मौजूद डाटा संबंधी सभी रजिस्टरों की जांच की। जांच में निबंधित छात्र-छात्राओं के कॉलिंग डाटा पर असंतोष व्यक्त करते हुए निबंधन केंद्र की प्रबंधक मुनिरा प्रसाद से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी छात्र-छात्राओं द्वारा यहां निबंधन कराया जाता है, उनके नियोजन हेतु उन्हें कॉलिंग कर फॉलो अप करते रहें। सरकार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम चलाया जा रहा ताकि उन्हें स्वरोजगार में सहायता मिल सके। यदि आपके द्वारा मौजूद डाटा का ससमय संधारण नहीं किया जाता है तो आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा सदर प्रखंड के श्रीमतपुर पंचायत स्थित सुजावलपुर के दो जन वितरण प्रणाली दुकान का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने जविप्र दुकानदार से स्टॉक पंजी की मांग की तथा स्टॉक पंजी के अनुरूप अनाज के उठाव व वितरण की भी जानकारी ली। तराजु के यथास्थान पर नहीं रहने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तराजु को ग्राहकों के सामने रखने और सही तौल देने का निर्देश दिया। उन्होंने वहां मौजूद अनाज उठा रहे ग्राहकों से भी अनाज उठाव की जानकारी ली और अनाज के सही तौल मिलने के बारे में भी पूछताछ की। ग्राहकों द्वारा बताया गया कि अनाज का वितरण समय पर किया जाता है, और अभी सरकार द्वारा मुफ्त में अनाज वितरण योजना का भी लाभ हमलोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा उपभोक्ताओं को ससमय अनाज का वितरण के साथ ही सही माप तौल पर ध्यान दें। अनियमितता बरतने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करें।

## आटा प्रोसेसिंग यूनिट का महाप्रबंधक ने किया भूमि पूजन



राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** सरैया प्रखंड के भटॉलिया स्थित सरैया किसान फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यों का नाबार्ड के प्रधान कार्यालय मुम्बई के महाप्रबंधक एम. के. डे ,प्रबंधक डा.प्रदीप राम व मुजफ्फरपुर के जिला विकास प्रबंधक जूही प्रवासिनी ने गुरुवार को निरीक्षण किया।निरीक्षण के पूर्व नाबार्ड के अधिकारियों ने एम बी आर आई भटौलिया स्थित भगवान जानकी स्मृति सभागार में किसानों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा एफ पी ओ से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार किसानों की दशा व दिशा बदलने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एफ पी ओ से जुड़कर किसान नई तकनीकी से खेती के साथ उत्पन्न फसल से छोटे स्तर पर प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से अपनी दशा में सुधार ला सकते है। वही, बैठक के पश्चात महाप्रबंधक ने किसान शुद्ध चक्की आटा प्रसंस्करण यूनिट का भूमि पूजन किया। वहीं, अधिकारियों ने पौधा रोपण किया। उसके उपरांत, एफ.पी.ओ. के किसानों के खेतों में जाकर फसल का मुायना किया। वहीं, एफ पी ओ के चेयरमैन अविनाश कुमार ने बताया कि सरैया किसान फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड सरैया द्वारा दिनांक 26 फरवरी को किसान शुद्ध चक्की आटा प्रोसेसिंग युनिट का उद्घाटन किया जाएगा। मौके पर सरैया किसान फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सी ई ओ अश्विनी राठौर, निदेशक सदस्य, शेयर धारक किसान के साथ कोशल्या फाउंडेशन से अविनाश कुमार, भास्कर झा, चंद्रमणि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने किया खेल प्रशिक्षण केंद्र हरनाटाड का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत चलित एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र हरनाटाड में गुरूवार के दिन एकलव्य के जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे। तथा प्रशिक्षण केंद्र में मौजूद प्रशिक्षु छात्रों को कॉपी, कलम व औजार बॉक्स का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान का निरीक्षण करते हुए मापी भी करवाया। जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हरनाटाड स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 24 प्रशिक्षु, एक प्रशिक्षक, एक छात्रावास अधीक्षक व दो रसोईया कार्यरत है। प्रशिक्षण केंद्र मे सरकार द्वारा सारी सुविधाएं जैसे आवास, भोजन, चिकित्सा, शिक्षण,



प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने बताया कि यहाँ पर बिहार के विभिन्न जिलो के बालक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त प्रशिक्षण केंद्र के खेल मैदान सहित अन्य कई पहलुओं का भौतिक निरीक्षण किया गया है। जिस को विकसित करने की आवश्यकता है। इसके जीर्णोद्धार के लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए प्राक्कलन तैयार किया जायेगा तथा जिलाधिकारी महोदय को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी महोदय के सहयोग से विभाग इस केंद्र का कायाकल्प करवायेगा।

इस दौरान मौके पर विभाग के सहायक अभियंता मदन मोहन, कनीय अभियंता प्रकाश रंजन, खेल प्रशिक्षक श्याम कुमार, लिपिक यादवेंद्र महतो, राजेश प्रसाद, अखिलेश कुमार, टुनटुन यादव, मनोज कुमार सिंह सहित केंद्र के प्रशिक्षु छात्र मौजूद रहे।

## गांधी टोपी एवं अंगवस्त्र से किरण देव यादव सम्मानित

**युवा प्रदेश अध्यक्ष की दूसरी बार मिली जिम्मेवारी**

राष्ट्रीय खबर

**खगड़िया :** अखिल भारतीय रचनात्मक समाज एवं हरिजन सेवक संघ के तत्वाधान में कुसेर्ला कटिहार में आयोजित राज्य सम्मेलन सह गांधीजी के 75 वां स्मृति दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में हरिजन सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शंकर सन्याल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार भाई द्वारा अखिल भारतीय रचनात्मक समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष राजो देवी, खगरिया जिला



अध्यक्ष वर्षा रानी को गांधी टोपी एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया तथा पुनः दूसरी बार जिम्मेवारी दी गई।

इधर, समाजसेवी किरण देव यादव के सम्मानित होने पर तथा दुबारा जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक स्वागत अभिनंदन एवं हर्ष व्यक्त करते हुए अधिवक्ता डॉ कमल किशोर यादव मोहम्मद सुहेल अमरीश प्रफुल्ल गौतम दानवीर यादव रामचंद्र यादव पंकज यादव दिनेश शाह उमेश मधुबाला चंद्रशेखर मंडल पांडव ठाकुर, सरपंच मनोज कुमार श्रवण कुमार राजेंद्र यादव अर्जुन महतो रणवीर यादव पंकज कुमार कुलदीप सिंह बंटी देवी अलौली ग्राम कचहरी के सरपंच रंजू कुमारी आदि ने हार्दिक बधाई दिया।

## पुत्री के शादी को लेकर हुई मारपीट में एक महिला जख्मी



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** सेमरा थाना क्षेत्र के ओझवलिया महुआर गांव में गुरुवार की सुबह दो भाइयों के परिवार के बीच हुई हिंसक झड़प मारपीट में एक महिला बुरी तरह जख्मी हो गई परिजनों द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ तारिक नदीम ने घायल की प्राथमिक उपचार किया। उसके बाद उन्होंने बताया कि घायल महिला की पहचान ओझवलिया महुआर गांव निवासी भगेलू राय की पत्नी लवगी देवी के रूप में की गई हैं। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद स्थिति सामान्य है घायल महिला के दमाद जोखन चौधरी ने बताया की भगेलू अपनी पुत्री की शादी भैसही पडडकाप में ठीक किया है। जहां बड़े ससुर भी अपनी पुत्री की शादी करने का दबाव बनाने लगे और बेवजह मारपीट कर मेरे सास को जख्मी कर दिया है। बारात 05/06/2023 होना जिसके लिए दहेज में एक बाईक धनतेरह में ही दे दिया गया हैं। उसके बावजूद यह दोनों भाईयों के बीच मार पीट कर रहे हैं।

## इस बार एईएस से बचाव को लेकर प्रत्येक गांव में तैनात रहेगा एंबुलेंस

**स्कूल में प्रेयर के समय एईएस के बारे में बच्चों को दी जाएगी जानकारी**

**मिड डे मिल मे प्रोटीनयुक्त भोजन की मात्रा बढ़ाने का दिया निर्देश**

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिले मे एईएस से बचाव को लेकर इस वार सभी गांवों मे एंबुलेंस तैनात रहेगा। इसमें करीब बारह सौ वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड को लेकर दो-दो वाहनों को एंबुलेंस बनाया जाएगा। इसके लिए सभी बीडीओ व पीएचसी प्रभारियों को निर्देश जारी कर 28 फरवरी तक वाहन मालिकों से एग्रीमेंट कर उनका नाम-पता, गाड़ी-मोबाइल नंबर आदि जिला मलेरिया कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया,बुधवार से वाहन कोषांग ने भी इसकी कवायद शुरू कर दी। वही, सिविल सर्जन डॉ यूसी शर्मा ने बताया कि सभी वाहनों के चालक का मोबाइल नंबर आशा, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जनवितरण प्रणाली दुकानदार, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच, विकास मित्र, एएनएम व पीएचसी प्रभारियों के पास रहेगा। यदि किसी बच्चे को चमकी-बुखार होता है तो तत्काल टैग किए गए वाहन के चालकों को उसके घर बुलवाकर बच्चे को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जाएगा। वहां एईएस वार्ड में बच्चे का एसओपी के अनुसार इलाज होगा। जरूरत पड़ने पर अस्पताल के एंबुलेंस या उसी एंबुलेंस से एसकेएमसीएच रेफर कर दिया जाएगा। सभी जगह एईएस वार्ड में 247 डॉक्टर व प्रशिक्षित नर्स की ड्यूटी रहेगी, जिसके लिए रोस्टर बनाने व ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक 15 मार्च तक कर लेने का निर्देश दिया गया है। वही एईएस को लेकर 23 मार्च से 23 जुलाई तक सभी सरकारी-निजी स्कूलों में मॉर्निंग प्रेयर के समय बच्चों को एईएस के लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान शिक्षक बच्चों को हर दिन पढ़कर सुनाएंगे।पीटीएम में अभिभावकों को भी जानकारी देंगे, इसके साथ ही मिड डे मील में, प्रोटीनयुक्त भोजन की मात्रा बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वहीं जिले के कुछ अति प्रभावित प्रखंडों में बच्चों को दूध भी दिया जएगा। आईसीडीएस अति कुपोषित बच्चों के लिए संध्या भोजन की व्यवस्था कराएगा जिसमें कोई मीठा सामग्री निश्चित रूप से रहेगा।

## बीरमा अमर भारती चैलेंज कप पर चांदपुर का कब्जा

राष्ट्रीय खबर

**शाहकुण्ड :** अमरपुर प्रखंड के बैजूडीह पंचायत अर्तगत बिरमा ग्राम में बीरमा के ऐतिहासिक मैदान पर चल रहे अमर भारती चैलेंज कप 2023 के फाइनल मैच में चांदपुर की टीम ने कुसुमखर की टीम को 26 रन से हराया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चांदपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए ।वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुसुमखर की टीम ने 11.5 ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ 152 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनुभव को दिया गया जिन्होंने की 15 गेंद में 63 रन की धुआंधार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जिम्मी को दिया गया। जिन्होंने कि पूरे टूनामेंट में



192 रन की पारी खेली अंपायर के रूप में राहुल सिंह व सितांशु झा थे वही हिंदी के मशहूर कमेंटेटर अनितेश कश्यप व मानिक मिश्रा ने रोचक कमेंट्री कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वही स्कोरर की भूमिका में सौरभ झा व गौरव सिंह थे मुख्य आयोजनकर्ता के रूप में राकेश मिश्रा के अलावा मुख्य अतिथि के तौर पर भदरिया पंचायत के युवा समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि प्रशांत कापरी के द्वारा विजेता टीम को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी दिया गया तो वही उपविजेता टीम को बैजूडीह पंचायत के पंचायत समिति रूबी कुमारी के द्वारा नगद पुरस्कार व ट्रॉफी दिया गया। कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अमृत सिंह, सचिव मनजेश सिंह, व्यवस्थापक करण झा, गोपाल मिश्रा, संतोष कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दी सम्मान के लिए पुष्पिता अवस्थी का चयन होने पर दी बधाई

राष्ट्रीय खबर

**चकिया पू च :** 12वीं विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्व हिंदी सम्मान के लिए पुष्पिता अवस्थी का चयन होने पर एसआरएपी कॉलेज के प्राचार्य व प्रोफेसर एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनको बधाई दी। बधाई देते हुए कुलपति सह प्राचार्य बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मिल रहे विश्व हिंदी सम्मान की खबर सुनकर सिर गर्व से ऊंचा हो उठा की एक भारतीय विदुषि जो 300 देशों की यात्रा कर उन देशों में हिन्दी की जड़े को जमाने की कोशिश की यह सम्मान पूर्ण अधिकार है। वहीं हिंदू यूनिवर्स फाउंडेशन नीदरलैंड के भारत प्रतिनिधि डॉ रणजीत कुमार दिनकर ने कहा कि पुष्पिता अवस्थी बनारस के राजघाट स्थित बसंता कॉलेज से अपने कैरियर की शुरूआत की थी। अभी हालैंड में रहकर हिंदी सेवा कर रही है। आगामी आगामी 15 से 17 फरवरी तक आयोजित फिजी में 12वीं



हिंदी सम्मेलन में पुष्पिता अवस्थी को विश्व हिंदी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं अजय कुमार सिन्हा ने उन्हें सुचिता महिला बताया। बधाई देने वालो में प्रो संजीव कुमार राम, प्रो गीतांजलि, प्रो श्रृण-ए हयात, प्रो अमर कृष्णा, प्रो दिगंबर झा, प्रो धनंजय सिंह, प्रो कृति कुमार, प्रो रामाकांत पांडेय प्रो समदर्शी, प्रो शशी कुमार, विपिन कुमार, अजय सिंह, रेयाज आलम, मो मोशाहिद, उपेंद्र कुमार सहित अन्य शामिल है।

# स्टेट बैंक के सेवा केन्द्र संचालक के ऊपर चलाई गई गोली

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** ग्राहक बन कर आये दो बाइक सवार बदमाशों ने एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अंजन शुक्ला को अपराधियों ने गोलीमार कर किया घायल। 75000 की लूट। घायल संचालक का इलाज पीएससी संग्रामपुर में चल रहा है। घटना प्रखंड मुख्यालय स्थित संग्रामपुर थाना क्षेत्र की है,जांच में जुटी पुलिस।

प्रखंड मुख्यालय स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अंजन शुक्ला उम्र 40 वर्ष पिता भोला शुक्ला को 7:00 बजे शाम में अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया साथ ही कांउटर का शीशा तोड़ कर 75000 की लूट लिए। घटना की



खबर सुन संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर अपराधियों की खोज जारी कर दी,आसपास के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम बदमाशों को खंगाला जा रहा है। घायल अंजन शुक्ला ने बताया कि दो लोग एक मोटरसाइकिल पर ग्राहक बनकर आया था और एक ने कहा कि पैसा निकल जाएगा तो अंजन शुक्ला ने कहा कि कितना निकालना है और कौन सी बैंक का निकालना है तो ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने पहले कहा कि कितना तक निकलेगा यूको बैंक का खाता है और आधार कार्ड से निकालना है,अंजन शुक्ला ने कहा कि एसबीआई का ग्राहक सेवा केन्द्र है, इसमें 30,000 तक की निकासी होगा। इतने में उसने कहा कि ठीक है उसने अपना आधार नंबर बताना शुरू किया जिसमें कि गलत आधार नंबर बताया जा रहा था इतने में अंजन शुक्ला ने कहा कि आधार नंबर गलत है तो अपराधियों ने कहा कि पैसा देते हो या नहीं देते हो अंजन शुक्ला ने कहा कि पैसा क्यों दें इतने में अपराधी शीशा तोड़कर काउंटर से 75000 हजार निकाल लिए और जाते-जाते अंजन शुक्ला को जान से मारने को लेकर गोली चला दिया। जिसमें अंजन शुक्ला के दाहिने कान एवं माथा को छूते हुए गोली दीवाल में जा टकराई अंजन शुक्ला का फिलहाल इलाज, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में चल रहा है। चिकित्सक सह प्रभारी एस एस राय ने बताया कि इलाज चल रहा है खतरे से बाहर है,थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि जांच किया जा रहा है जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

### 3390 आशा कार्यकताओं को मिलेगा एन्ड्रायड मोबाईल



**बेतिया :** 3390 आशा कार्यकताओं को एन्ड्रायड मोबाईल मिलेगा। जिससे आशा कार्यकताओं को ऑनलाईन रिपोर्टिंग में सहूलियत होगी। 20 फरवरी से आशा कार्यकताओं को एन्ड्रायड मोबाईल मिलना शुरू हो जायेगा। उपरोक्त जानकारी डीसीएम राजेश कुमार ने दी। बिहार राज्य आशा संघ एटक की ओर से डीसीएम राजेश कुमार को धन्यवाद देते हुए आशा कार्यकताओं को मोबाईल उपलब्ध कराने में उनके योगदान की जमकर सराहना की।

## विधुत ऊर्जा चोरी में 14 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** चौतरवा थाना में विधुत ऊर्जा चोरी मामले में विधुत प्रशाखा चौतरवा के कनिय अभियंता अखिलेश कुमार ने चौदह लोगों के विरुद्ध चौतरवा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में कनिय विधुत अभियंता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि विधुत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान विधुत कर्मियों के नेतृत्व में चलाई जा रही थी। इसी दौरान झारमहुई गांव में अरविंद प्रसाद चौरसिया, तारिक जैसुल्लाह खान, गुलाम मोहम्मद मुस्तफा, अफताब अहमद, अमानुल्लाह, सारिक जमाल, मुलाजिम तमकुही, मुन्ना अंसारी, दारोगा राव बरिअरवा, अनुप कुमार राव, उपेंद्र राव, प्रहलाद राव , लक्ष्मी राव, छोटेलाल यादव समेत चौदह लोगों के विरुद्ध विधुत ऊर्जा चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जूट गई है।

## शहर ››

### पीकप व बाईक की टक्कर में एक जख्मी

**बगहा :** चौतरवा - भैरोगंज मुख्य पथ के कौलाची गांव के समीप गुरुवार की सुबह पीकप एवं बाईक की टक्कर में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही चौतरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार याद ने बताया कि जख्मी व्यक्ति की पहचान नवलपुर थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव के रामचन्द्र चौधरी के पुत्र वीर चौधरी के रुप मे की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त पिकप को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करने में जूट गई है।

# समाधान यात्रा से आम लोगों की समस्या का हो पाएगा समाधान

## सिसवा पूर्वी पंचायत की तरह क्या अन्य पंचायतों में भी हुआ विकासात्मक

राष्ट्रीय खबर

**बंजारिया, पू. च. :** मुख्यमंत्री का समाधान यात्रा 15 फरवरी को मोतिहारी पहुंचा जिसको लेकर जिला प्रशासन बहुत ही बेहतर तैयारी की। भ्रमण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सिसवा पूर्वी पंचायत में मुख्यमंत्री का आगमन हुआ। जहां पर जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं के विकासात्मक कार्य को दिखाया, मगर क्या मुख्यमंत्री ने को सिसवा पूर्वी पंचायत का हाल देखा उसी तरह से अन्य पंचायतों का भी हाल है। अगर इस प्रश्न का उत्तर ढूंढा जाए तो पता चलेगा की नहीं एक दम नहीं।

प्रखंड के अन्य पंचायत विकास के कार्य से कोसो दूर है जहां पर न तो लोगों को पानी निकासी की कोई सुविधा है और ना ही सड़कें दुरुस्त है और



सिसवा पूर्वी पंचायत से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर बसा सुंदरपुर गांव के लोगों को यह आस थी के मुख्यमंत्री के आने से उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा तो क्या इस समाधान यात्रा से सुंदर पूर के लोगों की समस्या का समाधान हो पाएगा। बता दें की बीते कुछ वर्षों से लगातार सुंदरपुर के लोग सुंदरपूर सिकरहना नदी में पूल निर्माण की मांग कर रहे हैं बता दें की बीते कुछ वर्ष पहले भी नीतीश कुमार मोतिहारी दौरा पर थे तब भी यहां के शिष्ट मंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था मगर कुछ भी हासिल नहीं हुआ। साल के 4 महीने इस गांव के लोग बाढ़ के कारण कैद हो कर रह जाते हैं। बाढ़ के दिनों में कितने लोगों का इलाज के अभाव में मौत भी हो बच्चों की शादी भी नहीं हो पाती है। खास कर लड़कियों की शादी में यहां की सड़के और आवागमन एक बैरियर का काम करती है लड़कियों की शादी नही हो पाती है।

पूल निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनवर अली ने कहा की बिहार सरकार लड़कियों की शिक्षा को लेकर बहुत ही तत्परता से कार्य कर रही है लेकिन इस गांव की लड़कियों की शिक्षा के बारे में कौन सोचेगा। जहां की लड़कियां आवागमन का साधन नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती हैं। बिहार सरकार में विधि मंत्री डॉक्टर शमीम अहमद ने बहुत ही कोशिश की जब वो विपक्ष में थे। तब, उन्होंने विधानसभा में भी आवाज उठाई। मगर कुछ भी हासिल नहीं हो सका।

मुखिया अरशद का कहना है की हमनलोग ज्ञापन दे दे कर थक चुके हैं मगर हम लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो सका और नीतीश कुमार समाधान यात्रा पर निकले हैं इससे आम जनता को कुछ भी नहीं होने वाला। स्थानीय लोगों का कहना है की पूरे बंजारिय प्रखण्ड में एक सिसवा पूर्वी पंचायत को जिला प्रशासन ने रातों रात सभी सड़कें बना कर चका चक कर दी मगर बाकी पंचायतों में क्या हाल है इसका कौन पूछेगा हम लोगों के पास ना तो रास्ता है और नहीं नदी में पूल जिसके कारण बरसात के दिनों लोग गांव छोड़ने पर मजबूर हो जाते है आम सहयोग से प्रत्येक वर्ष लचका बनाया जाता है मगर जब भी नदी में पानी बढ़ता है उसी के साथ पूल भी बह जाता है। मौके पर शेख अख्तर, कृष्णा प्रसाद, अनिल प्रसाद, छेदन सहनी, प्रभु सहनी, भोला पाल, सरजुग पाल, अतिउल्लाह अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## जलजमाव से मुक्ति के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को दिया आवेदन

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** जन जागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार ने नाला की सफाई नहीं करने पर एतराज जताया। उन्होंने कहा कि शसक्त नगर पंचायत सरकार के गठन होने के बावजूद एक मामूली सा नाली सफाई का कार्य नहीं हो रहा है। जिसके लिए स्थानीय वासी एवं वार्ड पार्षद पति ऐनुल हक पन्द्रह दिनों से चक्कर लगा रहे हैं। यह नाला वार्ड नंबर 06 अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय के गेट से लेकर एस.पी.एन. कॉलेज के गेट तक है। नाला सड़क के बीचोबीच है, जिसका कई ढक्कन घटिया काम होने के कारण फूट गया है। जिसके कारण नाली का गन्दा पानी ओभर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। यह सड़क बाजार से स्टेशन जाने के लिए नजदीक होने के कारण व्यस्त सड़क हो गया है। सड़क पर गन्दा जल जमाव होने से स्थानीय निवासियों एवं सड़क यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां तक की दुपहिया वाहन गीरने के स्थिति में हो जाता है। सबसे पहले तो सड़क से सटे चापाकल को बन्द करना होगा अथवा उसके जल निकासी की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह समस्या मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी को पूर्व विडियो के माध्यम से संज्ञान में देने के बावजूद भी इसमें अब तक कुछ काम नहीं हुआ। सबसे दयनीय स्थिति यह है कि वार्ड पार्षद के बातों का नगर पंचायत कर्मी कोई तरजीह हीं नहीं दे रहें है। इस बाबत नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि सफाई को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है, प्राथमिकता के आधार पर इस काम को पुरा कराया जाएंगा।

## बच्चियों को दिया जा रहा है कराटे का प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनी के प्रांगण में बच्चियों को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षा विभाग पटना से नियुक्त प्रशिक्षक रौशन कुमार के द्वारा बच्चियों को कराटे शिक्षक चंद्रमणि सिंह की देखरेख में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक ने बताया कि बस में सफर करने पर कंधे पर हाथ रखना या सो जाना, गला घोट कर मारने की कोशिश करना, गर्दन पकड़ने वाला, पीछे से फुल बॉडी कैच करने से हम कैसे आत्मरक्षा कर सकते हैं। इन सभी तरह के आक्रमण करने वाले के विरुद्ध कराटे से किस प्रकार प्रहार कर आत्मरक्षा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण 2 फरवरी से लेकर 2 मार्च 2023 तक जारी रहेगा। इसके अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुजनही घोड़हवा के बच्चियों को भी इनके द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रखंड में यह दो विद्यालय उक्त योजना के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा चिन्हित किया गया।

## अनुमंडल क्षेत्र में जदयू लगायेगी भीम चौपाल

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** जदयू की एक विशेष बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रमंडलीय प्रभारी रोबिन कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 4 मार्च से 25 मार्च तक प्रदेश में अनुमंडल स्तर पर भीम चौपाल का आयोजन करना है। इसके लिए प्रदेश स्तरीय नेताओं की टीम बना दी गई है। इस चौपाल में अधिक से अधिक अनुसूचित जाति और जनजाति के कार्यकर्ता शामिल होंगे। 04 मार्च को बगहा के लवकुश मैरेज हॉल में यह कार्यक्रम निर्धारित है। जिसका समन्वयक पलक भारती को बनाया गया है। साथ ही 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पंचायत स्तर पर मनाई जाएगी।




जिसकी पूर्व संध्या पर प्रदेश के सभी पंचायतों में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पहले 05 मार्च को प्रदेश पार्टी कार्यालय परिसर में स्थित कपूर्री सभागार में महिला सम्मेलन बुलाया गया है। जिसमें राज्य के सभी प्रखंडों से 5-5 महिला जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इन कार्यक्रमों की तैयारी के लिए विशेषकर महिला प्रकोष्ठ और अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ को जिम्मेवारी दी गई है। कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपना अपना सुझाव दिया।जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरीय नेता विजय पांडेय ने की। वहीं संचालन जिला प्रवक्ता राकेश सिंह ने किया। इस बैठक को सम्बोधित करने वालों में जदयू नेता विनोद कुशवाहा, दयाशंकर सिंह, सुरेंद्र बैठा, मो0 गयासुद्दीन, इम्तियाज अहमद, दयाशंकर गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, जुगनू आलम, जितेंद्र जायसवाल, विभव कुमार राय, दूधनाथ कुशवाहा, रविंद्र पटेल, मुरारी चौधरी, ओम प्रकाश शाही, प्रेमशिला गुप्ता पलक भारती, आरती देवी, अन्नू सोनी, मोहम्मद राशिद, जितेंद्र गुप्ता, अशोक पांडे, वैशाली जिला महासचिव मनोज कुमार पांडे, अशोक यादव, इजहार सिद्दीकी, राजेश्वर राव, विपिन दुबे, जय प्रकाश राम, सन्नी जायसवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। बाद में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने भी अतिथि परिसदन में प्रभारी से मिलकर कार्यक्रमों की जानकारी ली।

## थारु महोत्सव मेले की तैयारियां पुरी, आज होगा उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बगहा दो प्रखंड के थरुहट की राजधानी कहे जाने वाली हरनाटांड़ में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर लगने वाले थारू महोत्सव मेले की तैयारियां पुरी हो चुकी हैं। महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रत्येक वर्ष लगने वाले इस मेले को लेकर युवा वर्ग व बच्चों में खासा उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। हरनाटांड़ स्थित उच्च प्लस टू विद्यालय के खेल के मैदान में भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि उक्त थारू जनजातीय मेले का आयोजन थारू महोत्सव मेला समिति हरनाटांड़ के द्वारा किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन आज बगहा एसडीएम डॉ अनुपमा सिंह के द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए मेला समिति के संयोजक हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हरनाटांड़ में मेला के उद्घाटन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निमंत्रण भेजा गया है। मेले के उद्घाटन समारोह में थारू महासंघ के पदाधिकारी भी शिरकत करेंगे। मेला संयोजक ने बताया कि मेले में ग्रास फील्ड व आकर्षक लाइटिग लगाया जा रहा है। जिसमें ब्रेक डांस, नाव, टावर झूला, ट्रेन व बंबे बाजार आदि लगने शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी थारू संस्कृति से जुड़े विज्ञान व खाद्य संबंधित चीजों को प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेले को साल दर साल ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। विदित हो कि उक्त मेले का आयोजन कई दशकों से किया जा रहा है। यह मेला करीब सात दिनों तक चलता है और आसपास के क्षेत्रों के लोग कार, ट्रेक्टर, बैलगाड़ी आदि से सपरिवार इस मेले का आनंद उठाने जाते हैं।

## जीके मेमोरियल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत-संगीत

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** छपरा बहास बेतिया-मोतिहारी रोड स्थित जीके मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में 15 फरवरी 2023 को ह्यकलाकृति-2023 कार्यक्रम संपन्न हुआ।यह कार्यक्रम में आस पास के क्षेत्र के उन बच्चों को मंच पर मौका दिया गया जिसके माध्यम से नन्हे मुन्हे कलाकार अपने अन्दर के छुपे हुए कला का प्रदर्शन कर सके।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हिंदुस्तान पेट्रोलियम बायो फ्यूल लिमिटेड महाप्रबंधक श्री विजय दीक्षित,श्री राजेंद्र गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष मोतिहारी जिला परिषद् श्री महेश अगरवाल,वरिष्ट नेता बीजेपी रामगोपाल खंडेलवाल,मुख्य पार्षद नसरी अली,समाजसेवी भाई अली हसन, उप मुख्य पार्षद पति विकास शर्मा एवं डॉ. शफीकुर रहमान,प्राध्यापक एमएस कॉलेज मोतिहारी, पीयूष शरण उपस्थित होकर प्रतिभाशाली बच्चों का



मनोबल को बढ़ाया। आस पास क्षेत्रो से आये प्रतिभावान नन्हे कलाकारों ने चित्रकला,नृत्य,गीत-संगीत आदि कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अतिथिगणों एवं अभिभावकों का मनमोह लिया। इस कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के कर-कमलों से बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं पारितोषिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विद्यालय के निदेशक श्री अमरेन्द्र पाण्डेय ने गणमान्य अतिथिगण एवं अभिभावकगणों को धन्यवाद् ज्ञापित करते हूए कहा कि कलाकृति कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य है कि हमारे समाज के उन बच्चों को एक मंच प्रदान करना है जो किसी कारणवश अपने कला का प्रदर्शन नही कर पाते है। हमें साथ मिलकर प्रतिभावान बच्चों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने में मदद करना है एवं साथ ही साथ उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।जो आगे बढ़कर अपने परिवार,क्षेत्र सहित देश का नाम रोशन कर सके।

## आवास निर्माण के लिए शिविर लगाकर लिया आवेदन

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** नगर पंचायत क्षेत्र के 20 वार्डों में आवास निर्माण को लेकर सभी वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रत्येक वार्ड में आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार के हवाले से बताया गया कि नगर पंचायत से एक शेड्यूल जारी किया गया है। जिसको लेकर दो टीम बनाई गई है। वार्ड 1 से 10 तक और 11 से 20 वार्ड के लिए अलग-अलग टीम काम कर रही है। गुरुवार को वार्ड 15 और 16 में शिविर लगाया गया जहां लाभुक पहुंचे। शिविर में नगर पंचायत से पहुंचे अभिषेक कुमार और नितेश सिंह ने बताया कि वार्ड 15 के गणेश विधा मंदिर स्कूल से वार्ड पार्षद के प्रतिनिधि रईस लाल गुप्ता की उपस्थिति में 72 और वार्ड 16



के महावीर चौक लाल मंदिर मे लगे शिविर में 78 लोगो का आवेदन लिया गया। टीम ने बताया कि शिविर में पहुंचने वाले लाभुकों से आवेदन के साथ उनका शपथ पत्र, जमीन का दस्तावेज, मालगुजारी रशिद,राशन कार्ड,दो पासपोर्ट साइज फोटो और लाभुक पति पत्नी के आधार कार्ड की छाया प्रति ली जा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 20 फरवरी तक चलाकर सभी 20 वार्डों में आमसभा कर आवेदन लिया जाएंगा।टीम ने बताया कि गुरुवार तक 800 से अधिक लाभुकों का आवेदन लिया गया है। जिसके बाद आवेदनों की जांच पड़ताल कर विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन कर दिया जाएगा। जांच पड़ताल की प्रक्रिया पूरी कर अंतिम रूप से लाभुकों को वार्ड के अनुसार सूचीबद्ध कर दिया जाएगा।

## निशुल्क आँख जांच शिविर



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** प्रखंड बगहा दो अंतर्गत सुदूर पंचायत देवरिया तरूअनवा के पंचायत भवन मे गुरूवार के दिन ध्रुव नेत्रालय हरनाटाड के संचालक डॉ चिंतामणि काजी के द्वारा निशुल्क आख जाँच का शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों की संख्या में पंचायत के नेत्र रोगी पहुंचे हुए थे। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय ओझहिया ने बताया कि ध्रुव नेत्रालय के द्वारा मेरे पंचायत में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जो पंचायत के गरीब नेत्र के लिए एक वरदान साबित होगा।

वही ध्रुव नेत्रालय के संचालक डॉ चिंतामणि काजी ने बताया कि मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क जाँच, आपरेशन व दवाओं के लिए यह शिविर लगाया गया है। कोशिश है कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में क्रमवार शिविर लगाकर मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों का निशुल्क ईलाज किया जाय। उन्होंने बताया कि जाँच के उपरांत शनिवार को 20 नेत्र रोगियों का आपरेशन किया जायेगा। रोगियों की संख्या अधिक होने पर अगले शनिवार को आपरेशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अगला शिविर नौरंगिया पंचायत में आगामी 23 फरवरी को लगाया जायेगा।

# देश भक्ति गीत की लहरियों पर देर रात तक झूमे राष्ट्रभक्त

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर अनुमंडल प्रशासन ने किया शुभारंभ

**देश भक्ति गीत संगीत के गायक अमित एवं प्रियतम के गीतों पर श्रोताओं ने उठाया भरपूर आनंद**

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** तारापुर शहीद दिवस के मौके पर गुरुवार की रात थाना भवन तारापुर के कला मंच पर वीर शहीदों की याद में एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन तारापुर एवं खड़गपुर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार आदित्य नाथ झा पूर्व विधायक गणेश पासवान थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन चंद्रर सिंह राकेश हरे कृष्ण वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप



प्रज्जवलित कर किया। गीत संगीत की शुरूआत गायक अमित ने गणेश वंदना के साथ-साथ जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा की ऐसी प्रस्तुति किया जहां वक्त थम सा गया। हर ओर बस संगीत का राज जिसमें श्रोता देर रात तक आत्म विभोर होकर डुबकियां लगाते रहे। मौका था तारापुर शहीद दिवस के मौके पर तारापुर थाना भवन के प्रशाल में भव्य एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का। वहीं गायक दिनेश पंडित ने चिट्ठी आई है वतन से चिट्ठी आई है को जैसे ही शुरू किया की तालियों की तरतराहट से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मदर टेरेसा ज्ञान मंदिर असरगंज की छात्राओं ने ए मेरे वतन के लोगों जरा खूब लगा लो नारा एवं आध्या फाउंडेशन छत्रहार की छोटी-छोटी बच्चियों एवं मिलेनियम क्वीन इत्यादि कई स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति कर लोगों को खूब झुमाया। उद्घाटन मौके पर एसडीओ रंजीत कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में संगीत ही लोगों को राहत पहुंचाता है भजन संध्या में नाल पर ऋषभ, पैड पर रवि, गिटार प्रियतम झा ,आर्गन पर अजीत ने अपनी कला का बेहतरीन प्रयोग कर एक से बढ़कर एक गीत संगीत की धुन पर लोगों को खूब घुमाया। कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी सहित हजारों लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया।

### गोवर्धन गैस प्लांट का विधायक ने किया उद्घाटन

**कोटवा पू च :** प्रखंड अंतर्गत मच्छरगावा पंचायत में उन्चास लाख के लागत से निर्मित गोवर्धन गैस प्लांट, सात लाख चौतीस हजार कचरा प्रबंधन इकाई, मनरेगा से निर्मित पोखर आदि का उद्घाटन स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव और मुखिया पूनम देवी द्वारा फीता काट कर किया गया।बता दे कि इसका उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विगत 15 फरवरी को मच्छरगवां आकर करना था। लेकिन कार्यक्रम स्थगित होने के कारण नही हो सका। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मैं अपने निजी कोष से दस लाख रुपए इस कैंपस के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए दूंगा। बिहार सरकार द्वारा सभी विभागों में चौतरफा विकास हो रहा है। मौके पर सदर एसडीओ श्रेष्ठ अनुपम, डीआरडीओ निदेशक मेघा कश्यप, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमीप उपाध्धय, बीडीओ सरीना आजाद, सीओ निरंजन कुमार मिश्रा, कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, मुखिया पति अनिल सिंह, अरुण जेटली सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रशिक्षण में गए बगहा दो सीडीपीओ, बगहा एक सीडीपीओ को मिला प्रभार

**बगहा :** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बगहा दो रंजीत कुमार के 45 दिवसीय प्रशिक्षण में चले जाने के बाद बघान तो बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का प्रभार बगहा एक बाल विकास पदाधिकारी मधुलता कुमारी को दिया गया है। वहीं मधुबनी पिपरासी व ठकराहा का प्रभार मझौलिया सीडीपीओ जयमाला कुमारी को दी गई है। जानकारी के मुताबिक आईसीडीएस निदेशालय के आदेश ज्ञापांक संख्या - एफई -1640/02/2021-675 दिनांक 06/02/2023 के आलोक में लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान बिहार पटना में दिनांक 13 2023 से आयोजित 45 दिवसीय सांस्कृतिक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु पश्चिम चंपारण जिला से बगहा टू बगहा 2 सीडीपीओ रंजीत कुमार व नरकटियागंज सीडीपीओ मोहम्मद साहिल को विर्मित किया गया है। जिसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पश्चिम चंपारण के पत्रांक -288 , दिनांक 15/ 02/2023 के आलोक में उनके आवंटित और परियोजनाओं का पदभार बगहा एक सीडीपीओ मधुलता कुमारी व मझौलिया सीडीपीओ जयमाला कुमारी को सौंपी गई है।

संपादकीय

# भूकंप भारत के लिए भी एक सबक

तुर्की और सीरिया के भूकंप में अब तक 41 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 6 फरवरी की सुबह से पहले दक्षिणी तुर्की शहर गजियांटेप के पास 7.8 की तीव्रता वाले भूकंप ने दोनों देशों के शहरों को बर्बाद कर दिया, जिससे लाखों लोग घायल हो गए और कई बचे लोग कड़ाके की ठंड में बेघर हो गए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने स्वीकार किया कि भूकंप के बाद शुरूआती प्रतिक्रिया के दौरान कुछ समस्याएं थीं, लेकिन उन्होंने दावा किया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। राजधानी अंकारा से राष्ट्र के नाम एक संबोधन में, एर्दोगन ने कहा, हम न केवल अपने देश, बल्कि मानव जाति के इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक से निपट रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में मरने वालों की संख्या 5,814 है। भूकंप के एक सप्ताह से अधिक समय बाद मंगलवार को बचावकर्मियों ने तुर्की में इमारतों के मलबे से नौ लोगों को जिंदा निकाला। उनमें से 17



और 21 साल के दो भाइयों को कहारनमारस प्रांत में एक अपार्टमेंट ब्लॉक के मलबे से बचाया गया था। दो सौ से अधिक घंटों के बाद, एक सीरियाई पुरुष और एक युवती को हटे प्रांत की राजधानी अंताक्या के खंडहरों से बचाया गया। एक बचावकर्मी ने टिप्पणी की कि बचाए जाने के लिए अभी भी और लोग जीवित फंसे हो सकते हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों का कहना है कि बचाव का चरण समाप्त हो रहा है, अब ध्यान जीवित बचे लोगों के लिए आश्रय, भोजन और स्कूल प्रदान करने पर केंद्रित है। कई बेघर लोग थोड़े से आश्रय और भोजन की तलाश में कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे भाग रहे हैं। वे अब राहत प्रयासों का लक्ष्य हैं। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हमने एक तंबू और अन्य सहायता के लिए आवेदन किया, लेकिन अभी तक हमें कुछ भी नहीं मिला है। सीरियाई शरणार्थी हसन सिमा ने कहा कि वह और उसका परिवार तुर्की के गजियांटेप में एक खेल के मैदान में शरण लिए हुए हैं। सिमा और अन्य सीरियाई शरणार्थी देश के युद्ध से भाग गए और गाज़ियांटेप में शरण ली, लेकिन भूकंप ने उन्हें भी बेघर कर दिया। उन्होंने उस खेल के मैदान में प्लास्टिक शीट, बॉक्स कार्टन आदि के साथ एक अस्थायी आश्रय बनाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन यूरोपीय क्षेत्र के निदेशक हैंस हेनरी पी के मुताबिक मांग बहुत बड़ी है, घंटे के हिसाब से बढ़ रही है। दोनों देशों में करीब 26 लाख लोगों को मानवीय सहायता की जरूरत है। यह एक बढ़ती चिंता है क्योंकि ठंड के मौसम, स्वच्छता और कचरा निपटान और संचारी रोगों के प्रसार से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दे उत्पन्न होते हैं। कमजोर लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। इस प्राकृतिक आपदा के बीच से जो आक्रोश उभर रहा है वह भारत के लिए महत्वपूर्ण है। वहां के लोग इतनी सारी इमारतों के भरभराकर गिर जाने की वजह घटिया निर्माण को निर्माण संबंधी कानूनों का उल्लंघन मानते हैं। यह भारत के लिए भी समय से पहले उपाय करने की पूर्व चेतावनी है। देश के लगभग हर हिस्से में चांदी के सिक्कों की खनखनाहट ने सरकारी मुलाजिमों को कानून का पालन करने से अलग किया है। इमारत बनाने के नियमों का उल्लंघन होने के बाद भी इन इमारतों को सिर्फ पैसे से नियमित करने की प्रक्रिया अब एक आम बात है। इसकी वकालत करने वालों से यह पूछा जाना चाहिए कि इससे इंसानी जीवन पर जो खतरा बढ़ रहा है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। जिन लोगों पर नियमों के अनुकूल भवन निर्माण की देखरेख की जिम्मेदारी है, वे भी अपनी यह जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभा रहे हैं। यद्यपि गोंडवाना प्लेट के हिस्सों पर स्थित भारतीय इलाको में ऐसा खतरा कम होने की आशंका है। फिर भी तुर्की और सीरिया की तबाही यह सोचने पर मजबूर करती है कि यदि गोंडवाना प्लेट के ऊपर स्थित इलाकों में भी भूकंप आया तो तुर्की और सीरिया जैसी तबाही यहां होगी अथवा नहीं होगी। नियमों की अनदेखी कर बनाये गये भवन ऐसे झटकों को कितना झेल पायेंगे, यह बच्चा भी समझ सकता है। दूसरी परेशानी तुर्की और सीरिया की वर्तमान सामाजिक स्थिति की है। ट्विटर पर हमें सीरियाई नहीं चाहिए, शरणार्थियों को वापस भेजो, अब और स्वागत नहीं जैसे सीरिया विरोधी नारे देखे जा सकते हैं। भूकंप प्रभावित शहर गजियांटेप लगभग 500,000 सीरियाई शरणार्थियों का घर है, जो शहर की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई है। गज़ियांटेप उन सीरियाई शहरों में से एक है जो भूकंप से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सीरियाई लोगों के प्रति तुर्की का गुस्सा कोई नया नहीं है, लेकिन भूकंप के बाद की स्थिति ने इन तनावों को बढ़ा दिया है। यह भी भारत के लिए खतरे की एक पूर्व चेतावनी ही है।

# काश्तकारों को निःशुल्क बीज मिनी किट वितरण सकारात्मक पहल

यदि खेती किसानी से काश्तकारों की माली हालत सुधारनी है तो काश्तकारों को कृषि आदान के रुप में सहायता दी जानी होगी। इसके लिए सरकारें द्वारा चाहे केन्द्र की हो या प्रदेशों की, जितनी राषि का अनुदान प्रावधान किया जाता है या ऋण माफी की अनुमानित राशि का प्रावधान किया जाता है उतनी राशि से काश्तकारों को कृषि आदान यानी कि उन्नत बीज-खाद, कीटनाषक आदि के मिनी किट के रुप में निःषुल्क या अनुदानित दर पर सीधे काश्तकार को उपलब्ध कराया जाता है तो इसका वास्तविक लाभ खेती किसानी को मिल सकेगा। हालिया राजस्थान सरकार के आगामी वर्ष के हालिया बजट को इस दिशा में सकारात्मक पहल माना जा सकता है।



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 फरवरी को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत बजट में प्रदेश के 23 लाख लघु एवं सीमांत किसानों को उन्नत प्रमाणित बीज के निःशुल्क मिनी किट उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसी तरह से इंटरनेशनल मिलेट् वर्ष के अवसर पर 8 लाख



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
पत्रकार

किसानों को बाजरा बीज के मिनी किट वितरित करने और 20 लाख सब्जियों के मिनी किट वितरित करना प्रस्तावित किया है। इसमें 11 लाख किसानों को संकर मक्का बीज के मिनी किट, 7 लाख काश्तकारों को सरसों बीज के मिनी किट, 3 लाख किसानों को मूंग बीज के मिनी किट और एक-एक लाख काश्तकारों को मोठ और तिल बीज के मिनी किट उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। 8 लाख काश्तकारों को बाजरा बीज कि मिनी किट उपलब्ध होंगे तो 20 लाख काश्तकारों को सब्जी बीज के मिनी किट दिए जाएंगे। भले ही राजस्थान की सरकार द्वारा निःशुल्क बीज मिनी किट वितरण के दायरें में लघु एवं सीमांत किसानों को लिया गया है और यह भी सही है कि सर्वाधिक सहायता की आवश्यकता लघु एवं सीमांत किसानों को है, ऐसे में इसका सीधा सीधा लाभ खेती किसानी और काश्तकार को मिलेगा और यह व्यवस्था सीधे किसानों के खातों में अनुदान राशि भेजे जाने से भी अधिक प्रभावी होगी।

दरअसल समझना यह होगा कि कृषि आदान के रुप में उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री चाहे वह बीज के मिनीकिट हो या उर्वरक या फिर कीटनाशक या अन्य कुछ उसका सीधे सीधे और शतप्रतिशत उपयोग खेती किसानी में ही होगा। काश्तकार बीज को बुवाई के ही काम में लेगा और इससे उत्पादन बढ़ेगा जिससे काश्तकार के साथ ही प्रदेश व देश को लाभ मिलेगा। देश और प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ेगा। इससे दोहरा लाभ सुनिश्चित है। एक तो यह कि काश्तकारों को बुवाई के समय बीज की उपलब्धता होगी, दूसरी यह कि बीज की गुणवत्ता और प्रमाणिकता से समझौता नहीं होगा और किसान नकली बीज से ठगा नहीं जाएगा। इसके साथ ही यह भी साफ होगा कि चूंकि सरकार द्वारा बीज के मिनी किट का वितरण किया जाएगा तो निश्चित रुप से यह भी सुनिश्चित होगा कि क्षेत्र विषेष के लिए उपयुक्त किस्म के बीज काश्तकारों को मिल सकेंगे। इससे बीज की गुणवत्ता पर भी किसी तरह का संदेह नहीं किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को अलग कर दिया जाए तो एक बात साफ हो जानी चाहिए कि किसी अन्य तरीके से काश्तकार को भले ही डीबीटी के माध्यम से अनुदान राशि हस्तांतरित की जाएं और यह सुनिश्चित होने के बाद भी शतप्रतिशत राशि बिना किसी लिकेज के काश्तकार को मिले पर उस राशि का उत्पादन कार्य में उपयोग होगा या सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। इससे नहीं नकारा जा सकता है कि जब नकद राशि आती है तो उसका अन्य उपयोग में लिए जाने से नकारा नहीं जा सकता। ऐसे में राजस्थान सरकार की नए बजट में किसानोन्मुखी अन्य घोषणाओं के साथ ही उन्नत बीज के मिनी किट निःशुल्क वितरण की रुपरेखा प्रस्तुत की गई है और यह साफ है कि इसका सीधा सीधा लाभ काष्तकार और प्रदेश में कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी में ही होगा। इसके साथ ही जब सरकार द्वारा बीज मिनी किट उपलब्ध कराए जाएंगे तो उनकी गुणवत्ता और उत्पादकता पर प्रश्न भी नहीं उठाया जा सकेगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने एक अच्छी पहल कर दी है। बजट में इसके लिए वित्तीय प्रावधान भी कर दिए हैं। ऐसे में अब सरकारी मशीनरी की जिम्मेदारी हो जाती है कि बीज की गुणवत्ता और बीज वितरण का रोडमेप समय रहत तैयार कर लिया जाए ताकि मानसून के आरंभ होते ही या खरीफ की बुवाई के समय लक्षित काश्तकारों को समय पर योजनावद्ध तरीके से बीज के मिनी किट वितरित हो सके। ऐसा नहीं है कि मिनी किट पहली बार वितरित होंगे अपितु मिनी किट तो वितरित होते रहते हैं पर राज्य सरकार इस बार बड़े स्तर पर लघु एवं सीमांत किसानों को इसके दायरे में ला रही है। ऐसे में बीज की गुणवत्ता, उपलब्धता और मिनी किट समय पर तैयार होने और वितरण का समूचा फूल प्रूफ नेटवर्क तय करना होगा। इसके लिए सहकारी नेटवर्क की भूमिका तय की जा सकती है। आशा की जानी चाहिए कि राज्य सरकार की इस पहल की सफल क्रियान्विति होगी और काश्तकारों और प्रदेश के कृषि क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। राजस्थान की इस पहल को अन्य प्रदेशों में भी अपनाने की पहल की जाती है तो यह खेती किसानी क्षेत्र में बढ़ता सकारात्मक कदम होगा।

# कृष्ण के बारे में दुर्योधन, शकुनी की राय

कृष्ण को अलग-अलग लोगों ने अलग-अलग तरीकों से देखा और अनुभव किया है। इसे समझने के लिए दुर्योधन का उदाहरण लेते हैं। वह अपनी पूरी जिंदगी एक खास तरह की स्थितियों से घिरा रहा। इतिहास उसे एक ऐसे शख़्स की तरह देखता है, जो बहुत ही गुस्सैल, लालची और असुरक्षित था। वह हमेशा सब से ईर्ष्या करता रहा और सबका बुरा चाहता रहा। अपनी ईर्ष्या और लालच में उसने जो भी काम किये, वे उसके और उसके कुल के विनाश की वजह बन गए। ऐसा दुर्योधन कृष्ण के बारे में कहता है 'कृष्ण एक बहुत ही आवारा और मूढ़ व्यक्ति है, जिसके



चेहरे पर हमेशा एक शरारती मुस्कान रहती है। वह खा सकता है, पी सकता है, गा सकता है, प्रेम कर सकता है, झगड़ा कर सकता है, बड़े उम्र की महिलाओं के साथ वह गप्पें मार सकता है, और छोटे बच्चों के साथ खेल भी सकता है। ऐसे में कौन कहता है कि वह ईश्वर है?

**शकुनी**

महाभारत का ही एक और चरित्र है – शकुनि। शकुनि को कपट और धोखेबाजी का प्रतीक माना जाता है। वह कहता है – 'अगर हम मान लें कि वह भगवान है तो इससे क्या फर्क पड़ता है। आखिर भगवान कर क्या सकता है? भगवान बस अपने उन भक्तों को खुश कर सकता है, जो उसकी पूजा करते हैं और उसे प्रसन्न रखते हैं। होने दो उसे भगवान, लेकिन मैं तो उसे बिलकुल पसंद नहीं करता। जब आप किसी को बिलकुल पसंद नहीं करते, तब भी आपको उसकी प्रशंसा करनी चाहिए।

साहित्य

# मेहनत की सिसकियां, नकल माफिया और राजनीतिक बैसाखियां



**प्रियंका सौरभ**
स्तंभकार

नकल विरोधी कानून सरकार की एक अच्छी पहल है परंतु इसमें एक और संशोधन करके यह शामिल किया जाना चाहिए कि जिस नेता या उसके रिश्तेदार करीबी का नाम पेपर लीक में हो उससे 10 सालों तक चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगा दी जाए सारा खेल खत्म हो जाएगा। बार-बार पेपर लीक होने से देश में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। मेहनती नौजवानों के अधिकारों की रक्षा के लिए, जो रात-रात भर मेहनत करते हैं, उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रति-नकल अधिनियम एक बहुप्रतीक्षित कदम है। अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जो इसी तरह के खतरे का सामना कर रहे हैं, उन्हें इसका पालन करना चाहिए।

उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू हो गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम और रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 को मंजूरी दे दी है।'नकल विरोधी कानून' के तहत नकल करने वाले उम्मीदवारों को दंडित किया जाएगा और उन पर 10 साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। नकल माफिया को उम्रकैद या 10 साल की जेल के साथ 10 करोड़ का जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

> **टी-कॉपीइंग एक्ट, 1992 भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1992 में अधिनियमित एक भारतीय कानून था।**

टी-कॉपीइंग एक्ट, 1992 भारतीय जनता पार्टी के कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1992 में अधिनियमित एक भारतीय कानून था। राजनाथ सिंह, हालांकि उस समय की सिंह सरकार में शिक्षा मंत्री थे, इस विचार का श्रेय स्वयं मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को दिया गया था। कानून का उद्देश्य राज्य में स्कूल और विश्वविद्यालय परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर नकल की प्रथा को रोकना है। इस अधिनियम ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को एक संज्ञेय अपराध बना दिया और यह गैर-जमानती था और कथित तौर पर पुलिस को जांच करने के लिए परीक्षा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी। हालांकि, मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार, जो 1993 में सत्ता में आई थी, ने अगले वर्ष इसे निरस्त कर दिया।

निष्पक्ष और नकलविहीन भर्ती परीक्षा कराने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू हो गया है. यह यूकेपीएससी पेपर लीक के बाद आया है, जिसके कारण लगभग 1.4 लाख सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। कानून परीक्षाओं की शुचिता में बाधा डालने, अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रश्न पत्रों के लीक होने और अन्य अनियमितताओं से संबंधित अपराधों को रोकने के लिए है। 'एंटी-कॉपीइंग लॉ' के तहत, धोखाधड़ी में शामिल उम्मीदवारों को तीन साल की कैद और न्यूनतम 5 लाख रुपये के जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। जुमार्ना नहीं देने पर प्रत्याशी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दूसरी बार के अपराधी को न्यूनतम 10 साल की जेल और 10 लाख रुपये के जुमार्ने से दंडित किया जाएगा। 10 करोड़ रुपए जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। नकल माफिया के लिए आजीवन कारावास या 10 साल की जेल। इसके अलावा नकल माफिया की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून बना है और उसके तहत पहला केस एक छात्र तथा एक न्यूज पोर्टल पर दर्ज हुआ है ।

जानकारी

# क्वीन ऑफ हिल्स 'दार्जिलिंग



कुल मिलाकर देखें तो अक्टूबर और नवंबर का महीना दार्जिलिंग में घूमने के लिहाज से सबसे बेस्ट है। उस वक्त शरद ऋतु का मौसम रहता है और तापमान 10 से 15 डिग्री के बीच रहता है। ना बहुत ज्यादा सर्दी और ना ही गर्मी। ऐसे में आप खुलकर इंजॉय कर सकते हैं।कैसे पहुंचे दार्जिलिंग?

दार्जिलिंग पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट बागडोगरा है जो यहां से 67 किलोमीटर दूर है और सड़क मार्ग के जरिए ढाई घंटे में आप एयरपोर्ट से दार्जिलिंग पहुंच सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी रेलवे स्टेशन न्यू जलपाइगुरी है जो यहां से 70 किलोमीटर दूर है और ढाई से तीन घंटे में रेलवे स्टेशन से दार्जिलिंग पहुंचा जा सकता है। आप चाहें तो गंगटोक, कलिम्पोंग, सिलिगुरी जैसे शहरों से सड़क मार्ग के जरिए भी दार्जिलिंग जा सकते हैं।

# Nokia X30 5G IYe सेल 20 फरवरी से

नई दिल्लीः Nokia X30 5G की सेल 20 फरवरी से भारत में शुरू होने वाली है। कंपनी ने मंगलवार को ट्विटर के जरिए देश में नए 5G स्मार्टफोन के आने की जानकारी दी है। बता दें कि नोकिया एक्स30 5जी बीते साल सितंबर में बर्लिन में IFA 2022 इवेंट के दौरान पेश किया गया था। Snapdragon 695 5G SoC पर काम करने वाले इस फोन में 8GB तक RAM दी गई है। Nokia के इस फोन में 50 मेगापिक्सल का ड्यूल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है। 33W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ इसमें 4,200mA की बैटरी दी गई है। यहां हम आपको Nokia X30 5G के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



स्मार्टफोन ब्रांड ने एक ट्वीट के जरिए भारत में Nokia X30 5G की एंट्री का ऐलान किया। यह भारत में 20 फरवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। इस फोन में 3 साल के एंड्रॉयड और सिक्योरिटी अपडेट मिलेंगे। अभी तक भारत में इस फोन की कीमत की जानकारी नहीं मिली है। HMD Global ने बीते साल सितंबर में IFA 2022 इवेंट के दौरान Nokia X30 5G को पेश किया था। यूरोप में स्मार्टफोन की शुरूआती कीमत एवR 529 यानी कि लगभग 42,000 रुपये है। कलर ऑप्शन के लिए यह फोन Cloudy Blue A:SX Ice White कलर ऑप्शन में आया है। स्टोरेज के लिए यह 6GB RAM + 128GB A:SX 8GB RAM + 256GB स्टोरेज ऑप्शन में आता है।

साइबर दुनिया

**Nokia X30 5G price in India, availability**

Nokia X30 5G को भारत में 48,999 रुपये कीमत में पेश किया गया है। इस कीमत में आपको 8GB रैम के साथ 256GB स्टोरेज मिल रही है। फोन को दो कलर ऑप्शन के साथ पेश किया गया है।

टॉप ट्वीट



"मैं सभी से विशेषकर युवाओं से मतदान करने के लिए अपने घरों से बाहर आने और लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेकर उसे मजबूत करने और शांति एवं प्रगति के लिए मतदान करने का आग्रह करता हूं। बिना किसी डर के मतदान करें।" .

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष



"जो सह रहे हैं वो कह रहे हैं। राज मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म सेल्फी वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम भाषा की कॉमेडी-ड्रामा 'ड्राइविंग लाइसेंस'की रीमेक है। "

**अक्षय कुमार**
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

# छतीसगढ़ में अपार संभावनाएं

छतीसगढ़ में दो दशक के बाद नक्सली आग बुझ नही रही है ।हालांकि सरकार का दावा है कि नक्सली हिंसा में कमी आई है और नक्सली मुख्यधारा में जुड़ रहे है ।माओवादी अभी भी भ्रम पाले हुए है कि सत्ता बन्दूक की नली से ही निकलती है ।दंतेवाड़ा में नक्सलियों पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता की हत्या कर दी ।नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में जनप्रतिनिधियों की हत्याओ के मामले थमने का नाम नही ले रहे है ।दंतेवाड़ा के पूर्व सरपंच की हत्या कर दी ।बीते पांच दिनों में तीन जनप्रतिनिधियों की हत्या कर दी है ।जाहिर सी बात है कि आतंक का गलियारा सिकुड़ा नही है ।पांच दिन में तीन की हत्या की जाती है तो सवाल उठना लाजमी है ।माओवादी मुख्यधारा में कब सामिल होंगे?सुरक्षा बल के जवान शहीद होते है ।सरकार हिंसक वारदात पर कहती है कि माओवादी के वार्ता के सारे दरवाजे खुले है ।गृहमंत्री अमित शाह ने दो दिन पहले कहा था कि नक्सलवाद और कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाया गया है ।यह ठीक है,लेकिन उनके बयान के दो दिन बाद दंतेवाड़ा में हिंसा कर दी जाती है ।इसका मतलब आज भी नक्सली सक्रिय है ।सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली है ।हिंसक घटनाओ में कमी आई है,लेकिन जड़मूल से नेस्तनाबूद करने के लिए सरकार को त्वरित एक्शन लेने की आवश्यकता है ।नक्सलियों को अपने ही क्षेत्र में ढूंढना पड़ता है,जबकि आतंकी सीमा पार से आते है ।उसके लिए सरकार को अभियान चलाया जाना चाहिए ।सरकार शस्त्रबलो द्वारा माओवादियों को खत्म करना चाहती है तो इस तरफ कदम उठाया जाना ही हितकर है ।बस्तर में अमूमन हर तीसरे दिन अपराध होते है ।अभी सरकार दावा कर रही है कि नक्सलियों के मंसूबे धराशायी हो गए है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

निर्माण ‘ वर्षों संघर्ष व आंदोलन के बाद करोड़ों रुपए की लागत से बनना शुरू हुआ

# सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर संवेदक को लगाई फटकार : अन्नपूर्णा

**मेटल की जगह ज्यादा डस्ट का ही उपयोग**

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक टू डाढ़ा पथ निर्माण कई वर्षों संघर्ष व आंदोलन के बाद करोड़ों रुपए की लागत से बनना शुरू हुआ है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है।

इसका शिकायत केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित कुमार यादव से बरका खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता के नेतृत्व में ग्रामीण मुलाकात कर कहां की संवेदक, जेईई एवं बिचौलिया की मिलीभगत से सड़क निर्माण में मेटल की जगह ज्यादा डस्ट का ही उपयोग के साथ-साथ रोलिंग भी कम किया जा रहा है, डस्ट धूल से आने जाने वाले ग्रामीणों हैं परेशान पानी छिड़काव की है जरूरत, अगर सुधार नहीं किया गया तो सड़क बनते ही अति शीघ्र खराब हो जाएगी।



इसके बाद पहले से और बदतर सड़क की स्थिति हो जाएगी। ग्रामीणों की बात सुनते ही सांसद अन्नपूर्णा देवी ने तत्काल ग्रामीणों के सामने जेईई से दूरभाष पर बात कर फटकार लगाते हुए कार्य को सुधारने की बात कहीं और चेतावनी देते हुए कही कि दोबारा ऐसा शिकायत मिला तो आप लोगों पर करवाई हेतु अनुशंसा किया जाएगा।

ग्रामीणों में शामिल सुरेश मेहता, अशोक मेहता, सुरेंद्र मेहता, रामकिशोर मेहता, विक्रम कुमार, कौशल नाथ मेहता, अनीता देवी, बेबी देवी, रेखा देवी, बबलू कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एनएचआई के साथ विशेष बैठक आयोजन किया गया



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न बैंठक में चौपारण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 11 किलो मीटर की लम्बाई में चोरदाहा तक होने वाले सड़क दुर्घटनाओ को कम करने के लिए सड़क की संरचनात्मक एवं तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए एनएचआई के तरफ से तैयार प्रस्तावों पर विशेष चर्चा की गई। प्रस्तावित योजना के अनुसार दनुआ घाटी के 11 के मार्ग के खतरनाक मोड़ को यथासंभव सीधा करने, नवीनतम प्रस्ताव अनुरूप बताया गया कि लगभग 69.75 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहन प्रस्तावित है, जिसमें रैयतों का लगभग 4.2 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी। अधिग्रहण होने वाले भूमि का लगभग 99 प्रतिभत भूमि बन क्षेत्र में आता है। विस्थापन के क्रम में लगभग 65 आवासों का विस्थापन होगा और लगभग एक हजार वृक्ष काटने की आवश्यकता होगी। तैयार प्रस्ताव के आधार पर सड़क की तकनीकी खामियों को ठीक करने में अनुमानित खर्च 238.88 करोड़ रूपया होने की जानकारी की गई। एनएचआई के परियोजना निदेशक के बताया दनुवा घाटी की 11 किलोमीटर के तकनीकी खामियों को ठीक होने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। विस्थापित आबादी का मुआवजा, सुरक्षा मानक, नागरिक सुविधा, सार्वजनिक हित, घाटी में एम्बुलेंस की विशेष व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पाथ वे, फूट ओवरब्रिज, अंडरपास आदि का खास ख्याल रखा गया है। बैठक में उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, परियोजना निदेशक एनएचआई, बरही एसडीओ सहित अन्य तकनीकी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रशिक्षु अधिकारी ने किया वेस्ट कंपोस्टर मशीन का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग विश्वविद्यालय परिसर देखकर हुई प्रभावित शिक्षा और कार्य संस्कृति से संबंधित विषय पर कुलपति से की चर्चा प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शताब्दी मजूमदार ने गुरुवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में संचालित ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टर मशीन का निरीक्षण किया। भौतिक निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मशीन के संचालन विधि की पूरी जानकारी ली। मालूम हो कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर तीन मशीन लगाए गए थे। इन्हीं मशीनों की स्थिति को देखने के लिए प्रशिक्षु अधिकारी का दौरा कैंपस में हुआ था। कुलसचिव डॉ0 वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सीसीडीसी डॉ0 आर एन सिन्हा तथा विकास पदाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह ने उन्हें मशीन के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण करने के बाद प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शताब्दी मजूमदार ने कुलपति डॉ0 मुकुल नारायण देव से उनके कक्ष में औपचारिक मुलाकात कर विश्व विद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों की उत्सुकता पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कुलपति महोदय से कहा कि वह फिर इस परिसर में आकर उनसे मुलाकात करेंगे तथा कई शैक्षिक विषयों पर विमर्श करेंगी। इस मौके पर कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने मेमेंटो देकर प्रशासनिक अधिकारी शताब्दी मजूमदार को सम्मानित किया। मौके पर कई अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के अभियंता रिजवान उपस्थित थे।

# प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र हुए सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में सरस्वती, शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली हजारीबाग को आदर्श विद्यालय की घोषणा हुई साथ ही विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को विद्यालय के शैक्षणिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज और चयन परीक्षा में कुम्हार टोली विद्यालय के सर्वाधिक बच्चों की उपस्थिति, समर्पण कार्य, शैक्षिक विकास, खेलकूद संस्कृति बोध परियोजना एवं विज्ञान के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर बच्चों की शानदार सफलता के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि, शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय एवं सर्वोत्तम प्रयास के लिए विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि विद्यालय के प्राचार्य को प्रदान किया गया। आज विद्यालय की वंदना सभा में विद्यालय के सचिव, संजय उपाध्याय को विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो साभार अर्पित किया। मौके पर सचिव संजय उपाध्याय ने कहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली निरंतर प्रगति की ओर बढ़ते हुए जा रहा है। इस विद्यालय के भैया- बहन शैक्षणिकक्षेत्रों में, खेलकूद, विज्ञान एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं। विद्यालय के लिए यह गर्व का क्षण है। विद्यालय को आदर्श विद्यालय की उपाधि मिली है इसके लिए उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

करोड़ों की लागत से राजमहल में होगा स्टेडियम का निर्माण

# आज स्टेडियम की रखेंगे आधारशिला: अनंत ओझा

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज :** राजमहल में खेल प्रेमियों का सपना अब साकार होने जा रहा है। विधायक अनंत ओझा-ओझा चार करोड़ की लागत से बनने वाले स्टेडियम का आज शिलान्यास करेंगे। विधायक के लगातार प्रयासों के बाद राजमहल क्षेत्रवासियों का सपना पूरा हो रहा। हालाँकि इस स्टेडियम की स्वीकृति पूर्ववर्ती रघुबर सरकार में विधायक अनंत्वोझा द्वारा विधानसभा में लगातार आवाज उठाने के बाद मिली थी। तत्कालीन खेल मंत्री ने भी राजमहल में आकर इसकी घोषणा की थी। उस समय इसकी लागत तीन करोड़ सताइस लाख थी, लेकिन कालांतर में भूमि की उपलब्धता में आ रहे अड़चन के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया था। पुनः झारखंड विधानसभा के माध्यम से लाए गये प्रश्न के माध्यम से विधायक ने इस मामले को उठाया था। निर्माण कार्य शुरू होने में हो रही देरी पर विधानसभा की पर्यटन व खेल कूद समिति जिसके सदस्य के रूप में विधायक अनंत ओझा ने लगातार इसकी समीक्षा की। तत्कालीन राज्य सरकार के प्रधान सचिव अमिताभ कौशल ने विधानसभा समिति के समक्ष शीघ्रतर निर्माण कार्य शुरू करने को सुनिश्चित किया था। इसके बाद भवन निर्माण निगम के माध्यम से 4. 26 करोड़ की लागत से इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिली। निविदा के क्रम में एजेंसी को लागत व्यय स्वीकृति से नीचे जाकर तीन करोड़ 49 लाख 61 हजार 931 में कार्य आवंटित हुआ। विधायक अनंत ओझा ने कहा की राजमहल वासियों से जो वादा किया उसे पूरा किया है।

अभियान जीवन है अनमोल, बिना हेलमेट बाइक चलाकर इसे ना डालें संकट में

# साक्षरता मोड़ के समीप चला यातायात जागरूकता अभियान

**बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति आगाह किया गया**

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहेबगंज एवं केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के संयुक्त तत्वाधान में साहिबगंज जिले के जीरवाबाड़ी ओपी अंतर्गत साक्षरता मोड़ के पास यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह सीनियर सिविल जज धर्मेन्द्र कुमार ने किया। जहां मुख्य रूप से बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति आगाह किया गया। उन्हें बताया गया के हेलमेट उनके जीवन के लिए कितना अनमोल है। परिवार में उनकी क्या अहमियत है और परिवार के प्रति उनकी क्या जिम्मेवारी है इस दौरान कई ऐसे व्यक्ति मिले जो कि 60 साल से अधिक उम्र के थे एवं बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए पाए गए। एवं यह समझना पड़ेगा की हेलमेट केवल नियम कानून और पुलिस से बचने का एक जरिया नहीं है, बल्कि यह जीवन बचाने का एक बहुत अनमोल रक्षक है।



वैसे व्यक्ति जो बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, उन्हें गुलाब फूल एवं माला पहनाते हुए यह बताया गया कि आज के बाद से बिना हेलमेट के बाइक नहीं चलाएंगे। और कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान, मुख्य विधिक सहायता संरक्षक अरविंद गोयल, थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद, आयकर अधिवक्ता दिनेश डोकानियां, सोनू अग्रवाल ने भी लोगों को जागरूक किया और ट्रैफिक नियमों को अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा पुल निर्माण कर रही दिलीप बिल्डकोन लिमिटेड कंपनी के कास्टिंग यार्ड में आयोजित सड़क सुरक्षा संभल कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी वहां उपस्थित कंपनी के कर्मचारी एवं चालकों को दो थी। मौके पर साहिबगंज एसडीपीओ राजेंद्र दुबे, साहिबगंज पुलिस निरीक्षक शशि भूषण चौधरी, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, डी बी एल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर भानु प्रताप सिंह समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### ऑल्टो ने ट्रैक्टर में मारी पीछे से टक्कर

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र के इरगा चौक पर गुरुवार को एक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक महिला और एक मासूम बच्चा घायल हो गया। पुनाई पंचायत के टटगावां में एक समारोह में भाग लेकर सफेद रंग के ऑल्टो से कुछ लोग अपने घर सुल्ताना थाना कटकमदाग जा रहे थे। कार को कटकमदाग निवासी धीरज कुमार पिता जगलाल महतो चला रहा था।

## सिटी अपडेट्स >>

### अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी ने पोल समेत कई गाड़ियों को ठोका

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग से बड़कागांव आने के क्रम में घाटी के 13 माइल के नजदीक 911 बोरिंग गाड़ी ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद तीन बिजली पोल, पहाड़ी स्कॉर्पियो एवं टेंपो को मारते हुए अंत में पेड़ में जाकर मारा जिससे बोरवेल गाड़ी में सवार 13 लोगों में से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए और एक की मौके पर मौत हो गई। वही स्कॉर्पियो व टेंपो में सवार दर्जनों लोग घायल हो गए जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बोरवेल बोरिंग गाड़ी 911 जिसका नंबर जेएस 12 ई 6482 तथा स्कॉर्पियो जिसका नंबर 02 ए आर 8688 है। गाड़ी में सवार घायलों में जामताड़ा दूधपनिया निवासी विनोद बासनी, एवं छप्पन बासनी एवं गिरिडीह टुंडी निवासी रंजीत कुमार का नाम शामिल है जो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। तथा जामताड़ा दूधपनिया निवासी दुर्गा बासनी की मौके पर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बोरवेल बोरिंग गाड़ी को खींच कर थाना लाया तथा चालक गिरिडीह फतेहपुर निवासी चुन्नू टूडू को अपनी गिरफ्त में लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अवैध उत्खनन सुरंगों पर चला बुलडोजर

**बेरमो /कथारा :** गुरुवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के बंद पड़े कोलियरी जैसे कारगली, झिरकी गांव के आसपास ग्रामीणों और कोयला चोरो द्वारा अवैध रूप से सुरंग बना उससे कोयला निकालने का काम लगातार करती रहती है। जिसको लेकर समय समय सीसीएल के सुरक्षा विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम इसके विरुद्ध कार्रवाई करती रहती है इसी क्रम में गुरुवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के सुरक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मी के अलावे कथारा ओपी पुलिस की संयुक्त टीम क्षेत्र के अवैध उत्खनन सुरंगों को चिन्हित कर उसे बुलडोजर से डोजरिंग कर उसके मुहाने को बंद किया। बताता चलू कि यह कोई पहली कार्यवाही नही है ऐसे कार्यवाही महिने में एक दो बार देखने को मिल ही जाती है मगर एक तरफ सीसीएल डोजरिंग कर लौटती है दुसरी तरफ फिर कोयला चोर उन्ही सुरंगों के मुहाने को साफ कर अपने काम में लग जाती है।

### उच्चकों ने बाइक की डिक्की से उड़ाए 2 लाख

**बेरमो /कथारा :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कथारा मुख्य चौक पर आज लगभग 1 बजे के आसपास एक ऐसी घटना घटी जिसे सुनकर लोग दंग रह गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खेतको गांव निवासी मो रियाज जो सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत है। उन्होंने दोपहर लगभग 1 बजे के आसपास कथारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक से दो लाख रुपये की निकासी की और उसे बाइक की डिक्की मे डाल कर घर के लिए निकले मगर इसी बीच उन्हें कुछ सामान खरीदना था स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 09 ए 2058 वही हार्डवेयर के दुकान के सामने खड़ा कर उसी दुकान से सामान खरीदने लगा इसी भी घात लगाये अज्ञात उच्चके उनकी बंद डिक्की का ताला तोड़ डिक्की से दो लाख रुपये उड़ाकर रफु चक्कर हो गया।

## न्यूज फटाफट

### एक साथ तीन-तीन कल्याणक महोत्सव का आयोजन

**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित पारसनाथ पर्वत एवं नीचे के मंदिरों में गुरुवार को एक साथ तीन-तीन कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया। तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान जी का केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव एवं तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ गुरुवार को मनाया गया। सर्वप्रथम पर्वत पर बने टोंक की साफ-सफाई कर टोंक मे पूजन विधान कर वंदन पूजा, अर्चना और यथा संभव त्याग कर पुण्य अर्जित किया गया। वही पर्वत पर तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान एवं तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान के मौक्षस्थल पर विशेष पूजा अर्चना की गई। टोंक मे विराजमान प्रभुजी के चरणपादुका का जल व पंचामृत से प्रक्षालपूजन, अभिषेक, वंदन कर टोंक का परिदक्षणा देकर शांतिधारा का विधान किया गया। वही टोंक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए आरती उतारी गई। यहां यह बता दें कि आज ही के दिन फाल्गुन कृष्ण एकादशी तिथि को भगवान ऋषभदेव जी का केवल ज्ञान कल्याणक एवं तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक हुई थी। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि को ले मंदिरों में तैयारी जोरों पर



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड के 17 पंचायत क्षेत्रों में महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों में तैयारी जोरों पर हैं। यहां यह बता दे कि प्रखंड के पालगंज, मधुबन, खुखरा, कुम्हरलालो, नावाडीह, बिशनपुर, चिरकी, भारतीचलकरी, बांध, खरपोका, तुईयो, बदगांवा, कुडको, हरलाडीह, मंडरो, सिमरकोढी एवं चिलगा पंचायतों के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को ले कर रंग रोगन साफ-सफाई से लेकर भोलेनाथ की बारात निकाले जाने जैसी तैयारी शिव मंदिर कमेटी के द्वारा शुरू कर दिया गया है। सभी मंदिरों को रंग बिरंगे लाइट से सजाया भी जा रहा है। कई महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले मेला की भी तैयारी दुकानदारों ने अभी से ही शुरू कर दी है, अपनी अपनी दुकान लगाने एवं सजाने को लेकर मेला वाले क्षेत्र में काम शुरू कर दिया गया है। वही प्रशासन ने भी महाशिवरात्रि को ले कर सुरक्षा का इंतजाम में जुट गया है। किसी भी प्रकार के असमाजिक तत्व से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। यहां यह बता दें कि इस वर्ष पालगंज महादेव मंडा में मेला का आयोजन किया गया है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव जिला अध्यक्ष देवघर में पूजा अर्चना किया



**हजारीबाग :** हजारीबाग नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा एंव जिला अध्यक्ष सुखदेव यादव, एंव रामकिशोर सावंत, ने बाबा नगरी बैजनाथ धाम देवघर में पूजा अर्चना की पूजा अर्चना के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के भूतपूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश नारायण सिंह, के आवास पर एक औपचारिक मुलाकात की, मुलाकात के पश्चात उन्होंने नव झारखण्ड फाउंडेशन के कार्यो की परिचर्चा की साथ ही उन्होने प्रवासी मजदूरों की तकलीफ से उन्होंने अवगत कराया उन्होंने बताया कि मुंबई में झारखंड भवन हेतु हमारी संस्था के लोगों ने मिल कर जमीन खरीद कर निर्माण हेतु काम शुरु करने जा रही। जो झारखण्डी भाई बहनों के लिए रामबाण साबित होगा, झारखण्ड भवन खासकर झारखंडियो को चिकित्सा सेवा में हो रहे परेशानी को देखते हुए बनाया जा रहा है झारखंड से चलकर मुम्बई के महंगे होटलो में रहकर कैंसर आदि बीमारियों का इलाज कराते है उन सभी को महंगे होटलो के लिए विवश नही होना पड़ेगा पूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश नारायण सिंह ने उक्त कार्यों की भरपूर प्रशंशा की एंव प्रयासों के लिए नव झारखंड फाउंडेशन की सराहना की, साथ में उमेश पाण्डेय, राजेश झा, सुधीर बास्के, जगरनाथ यादव, प्रदीप पाठक, आदि गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बीस सेट बर्तनों की आपूर्ति की



**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के पहल से आज 16 फरवरी को बैंक ऑफ इंडिया,जोनल ब्रांच हजारीबाग के द्वारा सीएसआर (कंपनी सोशल रिस्पांसिबिलिटी) मद से हजारीबाग सदर के बीस आंगनबाड़ी केंद्रों के नैनिहालो के लिए बर्तनों की आपूर्ति की गई। उपायुक्त व जोनल मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया,हजारीबाग वी.वी.के किशोर ने संयुक्त रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदुप्रभा खलखो तथा सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र के लिए बर्तन का 20 सेट सौंपा। जिला स्तर पर होने वाली सीएसआर की बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीएसआर मद से हजारीबाग में संचालित सभी कंपनियों के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को बर्तन तथा अन्य आवश्यक जरुरतों की सामग्री की आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुधाकर पांडेय,बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

### राशन दुकान में मिल रही चावल को प्लास्टिक चावल के रूप में वायरल किया



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में सोशल मीडिया में जन वितरण प्रणाली दुकान के चावल को प्लास्टिक चावल के रूप में इन दिनों वायरल हो रहा है। इससे राशन कार्ड धारियों ने संशय बना हुआ है। यह वायरल प्रखंड के साँढ़ पंचायत से शुरू हुई है। सोशल मीडिया में साँढ़ निवासी उपभोक्ता गणेश भारती पिता स्वर्गीय होरिल महतो द्वारा वायरल किया गया है। जबकि इस संबंध में डीलर जुगेश्वर राम का कहना है। कि यह प्लास्टिक चावल नहीं है। बल्कि पोषक युक्त चावल है। मार्केटिंग ऑफिसर रवि रंजन ने बताया कि अभी मैं अवकाश पर हूं, फिर भी यह बता देना चाहता हूं कि वह प्लास्टिक चावल नहीं है। इस चावल में पोषक तत्व डाला गया है। उस चावल को पोट्रेट्रिक चावल कहा जाता है। इसके लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रचार प्रसार किया गया है। उन्होंने लाभुकों से आग्रह किया कि आप भरम में ना रहे।

# उपायुक्त ने की कार्यात्मक योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक

# पोषण ट्रैकर में गुमला 8वें स्थान पर

**उपायुक्त ने 25 फरवरी तक सभी घरों के बच्चों का वजन एवं हाइट मापने का कार्य पूर्ण करने का दिया अंतिम निर्देश**

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत चल रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एक एक कर सभी योजनाओं की अधत्तम स्थिति की जानकारी को लेते हुए उसपर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर में गुमला जिला 22वे रैंक से अब राज्य में 8वे स्थान पर है। जिसपर उपायुक्त ने अच्छी प्रोग्रेस को देखते हुए उन्होंने और अधिक मेहनत करने का निर्देश दिया।

लगातार कुछ दिनों से गुमला एवं कामडारा में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में खराब प्रदर्शन को देखते हुए उपायुक्त ने दोनो ही प्रखंड के एलएस को कड़ी चेतावनी देते हुए अपने रिपोर्ट में सुधार करने का अंतिम मौका दिया।

वजन मापन में 110000 के विरुद्ध केवल 51000 बच्चों की वजन एवं हाइट की मापी हुई है जिसे देखकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की उन्होंने अंतिम मौका देते हुए 25 फरवरी तक शत प्रतिशत बच्चों का वजन एवं हाइट मापी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में सप्ताह में 2 बार श्ल्ररठऊ का आयोजन करने का निर्देश दिया। एवं इस दिन टीवी मुक्त गुमला अभियान, फाइलेरिया मुक्त अभियान , कुपोषण आदि जैसे विशेष बिंदुओं पर फोकस करने का निर्देश दिया ।

उपायुक्त ने सभी सैम मैम बच्चों के बीच रागी पोषण लड्डू का साप्ताहिक रूप से वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने रागी के लड्डू के बारें में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा दिए गए राय की जानकारी ली जिसपर समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि रागी के लड्डू की टेस्ट बहुत अच्छी है जिस कारण बच्चे चाव से खा रहे हैं साथ ही महिलाओं में भी उत्साह देखने को मिला है। डीएसडब्ल्यूओ ने बताया कि लड्डू के वितरण के दौरान महिलाएं एवं बच्चों को रागी की विशेषता एवं रागी के अधिक से अधिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है । उपायुक्त ने जिले के सभी 957 गांव में रागी के लड्डू का सैंपल खिलाने का निर्देश दिया ।

डीएसडब्ल्यूओ ने बताया कि जिले में चलाए गए कुपोषण अभियान के तहत चिन्हित सैम मैम बच्चों का एमटीसी सेंटर में इलाज करवाया गया था अब वे सारे बच्चे दुरुस्त एवं कुपोषण मुक्त नजर आ रहें है । जिसपर उपायुक्त ने हर्ष प्रकट की एवं जमीनी स्तर पर सभी बच्चों की सक्सेस स्टोरी बनाने का निर्देश दिया । साथ ही उन बच्चों को भी मॉनिटर करते रहने की बात कही । साथ ही इस अभियान को पुनः चलाते हुए छुटे हुए बच्चों का भी इलाज करवाते हुए उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने का निर्देश दिया ।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , मुख्यमंत्री कन्यादान योजना , सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि की भी समीक्षा की ।

## शांति समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** महाशिवरात्रि का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में मुख्य रूप से सीओ बासुदेव राय बीडीओ जयप्रकाश नारायण प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थानाध्यक्ष बलवंत सिंह के अलावे दोनों समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मौके पर अंचलाधिकारी बासुदेव राय ने महाशिवरात्रि का पर्व लोगों से आपसी प्रेम और भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की ॉ। उन्होंने कहा कि निर्धारित रूट से ही जुलुश निकलेगा। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने लोगों को किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने तथा इसकी सूचना तत्काल थाने को देने की अपील की । बैठक में एसआई नीतीश कुमार, धूम्मा किस्कू,कृष्णा यादव एएसआई संजय कुमार सिंह के अलावे ओमप्रकाश अकेला, अशोक यादव,महेंद्र यादव, मुन्ना विश्वकर्मा, पम्मी लाल,अतहर हुसैन, लक्ष्मी विश्वकर्मा, महादेव यादव , प्रमोद कुमार रवि, इशरार आलम, इफ्तिखार नूरी, मुस्लिम अंसारी, रामजी पासवान ,नसरूल्लाह अंसारी, पांचू यादव सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## भागलपुर के पूर्व मेयर दीपक भुवानिया की माता का निधन

**कई सामाजिक संस्था के लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो



**भागलपुर:** पूर्व मेयर दीपक भुवानिया की माता सुशीला भुवानिया ी का निधन हो गया है। वो विगत एक वर्षो से विमार चल रही थीं ।84 वर्षो की उम्र पार कर वो प्रलोक गामी हो गई । अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। तीन सालों के दौरान दुखों का पहाड़ टूटता जा रहा है क्योंकि वर्ष 2019 के दिसंबर महीने में बड़े भाई अरुण भुवानिया का निधन हो गया था उसके बाद कोरोनावायरस बीमारी में पराए समाज में कई लोग बीमार अस्वस्थ देखे गए सन 2022 में पूर्व महापौर के पिता स्वर्गीय सीताराम भुवानिया का भी निर्धन हो गया। इनकी मां कुछ वर्षों से लगातार बीमार चल रही थी और परिवार के सभी परिजन मां की देखभाल कर रहे थे लेकिन अचानक मां परिवार को छोड़कर चली गई जिसके कारण घर में दुखों का पहाड़ टूट सा गया है भगवान इस दुख भरे क्षण में इनके परिवार के परिजन को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। करीब सवा सौ वर्ष पूर्व स्वर्गीय विशेश्वर लाल भुवानिया राजस्थान के सीकर जिला के भवाना गांव से बांका के अलीगंज में आकर यह परिवार रहने लगा था फिर बिजनेस के कारोबार से स्वर्गीय सीताराम भुवानिया हफ्ते में कई बार बांका और भागलपुर आने जाने लगे स्वर्गीय सीताराम भुवानिया ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया और चार पुत्र और चार पुत्री को पढ़ाया और लिखाया वर्तमान समय में अभी इनके तीन पुत्र और चार पुत्री है और पोते और पोती है। स्वर्गीय सीताराम भुवानिया ने अपनी दो पुत्री की शादी कोलकाता बंगाल में की है एक पुत्री की शादी दिल्ली में और एक की सूरत ने की है भागलपुर के पूर्व मेयर दीपक भुवानिया जी भी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे लेकिन बताया जाता है कि अब स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है इस हंसते खेलते परिवार को तीन वर्षों के दौरान पता नहीं किसकी नजर लग गई भगवान अपनी असीम कृपा इस परिवार पर बनाए रखें दीपक जी भुवानिया ने समाज सेवा की प्रेरणा अपनी माता से ही प्राप्त की थीं उनकी माता धार्मिक एवं शिक्षा के क्षेत्र सेवा कार्य करती रही है और दान कार्य में पुण्य प्राप्त करने में उनकी विशेष रूचि रहती थीं।

## जिले में चल रहे विकास कार्यों का उपायुक्त ने किया समीक्षात्मक बैठक

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारियो, अंचलाधिकारी के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम किस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम किस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र में निर्माण में विशेष डिमांड देने का निर्देश दिया। सोकपिट निर्माण को ससमय पूर्ण करने एवं डिमांड देने का निर्देश दिया। संचालित योजनाओं एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने एवं आधार सीडिंग तथा जॉबकार्ड वेरिफिकेशन शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, जिला समन्वयक निभा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेहतर इलाज हेतु मानसिक रोगी को भेजा गया रिम्स



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** सदर अस्पताल सोनाजोडी से पाकुड़ प्रखण्ड के नवदा पंचायत के एक मानसिक रोगी को रांची भेजा गया।इसकी जानकारी कांग्रेस नेता पूर्व मुखिया कबीबुर रहमान ने दिया पूर्व मुखिया ने बताया कि एक 35 वर्षीय युवक जो घर से 15 साल से लापता हो गया था वो एक दिन अचानक पाकुड़ में मिला।

उसे घर नवदा लाया गया फिर उसका हालत को देखकर इधर उधर इलाज करवाया गया। जब सुधार नही हुआ तो उस युवक के भाई मेरे पास आया सारी बातों को सुनने के बाद मैं सदर अस्पताल पहुंचकर वहा से प्रदेश महासचिव ऊदय लखमानी जी को फोन किया व हिरणपुर प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस मनोबर अलाम से बात कर उसे डॉक्टर से दिखाया। डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिनपास रेफर कर दिया। 108 में फोन कर एम्बुलेंस सुविधा लेने का प्रयास किया। लेकिन नही मिला। मनोबर आलम ने डॉ एस के झा से सम्पर्क कर एम्बुलेंस से रांची रिनपास लेकर जाने के लिए निकल पड़े है।

## प्रदेश >> अपडेट

### छात्राओं को दी जानकारी

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में गुरुवार को पेटरवार के थाना प्रभारी विनय कुमार ने सड़क सुरक्षा ओर साइबर अपराध के संबंध छात्राओं को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने छात्राओं को बताया कि मोटरसाइकिल चलाने के समय हेलमेट जरूर पहने क्योंकि आजकल भाग दौड़ की जिंदगी हो गयी है जिसके कारण सड़क पर सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना कर लोग ने रफ्तार के साथ वाहनों का परिचालन करते है जिसके कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### शिक्षक का निधन

**कुडू:** धोबी महासंघ के संरक्षक सह सिमडेगा जिले के बोलबा में राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक कुडू धोबी टोला निवासी सरजू बैठा का गुरुवार को निधन हो गया, वह पिछले कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे उनका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था। कुडू के टिको नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ व भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक व्यक्त करने वालो में सांसद सुदर्शन भगत, प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, बरूण बैठा, संजय चौधरी, एबीडीएम के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा, दिलेश बैठा, आकाश बैठा, संतोष साहू, पूरण बैठा, बिपिन बिहारी चौधरी सहित अन्य शामिल है।

### सरजू बैठा का निधन

**कुडू:** भारतीय जनता पार्टी कुडूमंडल के मंडल उपाध्यक्ष वरुण बैठा के भाई सरजू बैठा का निधन हो गया, जो पूर्व में भाजपा कुडू मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता और वर्तमान में शिक्षक थे। उनके निधन पर सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू , राजू कुमार रजक, धीरज प्रसाद, संजय चौधरी, राजेश प्रसाद ,कृष्णा मोदी ,नवीन कुमार चुन्नू ,यदुनंदन तिवारी, सरजू कुमार साहू, रामखेलावन राम, रामदेव , कपिंद्र महतो ,शशि कुमार, लालगौरी नाथ शाहदेव सहित अन्य कार्यकर्त्ताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का पांचवा वर्षगांठ मना

**कुडू :** जिलिंग स्थित पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर का पांचवा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया मंदिर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आचार्य नंद कुमार पांडे के द्वारा विधि विधान से सुंदरकांड हनुमान चालीसा एवं आरती कराया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मंदिर निर्माण कमेटी के राम प्रसाद साहू इंद्रजीत गुप्ता अवधेश कुमार साहू सरजु कुमार साहू समोद साहू मंगा उरांव फेकन बैठा महादेव राम चरकु महतो सुमंत गीरी करन भारती राधु साहु बंधन उरांव विरेन्द्र उरांव परमेश्वर राम बिनोद उरांव अंकित कुमार ओम कुमार ब्रह्मदेव भारती आदि लोग उपस्थित थे।

# जिले में नशा मुक्ति के तहत चलाए जा रहे हैं अभियान

**उपायुक्त ने कहा कि एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखना का है लक्ष्य**

**झोला छाप डॉक्टर्स ही देते हैं दवा के नाम पर अफीम,उपायुक्त ने की लोगों को इन डॉक्टर्स से बचने की अपील**

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में नशा मुक्त गुमला अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई।

जिले के युवाओं को नशे से मुक्त करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कई आयामों में कार्य किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से न केवल युवा वर्ग अपनी बल्कि पुरे समाज को बरबाद करेंगे क्योंकि युवाओं से ही आने वाले समाज का निर्माण होना है, इसलिए युवाओं व आने वाली पीढ़ी कमसे कम नशे से मुक्त रहकर एक बेहतर समाज का निर्माण करें ।

इसी क्रम में आज नशा मुक्त अभियान के तहत स्टेट कॉर्डिनेटर्स की टीम एवं जिले की टास्क फोर्स टीम के साथ उपायुक्त ने बैठक की। बैठक में कई आयामों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । उपायुक्त ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा भेजे गए गाइडलाइन का अनुपालन करने का निर्देश दिया । उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा की 22 फरवरी से पूर्व सभी बिंदुओं पर कार्य किया जाए।

उपायुक्त ने सभी विद्यालय , कॉलेजों , आंगनवाड़ी केंद्रों , एवं भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लगातार जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया जिसके लिए जिला शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करके कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान उक्त विषय के संबंध में 2022 -23 के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।जिला उत्पाद अधीक्षक को सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया गया तथा बाल संरक्षण इकाई की टीम को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से नियमित रूप से जांच करते रहने का निर्देश दिया गया ताकि पता चले कि यदि कोई युवा नशीले या प्रतिबंधित दवाओं को खरीद रहा है या नही।

उपायुक्त ने झोला छाप डॉक्टरों एवं झाड़ फूंक करने वालो को चिन्हित करते हुए उनपर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया ।उन्होंने बताया कि अधिकतर पाया जाता है कि ऐसे डॉक्टर्स एवं झाड़ फूंक करने वाले दवा के नाम पर अफीम या अन्य नशीले पदार्थों को मरीजों को देते हैं जिससे कुछ समय तक तो दर्द से राहत मिलती है और वो मरीज उस अफीम को दवा समझकर लगातार उसका सेवन करना शुरू कर देता है। अतः इन सभी बिंदुओं को समझते हुए संबंधित अधिकारी नियमित जांच अभियान चलाएं । साथ ही उपायुक्त ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी बीमारी के लिए अच्छे एवं नामी डॉक्टर्स को दिखा कर ही अपना इलाज करवाएं न की झोला छाप डॉक्टर व झाड़ फूंक वालों से इलाज करवाएं, यह खतरनाक हो सकता है, अपनी सुरक्षा का दायित्व ले एवं जागरूक नागरिक बने।

## न्यूज फटाफट

### दिव्यांगता प्रमाणपत्र बना लें :चौरसिया

पेटरवार : पेटरवार प्रखंड के तीन पंचायतों में लगने वाले दिव्यांगता जांच शिविर को सफल बनाने के लिए गुरुवार को प्रखंड के उप प्रमुख सीमा देवी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रखंड कार्यालय से रवाना किया। यह प्रचार वाहन प्रखंड के 23 पंचायतों में जाकर प्रचार- प्रसार करेगा ताकि दिव्यांग जन इसका लाभ उठा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि आगामी 21 फरवरी को प्रखंड कार्यालय पेटरवार स्थित बहुदेशीय भवन, 28 फरवरी को पंचायत सचिवालय चलकरी उत्तरी ओर 11 मार्च को पंचायत सचिवालय चांपी में दिव्यांगता जांच शिविर लगाया जाएगा। इस निमित प्रचार वाहन को प्रखंड के पंचायतों में प्रचार- प्रसार के लिए भेजा जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने प्रखंड के आम जनों से अपील करते हुए कहा कि अभी तक जिन दिव्यांग लोगो ने दिव्यांगता जांच नही कराया है वैसे लोग जांच कराकर दिव्यांगता प्रमाणपत्र बना ले ताकि सरकारी सहायता मिल सके।

### बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत सेवको व जन सेवको की एक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलाए जा रहे विकास योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत सेवक व जन सेवक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना के कार्यो में तेजी लावे ओर लंबित आवास का निर्माण अविलंब पूर्ण करे। कहा कि इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने अविलंब आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि डी एम ए एफ टी के तहत अविलंब ग्राम सभा कराकर उसका प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करावे ताकि पंचायतों में विकास कार्य को गति दिया जा सके। इसी मंच पर इसके पूर्व मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शत्रुधन कुमार ने भेंडरो के साथ बैठक की। बैठक में कहा गया कि मनरेगा योजना में सामग्री की आपूर्ति करना न केवल सुनिश्चित करे बल्कि साथ में रहकर कार्य की प्रगति में योगदान दे। यह भी कहा गया कि आपलोगों की ओर से जो सामग्री उपलब्ध कराई गई है उसका ऑडिट कराकर प्रतिवेदन जमा करे।

### डेंटल केयर क्लिनिक का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिहरगंज/ पलामू : शहरी क्षेत्र अररूआ खुर्द स्थित अनुषा पतंजलि जेनरल स्टोर के समीप गुरूवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने डेंटल केयर क्लिनिक का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान संस्थान के संचालक डॉक्टर सौरभ जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस क्रम में विधायक श्री सिंह ने कहा कि डेंटल केयर क्लिनिक के खुलने से शहरी और आस पास सहित सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को दांतो से सम्बंधित समुचित ईलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने क्लिनिक के संचालक को इसके लिए सराहना की। साथ ही संस्थान के माध्यम से दांत के मरीजों को कम पैसों में बेहतर ईलाज का सुझाव दिया। इस अवसर पर संचालक सौरभ जायसवाल ने बताया कि यहां डेंटल एक्सरे, पायरिया , रूट केनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी ) , मुंह के छाले का ईलाज सहित दांत की सभी बीमारियों का समुचित ईलाज की व्यवस्था है। मौके पर इंटक के प्रदेश महामंत्री सह एनसीपी के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह , सरोज प्रसाद कुशवाहा,पीपरा विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान , अनील जायसवाल , सुनील जायसवाल , राजेश कुमार छोटू , उदय सिंह , एनसीपी नेता मो असलम , शाहनवाज , मुस्तफा , राशिद , मुन्ना आबिद , मुतुर्जा , बिनु जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति का सुदृढ़ीकरण हेतु बैठक का आयोजन

**पाकुड़िया :** प्रखंड के लगडुम पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति का सुदृढ़ीकरण हेतु संघ गठन करने के लिए एक दिवसीय बैठक का आयोजन लगडुम पंचायत भवन मे किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ वैद्य ज्यूस मुर्मू ने की। परंपरागत वनौषधि चिकित्सा पद्धति मे बहुत ही कम खर्च मे समाज सेवा के भावना से इलाज करते है। जिससे भारत सरकार एवम पिरामल स्वास्थ्य द्वारा काफी सराहना की जा रही है और अंग्रेजी चिकित्सा व्यवस्था पर बोझ कम करने के लिए पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति का सुदृढ़ीकरण किया जाना है ।जनजातीय वैद्य संघ के बैठक मे अलग-अलग मुद्दों प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का विस्तार,रेफरल प्रणाली का निर्धारण, दुर्लभ वनौषधि वाटिका निर्माण एवम मुख्य रूप से आदिवासी उपचार व्यवस्था मे ईलाज चल रहे रोगियों का रेजिस्टर मे संधारण( रख-रखवा) एवम जनजातीय वैद्य संघ बनाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया ।मौके पर पिरामल स्वास्थ्य से अनामय आदिवासी स्वास्थ्य सहयोग कार्यक्रम के पाकुड़ जिला समन्वयक मो सनीफ अंसारी ने कहा की पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति के सुदृढ़ीकरण हेतु आप सभी उपचार कताओं को एक जुट होकर संघ बनाने की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानो से लाभ मिल सके। मौके पर जड़ी बूटी उपचार कर्ता ग्रीस बेसरा, शिबधन टुड्डू,रामेश्वर हंसदा, उपचार कर्ता एवम लगडुम पंचायत मुखिया बिमला बास्की भी मौजूद रहीं।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**पाकुड़ :** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सभागार कक्ष में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से बीते दिनों हुए अधिवक्ता मोहम्मद अजमाइल शेख के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव ओझा ने बताया की मृतक अधिवक्ता एक बहुत ही सरल व्यक्तित्व के इंसान थे, उन्होंने बार एसोसिएशन से 2019 में जुड़े इससे पहले वे पारा शिक्षक थे। वे मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के सीतापहाड़ी के निवासी थे, उनका एक बेटा और एक बेटी है दोनो ही पढ़ने में अच्छे है। उनके मृत्यु पर बार एसोसिएशन शोक व्यक्त करती है उनके परिवार के भविष्य की मंगलकामना करती है।

### स्टॉक खत्म होने तक दुकान रहेगी खुली

पाकुड़ :पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पाकुड़ के अध्यक्ष एवं सचिव क्रमशः निर्मल कुमार जैन एवं संजीव कुमार खत्री ने संयुक्त रूप से एक व्यान जारी कर कहा है कि जनता की परेशानी को देखते हुए खुदरा विक्रेताओं को अनिश्चित कालीन बंद से अलग रखा गया है। ताकि आम जनता रोजमर्रा के सामानों से वंचित ना हो। पाकुड़, महेशपुर, हिरणपुर की थोक विक्रेताओं की दुकाने, राइस मिल बंद रही। स्टॉक खत्म होने तक दुकानदारी जारी रहेगी।फिर भी अगर सरकार नहीं सुनती है तो जनहित में पाकुड़ जिले के खाद्यान्न के अलावा सभी दुकानों को बंद कराया जा सकता है। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने सरकार को सचेत किया है कि वह समय रहते कृषि कानून विधेयक 2022 को वापस ले एवं बाजार समिति शुल्क से खाद्यान्न को अलग रखें अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र का किया भ्रमण

गुमला : पुलिस अधीक्षक द्वारा सिसई थाना/क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सिसई थानान्तर्गत चल रहे विकासात्मक कार्यो ग्राम-पोढा.में जल-नल योजना एवं बन रहे गुमला-राँची राजमार्ग की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सिसई थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित होने वाले सभी पंजी/संचिकाओं जैसे-मालखाना पंजी, स्टेशन डायरी, सिरिस्ता पंजी, बीट पंजी इत्यादि का अवलोकन किया गया। लंबित कांडों की गहन समीक्षा की गई तथा त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर सिसई थानान्तर्गत विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गये।

## शहर >> अपडेट

### डीसी ने आमजनों की समस्याओं को सुना

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में आंगनवाड़ी केंद्र डोमटोल करमा में सेविका चयन नियुक्ति करने, जमीन विवाद व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## सिटी अपडेट्स >>

### निर्माण कार्य का शुरू न होने से पनप रहा आक्रोश

कुडू : कुडू प्रखंड के सुंदुरु पथ के निर्माण कार्य का शुरू न होने से टिको मनातु सुंदुरु विश्रामगढ़ में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ न हुआ तो आंदोलन करेंगे। वर्तमान में संवेदक महादेव कंस्ट्रक्शन का रवैया समझ से परे है। सड़क से पुराने पत्थर को उखाड़ देने से स्थिति और हीं खराब हो गया है। अब तो यह स्थिति हो गया है कि बहुत हीं संभलकर चलना पड़ता अन्यथा चुक हुई तो घायल हो जाईए। ग्रामीणों को मजबूरी वश जीमा का चक्कर लगा कर जाना पड़ता है।

### बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**झुमरीतिलैया:** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित जायसवाल के नेतृत्व में बजट पर चर्चा कार्यक्रम झुमरी तिलैया स्थित सन्नी क्लासेस में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ता के रूप में भाजपा कोडरमा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने बच्चों को बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में 740 एकलव्य विद्यालय में 38800 शिक्षकों का नियुक्ति होना भी तय किया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भैंस चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

**कोडरमा:** कोडरमा थाना के न्यू कॉलोनी से मंगलवार की रात 3 भैंस चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर न्यू कॉलोनी निवासी विकास कुमार यादव पिता कपिलेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा बुधवार को कोडरमा थाना में आवेदन दिया है। विकास कुमार ने बताया कि माइनिंग कॉलेज के बगल में न्यू कॉलोनी में उनका घर है जहां उन्होंने अपने 3 भैंस को बांधकर रखा था। मंगलवार को उनकी तबीयत खराब होने पर वह माइनिंग कॉलेज में कार्यरत अपने पिता के क्वार्टर में गए थे। बुधवार की सुबह जब वह अपने घर लौटे तो उन्होंने तीनों भैंस को अपने घर के बाहर से गायब पाया।

### वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कोडरमा:** इंदरवा पंचायत भवन में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर अतिथि एवं प्रशिक्षक के रूप में बैंक ऑफ इंडिया इन्दरवा शाखा के सुनील हेंब्रम, स्वाधार के रत्नेश कुमार, बैंक कॉरस्पॉडेंस प्रकाश साहू, गणेश सिंह, जितेंद्र यादव, हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बंद रहीं जयनगर की दुकानें

जयनगर : झारखंड में कृषि टैक्स को लेकर अब व्यापारी आर-पार की लड़ाई के मूड में है। इसी कड़ी में चैम्बर ऑफ कॉमर्स जयनगर ने बुधवार को दुकानें बंद रखीं। झारखंड सरकार ने कृषि बाजार समिति टैक्स लागू किया है। पड़ोसी राज्यों में कृषि उत्पाद पर बाजार शुल्क नहीं लगता। सीमावर्ती इलाके के व्यापारी पड़ोसी राज्यों से अनाज लेंगे जिससे बड़ी संख्या में व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ेगा।

## 20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय जूट महोत्सव 2023

# उपायुक्त ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

- सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जाएगा व्यापक प्रचार प्रसार
- सोशल मीडिया के द्वारा भी प्रचार प्रसार को दिया जा रहा है बढ़ावा



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** 20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय जुट महोत्सव 2023 के वृहद प्रचार-प्रसार को लेकर चार चलंत रथ को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त मो. शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह चंलत रथ जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगी। राष्ट्रीय जुट महोत्सव आयोजन के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त वरुण रंजन के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज, ट्विटर का लॉन्च किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जाएगा।

मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रवीण मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

## झुमरीतिलैया पार्क में योग शिविर चालू हुआ



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क योग शिविर का आयोजन झुमरीतिलैया नगर परिषद तलाब पार्क के पास हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि योगाचार्य योगी सुषमा सुमन थी और विशिष्ट अतिथि योगी प्रदीप कुमार सुमन उपस्थिति थे।

सुषमा सुमन ने बताया कि कड़ाके की ठंड के चलते कुछ दिनों से शिविर बंद था, अब प्रत्येक दिन शिविर चल रहा है। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि ब्लॉक परिसर तालाब के पार्क के पास नियमित प्रत्येक दिन राजेंद्र बरनवाल और सुरेश सिंह योग कक्षा चलाएंगे। आज के शिविर में सुषमा सलूजा, जगदीश सलूजा, संगीता देवी, मुन्नी देवी, कंचन बाला, नमिता बरनवाल, आशा देवी, कंचन बरनवाल, उषा देवी, गीता देवी, सुषमा देवी, खुशबू कुमारी, देवी बरनवाल, आरती देवी, सरिता देवी, रुक्मणी देवी, लोचन पंडित, राजेंद्र साहू, किशन लाल साव, अजय प्रसाद, सतीश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मनीष पहाड़ी, टिंकू कुमार, सुरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, शंकर प्रसाद, राजेश कुमार मौजूद थे।

## मोर्चा ने निकाला प्रतिवाद मार्च

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा कोडरमा के तत्वधान में कला मंदिर झुमरी तिलैया से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व किसान संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक उदय द्विवेदी, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, सीपीएम जिला सचिव असीम सरकार, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर यादव, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद कर रहे थे।




जुलूस विभिन्न मार्ग होते हुए पूर्णिमा टॉकीज झुमरीतिलैया पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से हम सभी आंखों से देख रहे हैं कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार महंगाई भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के नाम पर तथा देश नहीं मिटने दूंगा का नारा लगाते हुए देश की तमाम परिसंपत्तियों को कैसे अपने दोस्त गौतम अडानी के हाथों कौड़ी के भाव में बेच रही है। हम सभी देख रहे हैं कि कैसे पूरी न्यायपालिका पूरी कार्यपालिका और पूरे प्रचार तंत्र पर कब्जा जमा कर देश में लोकतंत्र खत्म कर बेलगाम तानाशाही की ओर बढ़ रही है। इसलिए इसके आक्रोश में पूरे देश में आंदोलन छेड़ रहा है। इसी रोशनी में कोडरमा जिले में भी प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध किया गया। देश को बचाने को लेकर सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना होगा। सभा को जिप सदस्य महादेव राम, सीपीएम केंद्रीय कमेटी सदस्य संजय पासवान, महेश प्रसाद सिंह, समीम खान, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, सीपीएम नेता रमेश प्रजापति, रविंद्र भारती, रामचंद्र राम, रफीक अंसारी, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, रमेश यादव, रामचंद्र यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, सुरेंद्र राम, दशरथ पासवान, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, दुर्गा प्रसाद राम आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा प्रसाद राम ने किया।

## जन समस्याओं को लेकर सीटू का प्रदर्शन 21 फरवरी को

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न जन समस्याओं को लेकर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के द्वारा नगर पर्षद कार्यालय पर 21 फरवरी को धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नगर पर्षद के विभिन्न वार्डों में ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिसके तहत इंदरवा बस्ती, मोरियांवा, अम्बेडकर नगर, गुमो रविदास टोला, डोइयांडीह, इंदरवाटांड़ में बैठक आयोजित की गई। विभिन्न बस्तियों में आयोजित बैठक की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष नागेश्वर दास ने किया। निर्माण कामगार यूनियन के नगर सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि निकाय चुनाव टाले लगभग लगभग तीन वर्ष होने को है। चुनाव नहीं होने से नगर की साफ सफाई, पानी बिजली लाईट, सड़क नाली की समस्या विकराल




रूप लेते जा रही है। वार्डों के अन्दर विकास कार्य ठप हो गया है। लापरवाही के कारण सैकड़ों गरीबों का प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा पिछले दस महीनों से लाभुकों को नहीं मिलने के कारण ये लोग टूटे घर व खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। होल्डिंग टैक्स से वसूला जाने वाला लाखों करोड़ रूपया आने के बावजूद कचड़ा उठाव की गाड़ी डीजल, मरम्मती एवं मजदूरों मजदूरी नहीं मिलने के कारण महीनों गाड़ी खड़ी रहती है। जनसमस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन के लिए हमलोग मजबूर हुए हैं। उक्त बैठकों में दलित शोषण मुक्ति मंच के अध्यक्ष दिनेश रविदास, शम्भु पासवान, राजेन्द्र पासवान, बालेश्वर राम, शिवनंदन भूइयां, बसंती देवी, बिरजू रविदास, संतोष दास, कारू भूइयां, अनुप पासवान, देवनारायण पासवान, आशा देवी, बिरेन्द्र भूइयां, बिहारी यादव, यशोदा देवी, महेन्द्र भूइयां, मंजू देवी, आशा देवी, शर्मिला देवी, दिलीप भूइयां, बद्री भूइयां, चीनवा देवी, चिंता देवी, बालदेव भूइयां आदि मौजूद थे।

## एसडीपीओ ने की सभी कनीय पुलिस कर्मियों के साथ बैठक



- दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ:** बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने वृहस्पतिवार को बालूमाथ थाना कार्यालय वेश्म में अपने सभी कनीय पुलिस कर्मियों के साथ बालूमाथ थाना लंबित कांडो तथा वारंट कुर्की एवं कार्यो के संबंध में मीटिंग की। मीटिंग के दौरान संबंधित थाना में दर्ज कांडों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान एसडीपओ ने संबंधित थाना प्रभारी तथा केस के संबंधित आईओ को जल्द से जल्द कांडों के निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ अजित कुमार ने सभी कनीय पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी वारंटी है उन्हें जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करे साथ ही जिन-जिन अपराधकर्मी के विरुद्ध कुर्की जप्ती न्यायालय से तामिला हेतु बालूमाथ थाना में प्राप्त हुए है उन लोगो के घर की कुर्की जप्ती करने की सुनिश्चित तय समय अवधि के दौरान किया जाए।उन्होंने सभी कनीय पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अप्रकर्मियों पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। वहीं फरार अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## कार्यक्रम > आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा का 28वां वार्षिकोत्सव मना

# पुस्तक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी: दशरथ

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा का 28वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को मनाया गया। वार्षिक महोत्सव का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक पिंटू पांडे ने किया। विद्यालय के डायरेक्टर रामदेव यादव ने कहा कि कोरोना के बाद विद्यालय के बच्चों में खुशियां झलक रही है। वहीं प्राचार्य दशरथ राणा ने कहा



कि पुस्तक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक झांकी, कॉमेडी, कव्वाली, एवं राष्ट्रीय गीत पर देश भक्ति के नाम संदेश दिया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा भ्रूण जांच करवा कर बेटी हत्या, एवं दहेज प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के लिए कलाकारी के द्वारा प्रस्तुति किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जयनगर प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, स्थानीय मुखिया गणपत यादव, मरकच्चो प्रमुख विजय सिंह, चंदवारा जिला परिषद लक्ष्मण यादव, जेएमएम जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव, हजारीबाग जिला परिषद कुमकुम देवी, मुखिया राजकुमार यादव, मुखिया रुपाली कुमारी, रिटायर्ड डीएसपी रामचरण यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि देव नारायण, यादव, उप मुखिया चंद्र वर्णवाल, समाजसेवी सुरेंद्र भाई मोदी, वीरेंद्र स्वर्णकार, नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय के डायरेक्टर मुस्ताक खान, प्राइवेट स्कूल के अध्यक्ष बीएनपी वर्णवाल, डायरेक्टर कन्हाई चंद्र यादव, डायरेक्टर नीलकंठ वर्णवाल, कार्यक्रम के म्यूजिशियन ग्रुप विशाल कपीशवे, मिथिलेश चक्रवर्ती गोविंद पांडे, तथा विद्यालय के सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं अतिथि गण उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### की गयी बीमारियों की स्क्रीनिंग

**कोडरमा:** राष्ट्रीय मुंख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, लोकाई में कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चियों के दांत एवं मुंह से संबंधित बीमारियों स्क्रीनिंग की गई और उन्हें दांत और मुंह की बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता के लिए कई सुझाव भी दिए गए। कुल 125 बच्चियों के मुंह एवं दांत का स्क्रीनिंग किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद कुमार ने उपस्थित सभी बच्चियों को बताया कि उन्हें दो बार ब्रश करनी चाहिए, खास कर रात में सोने से पहले ब्रश अवश्य करें क्योंकि रात में सोने वक्त लार ग्रंथि अपना कार्य नहीं करती जिस कारण हमारे मुँह सुख जाते है और दाँत या मसूढ़े में जो खाने का भाग छूटा रह जाता है। उसके कारण दांत में कीड़े लगते है और मसूढ़े की बीमारियां होती है। डॉ शरद कुमार द्वारा बताया गया कि हर छह महीने पर एक बार नजदीक के किन्ही भी दंत चिकित्सक से एक बार अपने दांत और मसूड़ों की चेक अप जरूर करवाएं। डॉ सोमेश, दन्त चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोडरमा द्वारा पी पी टी के माध्यम से ब्रश करने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में जिला परामर्शी (एन टी सी पी) दीपेश कुमार, राष्ट्रीय मुँख कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम सहायक प्रदीप कुमार के अलावा सदर अस्पताल में पद स्थापित डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा सहित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय लोकाई की प्राचार्या श्रीमती रूमी कुमारी उपस्थित रहीं।

### कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

**कोडरमा:** प्रखंड परिसर कोडरमा में कृषि विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी बह्मदेव, कोडरमा प्रखंड प्रमुख व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि राज्य सरकार कृषि व पशुपालन पर विशेष जोर दे रही है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पीएम किसान, मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना, केसीसी जैसी योजनाओं पर काफी जोर दिया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव ने स्वागत भाषण दिया। जिला मस्त्य पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत 47 प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया। मेला में उद्यान प्रदर्शनी लगाया गया, जिसमें कोडरमा जिले में उत्पादन किये जा रहे विभिन्न प्रकार की सब्जियों का प्रदर्शन किया गया। कृषि मेला में मुख्य रुप से जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रमुख कोडरमा, जिला परिषद् सदस्य समेत पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### भागवत कथा आयोजित करने का निर्णय

**झुमरीतिलैया:** माहुरी भवन झुमरीतिलैया में माहुरी वैश्य मंडल के पदाधिकारियों की बैठक में आगामी 11 से 18 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। माहुरी भवन में आयोजित होने वाले इस 8 दिवसीय भागवत कथा में अलग-अलग प्रसंगों के अलावा प्रतिदिन अलग झांकिया एवम भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर 21 फरवरी को समाज की एक आम बैठक आहूत की गई है। अध्यक्ष मुन्ना भदानी सचीव संजय तरवे ने बताया कि 21 फरवरी को आयोजित होने वाली बैठक में ही माँ मथुरासिनी महोत्सव के कार्यक्रम पर भी विचार विमर्श होगा। 14 से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले महोत्सव में शोभा यात्रा के साथ-साथ समाज की आम सभा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 8 मार्च को समाज का होली मिलन कार्यक्रम भी होगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से पूरे माहुरी भवन में अग्निशामक यंत्र भी लगया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में अरुण सेठ, नीरज अठघरा, मुन्ना सेठ, राजेश कपीसीमे, दयानंद पवनचौदह, विजय वैसिकियार, संतोष कपीसीमे, दिलीप अठघरा, अंकित एकघरा, भानु प्रताप अठघरा, सुभाष पहाड़ी, राहुल कपीसीमे, सुरेश सेठ उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने न्यायालय परिसर का परिभ्रमण किया

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कोडरमा न्यायालय परिसर का शैक्षणिक परिभ्रमण किया। इस क्रम में छात्रों ने प्रधान जिला सत्र न्यायालय, सिविल कोर्ट, फैमिली कोर्ट, जुडिशल मजिस्ट्रेट कोर्ट, मध्यस्थता केंद्र, एडीजे टू का कोर्ट, एससीएसटी, पॉक्सो, चिल्ड्रन कोर्ट, बाल संरक्षण कोर्ट आदि की कार्यवाही को बाहर से देखा। प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया ने क्लैट से संबंधित छात्रों का मार्गदर्शन किया। प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने छात्रों को कहा कि कोई भी विषय खराब नहीं होता। जो पढे, पूरे मनोयोग से पढ़ें। सफलता अवश्य मिलेगी। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवांगी प्रिया ने क्लैट की तैयारी से संबंधित छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि क्लैट के लिए अंग्रेजी विषय पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। बच्चों ने बीच-बीच में कई सवाल भी पूछे, जिसका बहुत बारीकी से उन्होंने जवाब दिया। डीएलएसए कोडरमा की अधिवक्ता सुमन जायसवाल और अश्विनी शरण ने भी विधि से संबंधित कई जानकारियां बच्चों को दी। उन्होंने कोर्ट परिसर में घूमाकर बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराया।

### सुनीता देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए प्रतुल

बालूमाथ : बालूमाथ थाना क्षेत्र के मासियातु की रहने वाली प्रमोद प्रसाद की पत्नी स्व सुनीता देवी के श्राद्धकर्म में गुरुवार पहुँचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने उनके परिजनों को ढाढ़स बांधा। ग्रामीणों से संग वार्ता के बाद प्रतुल ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि मासियातु काफी संवेदनशील इलाका है। सुनिता देवी हत्याकांड के बाद से गांव व आसपास के इलाकों में भय का वातावरण अब भी बना हुआ। उन्होंने लातेहार एसपी से मांग की है कि इस गांव में जल्द से जल्द पुलिस पिकेट की स्थापना करें,ताकि यहाँ के लोग भयमुक्त वातावरण में रह सके। प्रतुल ने सुनीता के परिजनों को आश्वस्त कराया है कि उनको न्याय दिलाने के लिए डीजीपी से भी मिलना होगा तो मिलकर इस संबंध में चर्चा करूंगा। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो इसकी मांग करूंगा। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा:** गुरुवार को प्रोजेक्ट रेल 2.0 के तहत कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन हुआ। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का हिंदी एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान से कैमिस्ट्री, वाणिज्य संकाय से बीएसटी औ? कला संकाय से भूगोल विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुये। सभी विद्यालयों में प्रथम पाली में 10वीं और दूसरी पाली में 12वीं की छात्र-छात्राओं का परीक्षा संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका सड़क दुर्घटना में घायल

**कोडरमा :** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा बिरसा सांस्कृतिक भवन में मूल्यांकन प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आ रही आंगनबाड़ी की दो सेविका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जानकारी के अनुसार कोडरमा परियोजना अन्तर्गत चन्दवारा के मदनगुन्डी की सेविका उर्मिला देवी और चौराही की सेविका कंचन देवी अपने स्कूटी से कोडरमा प्रशिक्षण के लिए आ रही थी, उसी दौरान चाराडीह तालाब के पास पीछे से ऑटो ने धक्का मार दिया और स्कूटी पर सवार दोनों सेविका सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय युवाओं के मदद से घायल महिलाओं को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## न्यूज फटाफट

### देश में बन रहे आधुनिक स्टेडियम, तीन गुना बढ़ा खेल मंत्रालय का बजटः मोदी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गोरखपुर में सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए खेल मंत्रालय का बजट 3 गुना भी बढ़ा दिया गया। साथ ही साथ मोदी ने कहा कि देश में अब आधुनिक स्टेडियम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं श्री गोरखनाथ की पवित्र धरती को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। 'सांसद खेल प्रतियोगिता' में शामिल सभी खिलाड़ियों को मैं बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि खेल हो या 'कला संगीत', दोनों की आत्मा और ऊर्जा एक ही है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों को बढ़ावा देना हम सबका दायित्व है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'सांसद खेल महाकुंभ' खेल की प्रतियोगिताओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर ऐसी खेल प्रतियोगिताएं होती रहें। ऐसी खेल प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को निखारती हैं,साथ ही खिलाड़ियों के मोरल को भी बूस्ट करती हैं। मोदी ने कहा कि हमारे देश में बहुत सारा गुत्प और सुप्त सामर्थ्य है जो बाहर आने के लिए लालायित है। खेल की दुनिया में ऐसे सामर्थ्य को सामने लाने में 'सांसद खेल महाकुंभ' की बड़ी भूमिका है।प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सांसद खेल महाकुंभ' वह मजबूत नींव है जिस पर भविष्य की बहुत भव्य इमारत का निर्माण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'खेलो इंडिया मूवमेंट' के तहत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर ध्यान दिया जा रहा है। अब देश ?होलिस्टिक विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में इसके लिए कई प्रावधान किए गए हैं, 2014 की तुलना में इस साल खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आज ओलंपिक से लेकर दूसरे बड़े टूनार्मेंट तक में जिस तरह भारत के खिलाड़ी मेडल जीत रहे हैं, उस विरासत को आप जैसे खिलाड़ी ही आगे बढ़ाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब इसी तरह चमकेंगे और अपनी सफलताओं की चमक से देश का नाम रोशन करेंगे।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा में हिस्सा लेंगी विश्व चैंपियन वांग मनु



**गोवा :** महिला विश्व चैंपियन एवं दुनिया की नंबर तीन पैडलर वांग मनु को वाइल्डकार्ड द्वारा प्रवेश मिलने से यहां होने वाले विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर गोवा में चीन की चुनौती अब और भी मजबूत हो गयी है। आयोजकों ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में मनु को नामांकन मिलने की पुष्टि की। ओलंपिक चैंपियन मा लॉन्ग और चेन मेंग भी 27 फरवरी से पांच मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। आयोजकों ने बताया कि 24 वर्षीय वांग के हमवतन वांग चुक्भि को पुरुष एकल में वाइल्कार्ड प्रवेश दिया गया है। विश्व नंबर तीन चुक्भि ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी कप फाइनल जीता था। साथ ही यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अपने छोटे लेकिन प्रभावशाली करियर में तीन अन्य खिताब भी जीत चुका है। इसके अलावा पुरुषों के ड्रॉ में वरिष्ठ जर्मन पैडलर पैट्रिक फ्रांज़स्का और महिलाओं के ड्रॉ में मोनाको की शियाओक्सिन यांग को चुना गया है। जर्मन विश्व नंबर 11 डांग किउ और कोरियाई विश्व नंबर 18 जांग वूजिन को पुरुष एकल में प्रवेश मिला है जबकि प्यूर्टो रिका की एड्रियाना डियाज और वरिष्ठ पुर्तगाली पैडलर फू यू को महिला एकल में वाइल्डकार्ड दिये गये हैं। आयोजकों का कहना है कि वाइल्डकार्ड और नामांकन पहले से ही शीर्ष श्रेणी की प्रतिस्पर्धा को और अधिक चुनौतीपूर्ण एवं मज़बूत बनाएंगे। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित अचंत शरत कमल करेंगे। उनके अलावा सत्यन ज्ञानसेकरन और मनिका बत्रा भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। फरवरी के अंत में होने वाला यह विश्व स्तरीय टूर्नामेंट डॉ. शयामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में खेला जायेगा। इस टूर्नामेंट की मेजबानी स्तूपा एनालिटिक्स एवं राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। स्तूपा एनालिटिक्स विश्व टेबल टेनिस का डेटा एनालिटिक्स साझेदार भी है। भारत में टेबल टेनिस का शासीय निकाय भारतीय टेबल टेनिस संघ (टीटीएफआई) इस टूर्नामेंट का सहयोगी भागीदार होगा।

कप्तानी

क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने बुधवार देर रात इसकी जानकारी दी

# विंडीज : होप बने वनडे के कप्तान पॉवेल को टी20 की कमान

- एकदिवसीय और टी20 शृंखलाओं में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना है
- किसी भी वेस्ट इंडीज टीम का कप्तान नियुक्त किया जाना एक जबरदस्त सम्मान और विशेषाधिकार है : होप

**एजेंसियां**



**सेंट जॉन्सः** वेस्ट इंडीज ने सलामी बल्लेबाज शाई होप को अपनी एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया है, जबकि मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल को टी20 टीम की कमान सौंपी गयी है। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बुधवार देर रात इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप 2022 के पहले चरण में ही वेस्ट इंडीज के बाहर होने के बाद निकोलस पूरन ने कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद विंडीज क्रिकेट ने यह फैसला लिया। वेस्ट इंडीज को 16 मार्च को शुरू होने वाली एकदिवसीय और टी20 शृंखलाओं में दक्षिण अफ्रीका का सामना करना है जहां होप और पॉवेल अपने-अपने प्रारूपों में टीम की कमान संभालेंगे।

होप को एक बार 2019 में और दूसरी बार जून 2022 में वेस्ट इंडीज का उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने 104 एकदिवसीय मैचों में 48.08 की औसत से 4308 रन बनाये हैं। दूसरी ओर, पॉवेल पिछले साल कैरेबियन प्रीमियर लीग जीतने वाली जमैका तलवाहों के कप्तान थे। उन्होंने नवंबर में जमैका स्कॉर्पियन्स को सीजी यूनाइटेड सुपर50 कप का खिताब भी दिलाया था। इसके अलावा पॉवेल ने तीन वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज का नेतृत्व भी किया है। होप ने कप्तानी मिलने के बाद कहा, किसी भी वेस्ट इंडीज टीम का कप्तान नियुक्त किया जाना एक जबरदस्त सम्मान और विशेषाधिकार है।

ऐसी टीम का नेतृत्व करना जो न केवल मेरे और मेरे साथियों के लिये बल्कि दुनिया भर में हमारे प्रशंसकों के लिये इतना अविश्वसनीय महत्व रखती है, ऐसा कुछ है जिसका सपना हर कोई अपने बचपन में देखता है। उन्होंने कहा, मैं सीडब्ल्यूआई को इस विशाल अवसर के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं। वेस्टइंडीज क्रिकेट को सही दिशा में मोड़ना मेरी मौलिक प्राथमिकता होगी। पॉवेल ने कहा, वेस्ट इंडीज का नेतृत्व करने का यह अद्भुत अवसर दिये जाने के लिये मैं वास्तव में विनम्र और आभारी हूं। मेरे लिये यह एक बड़ा विश्वास मत है और मैं इसे अपने करियर के सबसे बड़े सम्मान के रूप में देखता हूं। उन्होंने कहा, मैं आने वाले वर्षों में टीम का मार्गदर्शन करने की अनुमति देने के लिये सीडब्ल्यूआई को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। हम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप पर नजर रख रहे हैं, जिसे हम अगले साल अमेरिका के साथ मिलकर आयोजित करेंगे। मैं एक भावुक क्रिकेटर हूं जो आगे बढ़कर नेतृत्व करने और हमेशा 100 प्रतिशत देने में विश्वास रखता है।

## 100वें टेस्ट से खुश हूं, पर हासिल करने को बहुत कुछ बाकी : पुजारा

**एजेंसियां**



**नयी दिल्लीः** भारत के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने अपने 100वें टेस्ट से पहले गुरुवार को कहा कि वह इस उपलब्धि से खुश हैं, लेकिन अब भी उनके पास हासिल करने के लिये बहुत कुछ बाकी है। पुजारा से पहले सिर्फ 12 भारतीय क्रिकेटरों ने 100 टेस्ट खेले हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 73 खिलाड़ी यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। पुजारा जब दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध दूसरा टेस्ट खेलने उतरेंगे तो वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनका 100वां मैच होगा। पुजारा ने मैच की पूर्व संध्या पर यहां संवाददाताओं से कहा, '' मैंने हमेशा आज पर ध्यान दिया है। मैंने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया तब नहीं सोचा था कि 100 टेस्ट खेलूंगा। आप अपने करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं जिनसे आपको लड़ना होता है। मेरा ध्यान हमेशा अपने प्रदर्शन पर केंद्रित रहा, और 100 टेस्ट पूरे हो गये।''

उन्होंने कहा, '' यह मेरे साथ-साथ मेरे परिवार के लिये भी बड़ी उपलब्धि है। इस सफर में मेरे पिता ने मेरा साथ दिया है। मेरी पत्नी ने भी लगातार मेरा समर्थन किया। वे कल यहां मैच देखने के लिये होंगे। हम सब इससे काफी खुश हैं लेकिन अभी हासिल करने के लिये बहुत कुछ बाकी है।'' पुजारा को अपने सुसज्जित करियर में कई बार इस ह्यउतार-चढ़ावह्न का सामना करना पड़ा। पुजारा को जहां 2018 में इंग्लैंड दौरे के पहले टेस्ट से बाहर रहना पड़ा, वहीं पिछले साल श्रीलंका के विरुद्ध खेली गयी टेस्ट सीरीज के लिये भी उन्हें टीम में जगह नहीं दी गयी। पुजारा ने कहा कि उन्होंने हमेशा इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने खेल पर विश्वास बरकरार रखा।

## ग्रीन फिट हुए तो तीन स्पिनरों के साथ उतर सकता है ऑस्ट्रेलिया



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि अगर हरफनमौला कैमरन ग्रीन भारत के विरुद्ध होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये फिट होते हैं तो उनकी टीम तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतर सकती है। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन शुक्रवार को शुरू होने वाले टेस्ट से पूर्व लगातार अभ्यास सत्र में पसीना बहा रहे हैं। स्टार्क के पास भारतीय पिचों पर खेलने का अनुभव है, हालांकि अगर ग्रीन फिट होते हैं तो ऑस्ट्रेलिया ह्यविविधताह्न को ध्यान में रखते हुए स्टार्क के स्थान पर किसी स्पिनर को खिलाना चाहेगा। कमिंस ने स्टार्क पर कहा, वह इन परिस्थितियों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। हम इसके बारे में सोचेंगे। विकेट देखकर लगता है कि गेंद यहां घूमेगी। मेरे अनुसार पिछले हफ्ते दो तेज गेंदबाजों के साथ हमारा प्रदर्शन अच्छा था। अब वह चाहे स्टार्क हों, कोई अन्य स्पिनर, या स्कॉट बोलैंड, गेंदबाजी आक्रमण में विविधता होना हमेशा अच्छा होता है। हरफनमौला ग्रीन ऑस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाजी में एक अच्छा विकल्प देते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच में भी ग्रीन के साथ तीन स्पिनर खिलाने की योजना बनायी थी।

## खेल जगत अपडेट्स »

### रामबाबू और मंजू ने 35 किमी पैदलचाल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किये



**नई दिल्ली :** राम बाबू और मंजू रानी ने बुधवार को यहां पैदल चाल चैंपियनशिप के आखिरी दिन क्रमश :पुरुषों और महिलाओं के 35 किलोमीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ स्वर्ण पदक जीता। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 23 वर्षीय मंजू 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा को तीन घंटे से कम समय में पूरा किया। उन्होंने दो घंटे 57 मिनट और 54 सेकंड के समय के साथ जीत हासिल की। उन्होंने इस दौरान पिछले साल रमनदीप कौर द्वारा कायम किये गये तीन घंटे चार सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।उत्तर प्रदेश के राम बाबू ने दो घंटे 36 मिनट और 44 सेकंड के समय के साथ पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में लगभग पांच मिनट का सुधार किया। पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड दो घंटे 32 मिनट और 36 सेकंड का था। यह दोनों खिलाड़ी हालांकिविश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे। इसके लिए पुरुष वर्ग में दो घंटे 29 मिनट और 40 सेकंड जबकि महिला वर्ग में दो घंटे 51 मिनट और 30 सेकंड का क्वालिफाइंग समय रखा गया है।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने किया सेल्स क्रिकेट लीग का आयोजन

**नयी दिल्ली :** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंशयोरेंस ने हाल में देश भर में फैले सेल्स कर्मियों के लिये एक अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट ''सीएचएल सेल्स क्रिकेट लीग'' का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में 16 राज्यों की टीमों और खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खिलाड़ी भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। इस मैत्री मैच शृंखला का आयोजन देश भर में फैली सेल्स टीमों के बीच उत्साह बढ़ाने और उनमें आपसी तालमेल बिठाने तथा क्रिकेट के लिये उनके जुनून का प्रदर्शन करने के लिये किया गया। सेल्स क्रिकेट लीग की शुरुआत सात जनवरी 2023 को हुई और दिल्ली स्थित जामिया मिलिया क्रिकेट स्टेडियम में 12 फरवरी, 2023 को खिताबी मैच के साथ इसका समापन हुआ।

## धर्मेंन्द्र ने ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड से अपना लुक शेयर किया



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता धर्मेन्द्र ने अपनी आने वाली वेबसीरीज ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड से अपना लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेंद्र जी 5 की वेब सीरीज ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड से अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। धर्मेंद्र ने नए लुक की फोटो शेयर करते हुए, फैंस को सीरीज में अपने रोल के बारे में बताया। पोस्ट शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने लिखा, दोस्तों, मैं शेख सलीम चिश्ती का किरदार निभा रहा हूं, जो कि एक सूफी संत थे। सीरीज में मेरा रोल बेहद छोटा है, लेकिन वह इंपॉर्टेंट है। इस किरदार के लिए मुझे आप सभी की शुभकामनाएं चाहिए।' इस सीरीज में धर्मेंद्र, अदिति राव हैदरी, नसीरुद्दीन शाह, आशिमा गुलाटी, शुभम कुमार मेहरा, ताहा शाह और संध्या मृदुल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी।सीरीज की कहानी मुगल शासन काल की है, जब अकबर अपनी विरासत के लिए एक योग्य उत्तराधिकारी का चुनाव कर रहे थे। सीरीज अकबर के शासन के दौर की कला, कविता, क्रूरता और वास्तुकला के बारे में बताती नजर आएगी।

## अक्षय-इमरान की फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। सेल्फी के नए ट्रेलर में बायकॉट एक्टर्स और बायकॉट बॉलीवुड का जिक्र किया गया है। फिल्म सेल्फी में अक्षय कुमार सुपरस्टार विजय कुमार और इमरान हाशमी आईटीओ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश का किरदार निभा रहे हैं। सेल्फी के इस नए ट्रेलर में टीवी पर एक न्यूज रिपोर्टर लोगों से अक्षय कुमार के कैरेक्टर विजय का बायकॉट करने के लिए कहता है। इस ट्रेलर को अक्षय कुमार ने आपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा हैं। उन्होंने लिखा, ह्यजो सह रहे हैं वो कह रहे हैं। राज मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म सेल्फी वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम भाषा की कॉमेडी-ड्रामा 'ड्राइविंग लाइसेंस'की रीमेक है। मलयालम फिल्म ह्यड्राइविंग लाइसेंसह्न में पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक पॉपुलर सुपरस्टार का रोल निभाया था।



## राजा महाराणा प्रताप की भूमिका निभायेंगे गुरमीत चौधरी

**एजेंसियां**



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता गुरमीत चौधरी सिल्वर स्क्रीन पर राजा महाराणा प्रताप की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। नितिन चंद्रकांत देसाई ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिये इस बात की घोषणा की कि गुरमीत चौधरी 'महाराणा' में महाराणा प्रताप की मुख्य भूमिका निभाएंगे। गुरमीत चौधरी ने कहा, ''भारत की जड़ों से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। महाराणा प्रताप अपने साहस और वीरता के लिए जाने जाते थे, उनके जीवन के बारे में और जानने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। स्वयं महाराणा प्रताप जैसे सशक्त चरित्र को चित्रित करना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है । मुझे यह प्रोजेक्ट देने के लिए मैं डिज्नी+ हॉटस्टार और नितिन चंद्रकांत देसाई का शुक्रगुजार हूं।''

### रितिका सिंह स्टारर 'इनकार' का फर्स्टर जारी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री ऋतिका सिंह की आगामी थ्रिलर फिल्म ह्यइनकारह्न का पहला पोस्टर गुरुवार को निर्माताओं ने जारी किया। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक कॉलेज गर्ल के जीवन पर आधारित बेहद रोमांचकारी फिल्म है । दिलचस्प पोस्टर में ऋतिका, मनीष झांझोलिया,संदीप गोयत ,सुनील सोनी और ज्ञान प्रकाश हैं । इनवॉक्स पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत और अंजुम कुरैशी दंवारा निर्मित,यह फिल्म तीन मार्च को हिदी,तेलुगु,तमिल ,कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है ।

## 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुयी शाहरूख की पठान

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म पठान 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो गयी है। यशराज बैनर तले बनी सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है।फिल्म पठान 25 जनवरी को रिलीज हुयी है। पठान के जरिये शाहरूख ने चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी की है। फिल्म पठान एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन सप्ताह पूरे कर लिए हैं। फिल्म 'पठान' भारत में हिंदी, तमिल और तेलुगू तीन भाषाओं में रिलीज हुयी है।

## खेसारी लाल यादव को लेकर फिल्म बनायेंगे कुलदीप श्रीवास्तव

**एजेंसियां**



**मुंबईः** सबरंग फिल्म अवार्ड के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि खेसारी लाल यादव को लेकर एक बेहतरीन फिल्म बन रही है और हमरा मकसद एक सार्थक सिनेमा बनाने का है । फिल्म का निर्माण भव्य पैमाने पर होगा जिसके लिए तैयारियां जारी है। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी पराग पाटिल के कंधे पर हैं, पराग पाटिल फिल्म के कहानी पर जोर शोर से काम कर रहे है। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि खेसारी लाल आज के दिनों में भोजपुरी सिल्वर स्क्रीन के सबसे बड़े स्टार हैं और सबसे ज्यादा प्रॉमिसिंग एक्टर भी हैं जिनको लेकर हम यह फिल्म बना रहे हैं। हमारी फिल्म की कहानी के केंद्र में खेसारी लाल यादव की भूमिका होगी। फिल्म को हम लोग बड़े स्केल पर शूट करने वाले हैं और फिर आगे की योजना भी हम आपसे शेयर करेंगे। अभी इतना कहना है कि सबरंग फिल्म प्रोडक्शन के बैनर से बेहद उम्दा फिल्म लेकर हम आने वाले हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

**बस पलटने से नौ यात्री गंभीर रूप से घायल**

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के झिरी गांव के पास आज एक बस अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार नौ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार मेहुति से जैतवारा जा रही एक निजी यात्री बस सुबह अनियंत्रित होकर झिरी गांव के निकट पलट गयी। हादसें मे घायल नौ लोगों को जिला अस्पताल मे दाखिल कराया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**रामबन में ट्रक खाई में पलटा,चालक की मौत**

**जम्मू :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सब्जियों से लदा एक ट्रक गहरी खाई में गिरने से ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ताजा सब्जियों से लदा ट्रक कल देर रात पंथ्याल के पास एक गहरी खाई में गिर गया, जिसमें वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि मृतक ट्रक चालक की पहचान पंजाब के तरनतारन निवासी शमशेर सिंह के रूप में हुयी है। चालक का शव बरामद कर लिया गया है।

**मार्बल कारोबारी के परिसरों पर आयकर विभाग के छापे**

**कटनी :** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में सुबह आयकर विभाग ने एक मार्बल कारोबारी के परिसरों पर दबिश दी। विभाग का दस्ता दस्तावेजों की जांच में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग ने राजस्थान के एक व्यापारी पर छापामार कार्रवाई की है। इसी तारतम्य में कटनी के मार्बल व्यापारी सुमित अग्रवाल के परिसरों पर भी दबिश दी गई है। कारोबारी सुमित अग्रवाल राजस्थान के व्यापारी जे पी अग्रवाल के संबंधी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों व्यापारी आपस में पार्टनर के तौर पर काम करते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**गबन के मामले में सात अभियुक्तों को सजा**

**अनूपपुर :** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की एक अदालत ने 43 लाख रुपए से अधिक के गबन के मामले में दोषी पाए गए सात अभियुक्तों को सजा सुनायी है। न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने कल इस मामले की सुनवायी के बाद दोषी ठहराए गए एक क्लर्क कृतज्ञ गोयल को आजीवन कारावास और छह शिक्षकों को दस-दस वर्ष की सजा सुनायी। अभियोजन के अनुसार दमेहड़ी स्कूल में पदस्थ क्लर्क कृतज्ञ गोयल द्वारा मई 2014 से जुलाई 15 के बीच स्कूल में पदस्थ शिक्षक सरिता सिंह, नीरज अग्रवाल, छोटेलाल जायसवाल, कुसुम सिंह विनोद नामदेव, प्रीतेच्छ कछवाहा, विकास निगम और मनीषा तिवारी के खातों में वेतन के अलावा 43 लाख 70 हजार रूपए की राशि ट्रान्सफर कर दी। इसके लिए बाबू गोयल ने फर्जी दस्तावेज भी बनाए थी। बाद में बाबू गोयल ने जब उक्त राशि शिक्षकों से वापस मांगी तो विवाद हुआ और मामला प्रकाश में आया। जांच में मामला सही मिला तो गबन की शिकायत पर अपराध कायम हुआ और सजा मिली।

**हत्या का खुलासा, पत्नी-प्रेमी सहित पांच गिरफ्तार**

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पत्नी-प्रेमी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने आज यहां बताया कि मुरैना जिले के पोरसा थाना क्षेत्र के गांव कोट निवासी रघुवीर सिंह भदौरिया ने 10 फरवरी को भिंड जिले के गोहद चौराहा थाने में मोनू भदौरिया की गुमशुदगी दर्ज करायी। मामले की जांच में गुमशुदा मोनू की पत्नी का शादी से पहले किसी अनुराग चौहान से प्रेम प्रसंग का पता चला।

**योजना** > रेलवे सहयोग परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में चर्चा हुई

# जल्द ही चीन की सीमा तक बिछेगी भारत की रेललाइन

- रेल लिंक भारत की सामरिक जरूरतों को तो पूरा करेगा
- रेल परियोजनाओं के लिए विशेष प्रस्ताव किये गये हैं

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली :** सरकार ने रेलवे के माध्यम से पड़ोसी देशों -चीन, नेपाल, बंगलादेश, म्यांमार एवं भूटान के साथ परस्पर संपर्क को सशक्त बनाने की परियोजनाओं को क्रियान्वित करने का फैसला किया है जिनमें सिक्किम में तिब्बत की सीमा पर नाथू ला दर्रे तक रेलवे लाइन बिछाने की योजना शामिल है। सूत्रों के अनुसार इस बार में बजट में रेलवे के प्रावधानों में नेपाल के साथ सात रेलवे लिंक, भूटान के साथ दो लिंक, म्यांमार के साथ कम से कम एक अहम लिंक और बंगलादेश के चटगांव बंदरगाह से साथ त्रिपुरा के बिलोनिया तक रेल लिंक के अलावा सिक्किम में रंगपो से गंगटोक तक 69 किलोमीटर लंबी तथा गंगटोक से नाथू ला तक 260 किलोमीटर तक रेल लिंक का संपर्क के लिए आरंभिक सर्वेक्षण के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की गयी है।

यह रेल लिंक भारत की सामरिक जरूरतों को तो पूरा करेगा ही। साथ ही शांति काल में तिब्बत के साथ सीमा व्यापार के विस्तार के अवसर भी खोलेगा। बजट के तुरंत बाद विदेश सचिव विनय मोहन कात्रा ने काठमांडू की यात्रा की और नेपाल के नेतृत्व के साथ भारत नेपाल विकास साझीदारी को बल देने के बारे में बात की और इसमें रक्सौल से काठमांडू सहित विभिन्न रेलवे सहयोग परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में चर्चा हुई। भारत के विदेश सचिव और नेपाल में उनके समकक्ष भरत राज पौडयाल के साथ हुई बैठक में सीमापार रेल और रोड कनेक्टिविटी पर बात हुई। इस दिशा में कार्य प्रगती की समीक्षा की गयी और इसे कैसे और तेजी से किया जाए इसपर बात हुई। इस बैठक में इस बात पर भी अधिक जोर दिया गया कि नेपाल की राजधानी काठमांडू तक ट्रैक बिछाने में आ रही व्यावहारिक परेशानियों को कैसे दूर किया जाए। रेल संपर्क के संबंध में दोनों पक्ष जयनगर-कुर्था-बिजलपुरा-बर्दीबास और जोगबनी-बिराटनगर रेल संपर्क के शेष खंडों को शीघ्र पूरा करने की सहमति बनी।

प्रस्तावित रक्सौल-काठमांडू रेल लिंक पर आवशयक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने की प्रतिबद्धता जतायी ताकि उनका शीघ्र कार्यान्वयन हो सके। गौरतलब है कि काठमांडू तक रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए चीन भी आतुर है। चीन के विस्तारवादी नीति और सामरिक दृष्टिकोण से काठमांडू तक चीनी रेल पहुंचाने की कवायद भारत के लिए बड़े जोखिम से भरी है।

## शाह,राजनाथ कर्नाटक में भाजपा की विजय संकल्प यात्रा में शामिल होंगे



**एजेंसियां**

**बेंगलुरू :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज कर्नाटक में पार्टी को फिर से सत्ता में लाने के वास्ते मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विजय संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक संकन्ल्प यात्रा एक मार्च को चार अलग-अलग स्थानों से शुरू होगी और 20 दिनों के बाद एक स्थान पर विशाल रैली के रूप में समाहित होगी।

यात्रा के दौरान लोगों से संवाद के लिए जनसभा, रोड शो और जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। रैली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा सहित कई अन्य नेता हिस्सा लेंगे। इससे पहले कर्नाटक भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बूथ विजय अभियान और विजय संकल्प अभियान का आयोजन किया था। कर्नाटक में इस साल विधानसभा चुनाव होंगे। । राज्य में मई-2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया, लेकिन येदियुरप्पा को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट का सामना करने से पहले इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस ने मिलकर एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनायी।

## मानसिक दिवालियापन नहीं,कुटिलता दिखा रही है कांग्रेस : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर कुटिलता दिखाने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि पार्टी लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। चौहान ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। फोर्टिफाइड चावल पोषण के लिए जरूरी है, लेकिन उस चावल को कांग्रेस प्लास्टिक का चावल बता रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी कितना झूठ बोलेंगे। यह कुकृत्य और पाप है, ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस के भ्रम फैला देने से लोग ये चावल नहीं खायेंगे, जो उनके स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही कांग्रेस ने पिछले चुनाव के पहले किया था। भाजपा सरकार ने जो जूते दिए थे उसे कैंसरकारक कह कर भ्रम फैलाया था। यह कांग्रेस का केवल मानसिक दिवालियापन नहीं, बल्कि कुटिलता है। जनता के साथ छल और प्रपंच है। दरअसल कल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने आरोप लगाया था कि सरकार की ओर से राशन की दुकानों पर प्लास्टिक के चावल का वितरण किया जा रहा है।

## सरिस्का में लाया जाएगा भालुओं का जोड़ा

**एजेंसियां**

**अलवर :** राजस्थान के अलवर जिला स्थित सरिस्का वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में अब पर्यटकों को बाघ, चीतल सहित अन्य जंगली जानवरों के साथ भालू भी दिखाई देंगे। वन विभाग की ओर से इन सेंचुरी में 4 भालू छोड़े जाएंगे। ये भालू राजस्थान के जालोर जिले में स्थित सुंधा माता एरिया से पकड़कर लाए जाएंगे। सरिस्का के फील्ड डायरेक्टर आरएन मीणा के मुताबिक भालू का जोड़ा लाने से उम्मीद है कि उनका संरक्षण करके इनकी संख्या में भी इजाफा किया जा सके। सरिस्का में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, इनमें कई पर्यटकों को बाघ दिखते तो कई को नहीं दिखते। ऐसे में पर्यटकों को भालू दिखेंगे तो उनके लिए ये रोमांचकारी होगा। सूत्रों के मुताबिक के मुताबिक जिन भालू को रेस्क्यू करके लाया जाएगा उनके रेडियोकॉलर लगाया जाएगा। ताकि उन भालू की रियलटाइम मॉनिटरिंग की जा सके। साल 2013 में भी एक भालू रेस्क्यू करके सरिस्का छोड़ा गया था, लेकिन तब उसकी रेडियोकॉलर लगाकर मॉनिटरिंग नहीं की गई थी और उसके बाद से वो भालू गायब हो गया। वर्तमान में जालौर और सिरोही के आबू, जालौर एरिया में भालू बड़ी संख्या में मिलते है। कई बार ये भालू जंगलों से बाहर आकर मानव बस्तियों तक पहुंच जाते है। इस कारण यहां लोगों को भालू के हमले का भी खतरा रहता है। ऐसे भालुओं की शिफ्टिंग ये यहां इस समस्या का कुछ हद तक समाधान भी होगा।

## नाइजीरिया में नकदी की कमी से आम जनता नाराज



**एजेंसियां**

**अबूजा :** नाइजीरिया में भी भारत जैसी स्थिति है। भारत में जब अचानक नोटबंदी की घोषणा की गयी थी। उस वक्त ऐसा ही नजारा देखने को मिला था। अब यहां लोग बैंकों के बाहर सोने लगे हैं। वे कैश मशीन से नोटों को सुबह लोड होने के बाद प्राप्त करने के लिए कतार में बने रहना चाहते हैं। नए डिजाइन किए गए नायरा नोटों की कमी के कारण नकदी की कमी हो गई है और उन लोगों में चिंता की भावना बढ़ रही है। यहां की 40% आबादी के पास बैंक खाते नहीं हैं। लोगों की इस परेशानी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पुराने नोटों को सौंपने की समय सीमा बढ़ाई जाए लेकिन इससे बहुत कम फर्क पड़ा है। यहां के लोग लंबे समय से ईंधन की कमी के आदी हो गए हैं, जिसके कारण पेट्रोल स्टेशनों से कारों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लेकिन अब बैंकों के बाहर निराश, भ्रमित और क्रोधित लोगों की लंबी कतारें आम हो गई हैं क्योंकि देश में महीने के अंत में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। लोगों की शिकायत है कि हर जगह दुकानदारी नकदी मांग रहा है और लोगों के पास नकदी नहीं है। लोग अपना कारोबार चालू रखने के लिए भी माल नहीं मंगा पा रहे हैं। नाइजीरियाई लोगों को पिछले अक्टूबर में बताया गया था कि पुराने नोटों को नए नोटों से बदला जा रहा है और उन्हें बैंक में कोई भी नकद बचत जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सरकार ने लोगों से सारा पैसा अपने खातों में डाल दिया और अब लोग इसे वापस नहीं पा रहे हैं।

**पर्यावरण** > वैज्ञानिक चेंग ने अध्ययन के महत्व को समझाते हुए कहा कि

# विश्व भर में समुद्र की गर्मी में रिकार्ड वृद्धि

- मानव-उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में बना रहता है
- 2022 अब तक के इतिहास में सबसे गर्म साल रहा

**राष्ट्रीय खबर**



**बीजिंग :** विश्व भर में समुद्र की गर्मी में रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज की गयी है और 2022 अब तक के इतिहास में सबसे गर्म साल रहा। हाल ही में एक ताजा अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन वायुमंडलीय विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय पत्रिका एडवांस के अनुसार, मुख्य रूप से चीन, अमेरिका और इटली में 16 संस्थानों के 24 वैज्ञानिकों की एक टीम वायुमंडल में बढ़ती गर्मी का कारण जानने पर अध्ययन किया था।

अध्ययन के मुताबिक गर्म समुद्र के स्तर में वृद्धि होना इस खतरे का अंदेशा है कि महासागरों में जब ज्यादा गर्मी बढ़ जाती है तब वे कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है। जिससे अधिक मानव-उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में बना रहता है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। चीनी विज्ञान अकादमी के तहत वायुमंडलीय भौतिकी संस्थान में अध्ययन और शोधकर्ता चेंग लिजिंग ने कहा कि वर्ष 2021 की तुलना में 2022 सबसे गर्म वर्ष रहा। पृथ्वी के महासागरों के ऊपरी दो हजार मीटर ने बड़ी मात्रा में गर्मी को अवशोषित किया है। जलवायु परिवर्तन की मात्रा निर्धारित करने के लिए महासागर का गर्म होना एक प्रमुख संकेतक है क्योंकि 90 प्रतिशत से अधिक वैश्विक गर्मी महासागरों में समाप्त हो जाती है। वैज्ञानिक मानते हैं कि महासागरों के भीतर गर्मी में वृद्धि ग्लोबल वार्मिंग का और सबूत है।

वैज्ञानिक चेंग ने कहा कि 2017 के बाद से हर साल समुद्र के गर्म होने का रिकॉर्ड टूट रहा है। वैज्ञानिक चेंग ने अध्ययन के महत्व को समझाते हुए कहा कि अगर दुनिया को आगामी वर्षों में गर्मी से बचाना चाहते हैं तो समुद्र की गर्मी और लवणता में बदलाव को लेकर जागरूकता फैलाना जरूरी है,जिससे जलवायु परिवर्तन से निपटा जा सके।

## न्यूज फटाफट

**गुटेरेस ने तुर्की भूकंप प्रभावितों की सहायता के आगे आने का संदेश भेजा**

**वाशिंगटन :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को तुर्की भूकंप पीड़ितों के लिए 'तुर्की वन हार्ट' के नए अभियान का एकजुटता संदेश भेजा। गुटेरेस ने अपने वीडियो संदेश की शुरुआत तुर्की में अभिवादन के साथ की और कहा,''प्रिय मित्र, और सेवगिली दोस्त्लर, तुर्की के लोगों के साथ अपनी गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करता हूँ,जो दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक का इस समय सामना कर रहे हैं।'-'संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देते हुए कहा,''आप अकेले नहीं है। संयुक्त राष्ट्र आपके साथ है और हम सभी आपकी सहायता के लिए आपके साथ हैं।''उन्होंने कहा,''जब मैं तुर्की की पीड़ा और विनाश की छवियों को देखता हू, तो मैं उन लोगों और स्थानों को अपने आप को देखता हू जिन्हें मैं अपनी तरह से मानता हू और अच्छी तरह से जानता हू।''उन्होंने इससे पहले भी कई बार भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के बारे में याद किया और कहा। गेटेरेस ने कहा, ''मैं उन लोगों की गर्मजोशी और उदारता को कभी नहीं भूलूंगा, जिनसे मैं मिला हू।''उन्होंने कहा कि तुर्की दुनिया में शरणार्थियों की सबसे बड़ी संख्या का घर है और तुर्की के लोगों की 'सीरियाई पड़ोसियों के साथ उदारता' की प्रशंसा करता हू। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, ''अब मैं दुनिया से आपकी मदद करने का आग्रह कर रहा हू, जैसे आपने वर्षो से जरूरतमंद लोगों की मदद की है। गुटेरेस ने कहा तुर्की की जरूरतें बहुत अधिक हैं, लेकिन कृपया जान लें कि हम आपकी सहायता के लिए वह सब कुछ करेंगे जो हम कर सकते हैं और हम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी ऐसा करने की अपील करते हैं।'' गौरतलब है कि तुर्की में गत सप्ताह आए दो विनाशकारी भूकंप के झटकों में कम से कम 35,418 लोगों की मौत हो गयी है और 1,05,505 लोग घायल हुए हैं। छह फरवरी को देश के दक्षिणी हिस्से में रिक्टर पैमाने पर 7.7 और 7.6 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप के झटके आये थे। भूकंप का केन्द्र कहरामनमारस और नौ अन्य प्रांतों हटे, गाजियांटेप, आदियमान, मालट्या,अदाना,दियारबकीर,किलिस,उस्मानिया, और सनलिउर्फा में था। पिछले सप्ताह की शुरूआत में सीरिया में भी आए शक्तिशाली भूकंप के झटके में मरने वालों की संख्या 3688 हो गयी और 14,479 लोग घायल हो गए हैं।

**चंबल रिवर फ्रंट पर वीआईपी टेंट सिटी विकसित होगी**

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में बन रहे चंबल रिवर फ्रंट पर बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए वीआईपी टेंट सिटी का विकास किया जाएगा। कोटा नगर विकास न्यास मंडल की न्यास चेयरमैन ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में तय किया कि चंबल रिवर फ्रंट पर सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पर्यटकों के लिए वीआईपी टेंट सिटी विकसित की जाएगी ताकि पर्यटकों को रिवर फ्रंट पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। देश में वाराणसी एवं अन्य स्थानों पर इसी तरह के वीआईपी टेंट सिटी विकसित हैं। चंबल रिवर फ्रंट के पूर्वी छोर पर एक घाट का स्थान होटल के लिए आरक्षित किया गया है। बैठक में दुनिया के पहले हैरिटेज चंबल रिवर फ्रंट के विस्तार का प्रोजेक्ट ग्रीन फील्ड रिवर फ्रंट जो नयापुरा से रेलवे ब्रिज तक प्रस्तावित है, की डीपीआर बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, चंबल रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को निर्धारित मापदंडों के अनुसार समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

**सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में घुसपैठिये को मार गिराया**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बुधवार देर रात सुरक्षाबलों ने सीमा पार से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे एक घुसपैठिए को मार गिराया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के अनुसार तंगधार सेक्टर के सैदपोरा में घुसपैठ करने वाले एक समूह की बारे में पता चला। सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने सैदपोरा अग्रिम क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले एक समूह को घुसपैठ करने से रोका। संयुक्त टीम को नजरअंदाज कर घुसपैठिए सीमा पार से भारत सीमा में घुसने की कोशिश करने पर सुरक्षा बलों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। मारे गए घुसपैठिये की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। इस साल कश्मीर में घुसपैठ करने की घुसपैठियों की यह पहली कोशिश थी जिसे सुरक्षा बलों ने समय रहते नाकाम कर दिया।

**जापान में 26 अरब अमेरिकी डालर का व्यापार घाटा दर्ज**

**टोक्यो :** जापान में उर्जा की बढ़ती लागत और निर्यात की धीमी गति के कारण बीते जनवरी में 26 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया है। जापान सरकार की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। जापानी वित्त मंत्रालय के मुताबिक जनवरी में देश का व्यापार घाटा 3.5 ट्रिलियन येन (26.16 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। इसी अवधि में आयात 17.8 प्रतिशत बढ़कर 10.05 ट्रिलियन येन (75.13 अरब डॉलर) हुआ जबकि निर्यात 3.5 प्रतिशत बढ़कर 6.55 ट्रिलियन येन (48.96 अरब डॉलर) हुआ। मंत्रालय ने कहा कि उसने अमेरिका के साथ 280.7 अरब येन (2.09 अरब डॉलर) का मामूली अधिशेष प्राप्त किया।

कार्यालय जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी, लोहरदगा
निविदा संख्या - 03/2022 - 23 (MMDP -VBD)
शुद्धि पत्र
पत्रांक 72/ दिनांक 15.02.2023।
जिला भी०बी०डी० कार्यालय, लोहरदगा द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR 289747 (Lohardaga) 22-23 (D) का पत्रांक 67 दिनांक 08.02.2023 समझा जाय।
ह0/
जिला भी०बी०डी० पदाधिकारी, लोहरदगा
PR290458 (Lohardaga)22-23*D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar
E-Procurement short Tender Notice (SBD)
Tender Reference No. DWSD/LTR/NET/IB-12/2022-23 (1st Call)
Date – 16.02.2023

| | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Proposed Construction of Guest House at Neterhat For Drinking Water & Sanitation Dept. Jharkhand for F.Y 2022-23 |
| 02 | Eastimated Cost | Rs. 29781097.00 |
| 03 | Cost of BOQ | Rs. 10000.00 |
| 04 | Earnest Money | Rs. 300000.00 |
| 05 | Time of Completion | Twelve (12 Month) |
| 06 | Date of Tender Uploading in Website | 25.02.2023 AT 3:00 PM |
| 07 | Date of Pre Bid Meeting | 27.02.2023 at (12:30 P.M) In Office of RCE D.W & S Dep Ranchi Zone Ranchi Jharkhand |
| 07 | Date of starting submition of Bid | 27.02.2023 AT 3:00 PM |
| 08 | Last date receipt of Bid | 05.03.2023 to 5:00 PM |
| 09 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 06.03.20223 up to 5:00 PM in the Office of – 1. Executive Engineer D.W. & S. Division, Latehar 2. Superintending Engineer, D.W. & S. Circle, Medininagar 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi. |
| 10 | Date of Opening Tender | 08.03.2023 at 2:00 PM |
| 11 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer D.W. & S. Division, Latehar (Jharkhand) |
| 12 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer D.W. & S. Division, Latehar (Jharkhand) |
| 13 | Contact No. of Procurement Office | 9430725642, , 6201242103 |

• Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
• Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
PR.NO.290516 Drinking Water and Sanitation(22-23):D
Executive Engineer D.W. & S. Division, Latehar

## दल अध्ययन यात्रा पर ओडिशा रवाना

रांचीः झारखंड के चार जिलों चतरा, लातेहार, सरायकेला व गोड्डा के 28 मत्स्य कृषक ओडिशा राज्य भ्रमण के लिए रवाना हुए। संयुक्त मत्स्य निदेशक मनोज कुमार ने मत्स्य कृषकों को पांच दिवसीय भ्रमण के लिए भुवनेश्वर रवाना किया। इस संबंध में मत्स्य निदेशालय के संयुक्त निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि अध्ययन सह स्थल भ्रमण यात्रा में मत्स्य कृषक ओडिशा राज्य में हो रहे मात्स्यिकी संबंधित कार्यों का अवलोकन करेंगे।

**हड़ताल** कृषि उपज और विपणन विधेयकः डेढ़ लाख व्यापारी हड़ताल पर

# सरकार को रोजाना 200 करोड़ से अधिक का नुकसान

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** कृषि उपज और विपणन विधेयक के विरोध में दो दिनों से खाद्यान्न बाजार बंद है। राज्य की 28 मंडियां बंद की गयी है। इसके साथ ही फल, सब्जी की मंडियां भी बंद हैं। विरोध की अगुवाई चैंबर ऑफ कॉमर्स कर रहा है। चैंबर ऑफ कॉमर्स की मानें तो इस बंदी से सरकार को रोजाना करीब 200 से 250 करोड़ के राजस्व का नुकसान है। महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने बताया कि राज्य भर में कारोबार बंद है। राइस फ्लोर मिल्स और फल सब्जी भी बंद कर दिया गया है। जिससे नुकसान करोड़ों में है। कारोबार प्रभावित होने के साथ ही, राज्य में और दो दिनों के अंदर खाद्यान्न संकट भी गंभीर हो जायेगा। इधर, सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। क्योंकि व्यापारियों की मांग है कि विधेयक के तहत लगने वाला शुल्क खत्म किया जाय। इस आंदोलन के तहत व्यापारियों ने खाद्यान्न के लिये ऑर्डर देना भी बंद कर दिया है।

चावल छोड़कर किसी भी खाद्यान्न में राज्य की पूर्ण निर्भरता नहीं है। ऐसे में प्रमुख खाद्यान्न अन्य राज्यों से मंगाये जाते हैं। प्रतिदिन अनाज की खपत के अनुसार ही व्यापारी अनाज के लिये ऑर्डर भी करते हैं। प्रतिदिन अनाज खपत में चावल 3500 टन, गेंहू 2500 टन, आलू 1500 टन, प्याज 800 से 1000 टन, दालें 700 से 800 टन, खाद्य तेल की खपत है। इसी अनुपात में व्यापारी प्रतिदिन अनाज के लिये ऑर्डर देते हैं। जो फिलहाल बंद है। व्यापरियों की मानें तो अगर सरकार समय रहते निर्णय नहीं लेती है, तो स्थिति गंभीर होगी। जबकि राज्य में अधिकतम सप्ताह भर का स्टॉक उपलब्ध है। हड़ताल में राज्य भर के डेढ़ लाख व्यापारियों का समर्थन है। इन व्यापारियों ने अपनी दुकानें भी बंद कर दी।

सिर्फ, थौक खाद्यान्न व्यापारियों के आंकड़े की मानें तो अलग अलग मंडियों को मिलाकर इनकी संख्या लगभग 70 हजार है। वहीं, इस आंदोलन को फल सब्जी, राइस फ्लोर मिलरों ने भी समर्थन दिया है। समर्थन देने वालों में आलू प्याज विक्रेता संघ, हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी का समर्थन है। वहीं, रिटेलर खाद्यान्न दुकानों ने समर्थन दिया है। लेकिन इन दुकानों में राशन के साथ अन्य सेवाएं उपलब्ध होने के साथ अन्य सेवाएं मिलने के कारण इन्हें बंद नहीं किया जा सकता।

## पूजा सिंघल ने ईडी कोर्ट में लगाई हाजिरी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल कोर्ट में गुरुवार को हाजिरी लगाई। बता दें कि पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है जिसे लेकर वह बीते दिनों जेल से बाहर निकली है। वहीं मामले अन्य आरोपी सुमन कुमार एवं राम विनोद प्रसाद सिन्हा जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने ईडी की अदालत में इन तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं। ईडी ने 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। 11 मई को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था।

## जम्मू बॉर्डर में तैनात जवान के पिता का मुफ्त में हुआ इलाज

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कोकर चौक स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल स्वास्थ्य सेवा में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हॉस्पिटल में मरीजों को सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही है। इस बीच हॉस्पिटल में सेना में तैनात जवान के पिता का इलाज फ्री में किया गया है, जिसका खर्च 2 लाख आता है। बोकारो निवासी आर्मी के जवान के पिता सहदेव यादव को कोरोनरी एंजियो और पेसमेकर फ्री में लगाया गया है। सहदेव यादव का बेटा जम्मू कश्मीर बॉर्डर पर तैनात है। 12 फरवरी को सीने में दर्द और बार-बार बेहोशी की शिकायत के बाद सैमफोर्ड लाया गया। कार्डियक के डॉ दीपक गुप्ता और उनकी टीम ने मरीज को पहले अस्थाई पेसमेकर लगाया। मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए परमानेंट पेसमेकर लगाया गया। डॉ दीपक कुमार गुप्ता और डॉ आशुतोष कुमार ने मरीज का इलाज किया।डॉ दीपक ने बताया कि मरीज का पूर्व में सीएमसी वेल्लोर से इलाज चल रहा था। परमानेंट पेसमेकर लगाने के लिए सैमफोर्ड हॉस्पिटल की तरफ से डिस्काउंट देने के लिए सेना के जवान ने फोन किया। इसके बाद डॉ दीपक गुप्ता ने मैनेजमेंट से बात की और पूरा पैसा माफ कर दिया गया। साथ ही कहा कि सेना को सम्मान देते हुए उनका इलाज पूरी तरह से बिना पैसे का किया गया है। सीईओ डॉ धनंजय कुमार ओझा ने बताया कि मरीज का बेटा सेना में सेवारत है और वह गरीब है। यह जानने के बाद मैनेजमेंट की ओर से उनको सम्मान दिया गया है।

## विभाग और प्रशासन रहा कन्फ्यूज, इधर कोर्ट ने कहा जमीन अग्रवाल की, तीन हफ्ते में हो म्यूटेशन

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**झारखंड में जमीन की खरीद-बिक्री कैसी होती है, इसका एक जीता-जागता उदाहरण है रांची जिले के नामकुम अंजल के पुगड़ु मौजा का 9.30 एकड़ जमीन। करीब चार सालों तक भू-जस्व और जिला प्रशासन कन्फ्यूजन रहा और आखिर में हाईकोर्ट को कहना पड़ा कि जमीन न्युक्लियस के मालिक विष्णु अग्रवाल की है। कोर्ट ने यह भी कहा कि विष्णु अग्रवाल सात तीनों के अंदर जमाबंदी के लिए आवेदन करें और तीन हफ्तों के अंदर अंचल अधिकारी म्यूटेशन कायम करें। यह मामला मीडिया में भी काफी छाया रहा। लेकिन न्यूज विंग आपको बताने जा रहा है कि कैसे भू-राजस्व विभाग और जिला प्रशासन इस मामले में कन्फ्यूज रहा। एक-दूसरे पर दोषारोपण करता रहा और यह जमीन खास महल की सूची से निकलकर अब पूरी कानूनी तरीके से विष्णु अग्रवाल की हो गयी। रांची जिले के नामकुम अंचल के पुगड़ु मौजा की खाता संख्या 543, 544 और 546 कुल 9.30 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल ने नौ अक्टूबर 2019 को करायी। इसके बाद से ही सारा खेल शुरू हुआ। रजिस्ट्री होने के बाद से ही सारा खेल शुरू हुआ। विभाग ने तत्कालीन रांची के डीसी राय महिमापत रे से इस मामले पर रिपोर्ट मांगी। विभाग ने पूछा कि क्या यहब जमीन खासमहल की सूची में आती है। श्री रे ने मामले पर आठ जनवरी 2020 को विभाग को जवाब दिया। उन्होंने लिखा कि डीसीएलआर ने 15/05/2015 और मैंने 13/08/2019 को जो खासमहल की सूची रांची जिला निबंधक को सौंपी उसमें पुगड़ु वाली जमीन खासमहल की सूची में नहीं है। इसी मामले पर फिर से एक बार तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने 05/12/2020 विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में डीसी छवि रंजन ने साफ लिखा कि मामले पर उन्होंने तीन सदस्यीय विशेष जांच समिति का गठन किया। जांच समिति की अध्यक्षता अपर समाहर्ता (एसी) कर रहे थे। एसी ने अपनी जांच रिपोर्ट ने कहा कि 10/12/2013 को ही जमीन की लीज नवीकरण के लिए आयुक्त के सचिव को आवेदन दिया गया था। 01/04/2014 से अगले तीस सालों के लिए लीज नवीकरण का अनुरोध किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह जमीन खासमहल की है। इसके अलावा अपर समाहर्ता ने भी साफ लिखा कि डीड और अंचल अधिकारी की जांच रिपोर्ट के अध्ययन से यह साफ होता है कि जमीन खासमहल प्रकृति की है। तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि इससे पहले भी तत्कालीन डीसी ने राज्य बनाम मूबारक हुसैन मामले में जमाबंदी को रद्द करने का आदेश दिया था। डीसी ने आगे लिखा कि 27/11/2020 को खासमहल पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता से जमीन के संबंध में पूछा गया।

### बच्चू यादव की जमानत पर 13 मार्च को होगी सुनवाई

**रांची :** पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 मार्च निर्धारित की है। जमानत याचिका में उनकी ओर से कहा गया है उन्हें जिस मामले में जिस केस में ईडी ने आरोपी बनाया है उसमें यह शामिल नहीं है। बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/2020 में इनका नाम नहीं है। इनके खिलाफ जितने भी केस है उसमे उन्हें जमानत मिल गई है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बच्चू यादव की जमानत अर्जी ईडी कोर्ट पूर्व में खारिज कर चुकी थी। बच्चू यादव की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने जमानत याचिका फाईल की है।

### सीएम आवास घेराव करने जा रही सहियाओं को पुलिस ने रोका

**रांची :** सेवा स्थायी करने और मानदेय में बढ़ोत्तरी सहित अन्य मांगों को लेकर राज्य भर की सहिया आज रांची के मोरहाबादी मैदान में जुटी। लंबे समय से मांगों को आवाज उठाने वाली सहियाओं ने आज मुख्यमंत्री आवास घेराव करने पहुंची थी। राज्य के विभिन्न जिला से मोरहाबादी में हजारों की संख्या में जुटने के बाद सहिया पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर निकली। इस दौरान सहिया अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी करती रहीं। सहियाओं ने राज्य सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे पैदल मार्च को रोकने के लिए पुलिस की ओर से डीसी आवास के समीप बैरिकेटिंग कर दी गयी थी। वहां पर भारी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती भी की गयी थी। सहियाओं का पैदल मार्च जैसे ही बैरिकेटिंग के पास पहुंचा, पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद दोनों ओर से हल्की धक्का मुक्की हुई। इसके बावजूद पुलिस के जवानों और अधिकारी पैदल मार्च को आगे नहीं बढ़ने दिया। इसके बाद सहियाओं ने अपनी मांगों के समर्थन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सहियाओं न बताया कि वे अपनी सेवा स्थायी करने, मानदेय में बढ़ोत्तरी, बीमा योजना सहित अन्य सुविधा देने की मांग सरकार से कर रहे है। लेकिन राज्य सरकार उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिस कारण बाध्य होकर हमलोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा। कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी हमारा आंदोलन चलता रहेगा।

### प्रभावित होगी गोड्डा में होम गार्ड बहाली

**रांची :** गोड्डा जिले में होम गार्ड बहाली को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका के फैसले से नियुक्तियां प्रभावित होंगी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव अभिषेक और प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता पीपीएन रॉय और अधिवक्ता रंजन प्रसाद ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट अब इस मामले की सुनवाई 6 सप्ताह बाद करेगा।

## तीन पुलिसकर्मियों की हत्या केस में नक्सली अमन गंझू से एनआईए करेगी पूछताछ

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** लातेहार जिला स्थित लुकुइया मोड़ में चंदवा थाना की पीसीआर वैन पर नक्सलियों ने हमला किया था, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए थे। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। मामले की जांच के क्रम में एनआईए नक्सली अमन गंझू से पूछताछ करेगी। एनआईए को अमन गंझू की पांच दिन की रिमांड मिली है। नक्सली अमन गंझू ने झारखंड पुलिस के समक्ष बीते 28 दिसंबर 2022 को आत्मसमर्पण किया था। अमन गंझू मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद जिला के ढिबरा थानाक्षेत्र अंतर्गत भूपनगर गांव का रहने वाला है। अमन गंझू लंबे समय तक झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर अवस्थित बूढ़ा पहाड़ इलाके में सक्रिय रहा था। बता दें कि 22 नवंबर 2019 को एक शाम लातेहार जिला स्थित लुकुइया मोड़ में चंदवा थाने की पीसीआर वैन पर नक्सलियों ने हमला किया था। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए थे। नक्सली अमन गंझू इस समय रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (होटवार) में बंद है। एनआईए उसे 20 फरवरी को रिमांड पर लेगी। 25 फरवरी तक पूछताछ के पश्चात उसी दिन 11 बजे उसे वापस कोर्ट में पेश करना होगा। एनआईए ने भी अमन गंझू पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

**चेतावनी** संबंधित धाराओं के साथ चालान आपके घर पहुंचेगा

## फोन पर बात करते ड्राइव और बिना सीट बेल्ट कार सवार हो जाएं सावधान

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** जिले में ड्राइव के दौरान फोन पर बात करते, बाइक पर ट्रिपल सवार, बिना हेलमेट ड्राइव करते या फिर बिना सीट बेल्ट लगाये कार चलाते हैं तो सावधान हो जाए। इसकी वजह है कि ट्रैफिक नियमो का उल्लंघन करने वालों को ट्रैफिक पुलिस के जवान रोकेंगे नहीं। संबंधित धाराओं के साथ चालान आपके घर पहुंचेगा। रांची में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर सैकड़ों की संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाये गए हैं। इस तीसरी आंख की मदद से यातायात नियमों के उलंघन करने पर नजर रखी जाएगी। फिलहाल रांची में यह व्यवस्था सिर्फ रेड लाइन जम्प करने पर है। लेकिन अब यातायात नियमों के फाइन पर आटोमेटिक चालान जनरेट होगा।

रांची में अब किसी भी तरह से ट्रैफिक नियम तोड़ना वाहन चालकों को भारी पड़ेगा। इसके लिए रांची के 18 चौक-चौराहों पर लगे ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडिंग कैमरा के जरीए पकड़ा जाएगा। वाहन के नंबर के जरीए ट्रैफिक पुलिस उनका डिटेल निकालेगी। इसके बाद चालक को चालान भेजा जाएगा।

राजधानी में अब तक सिर्फ रेड लाइट जम्प करने पर आटोमेटिक चालान जनरेट होता था। लेकिन अब ड्राइव करते समय मोबाइल पर बात करने, बाइक पर ट्रिपल सवार, बिना हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट नहीं लगाने पर आटोमेटिक ही चालान जनरेट हो जाएगा। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इस सम्बंध में सारी तैयारी पूरी कर ली गई। आने वाले महीने तक नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के जरीए ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वाले पर नजर रखी जाएगी।

आटोमेटिक नंबर प्लेट रीडिंग करने वाली कैमरा मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइव करने वाले, बिना हेलमेट, बिना सीट वेल्ट और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने वाले को पकड़ेगा। संबंधित गाड़ी का नंबर प्लेट का फोटो कंट्रोल रूम में आयेगा। कंट्रोल रूम में रजिस्ट्रेशन नंबर के जरीए पुलिस चालक का डिटेल निकालेगा। इसके बाद डाक के माध्यम से संबंधित चालक को चालान भेजा जाएगा। बता दें कि आरएलवीडी कैमरा के जरिये चालकों के वाहन का फोटो खींचकर ट्रैफिक कंट्रोल रूम भेजा जाएगा।


